3 बस्तर संभाग
कृषि उपज मंडी के नवनियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ...

6 अभिमत
विधि निर्माताओं के पालाबदल की समस्या

10 संस्कारधानी
छात्रा की आत्महत्या मामले में अपराध दर्ज करने में कांप ...

11 विदेश-व्यापार
तालिबान ने 21 साल बाद खोद निकाली मुल्ला ...

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ


# पायनियर

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, गुरुवार 7 जुलाई 2022 पृष्ठ-12 वर्ष-06, अंक- 316 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### पीएम मोदी करेंगे अखिल भारतीय शिक्षा समागम का उद्घाटन



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को वाराणसी में तीन दिवसीय अखिल भारतीय शिक्षा समागम का उद्घाटन करेंगे जिसमें सरकारी एवं निजी क्षेत्र के 300 से अधिक शिक्षाविद राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन को प्रभावी एवं परिणामकारी बनाने के लिए विचार मंथन करेंगे। शिक्षा मंत्रालय द्वारा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग और काशी हिंदू विश्वविद्यालय के सहयोग से आयोजित इस तीन दिवसीय सम्मेलन में सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के विश्वविद्यालयों के 300 से अधिक कुलपतियों और निदेशकों, शिक्षाविदों, नीति निर्माताओं के साथ-साथ उद्योग के प्रतिनिधियों को भी यह विचार-विमर्श करने के लिए एक साथ एक मंच पर लाएगा कि पिछले दो वर्षों में कई पहलों के सफल कार्यान्वयन के बाद देश भर में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के कार्यान्वयन को कैसे और आगे बढ़ाया जा सकता है।

### हिमाचल में बादल फटने से तबाही, कई लापता

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में मणिकर्ण के पास बादल फटने से कम से कम चार से छह लोग लापता हो गये। पुलिस अधीक्षक गुरुदेव सिंह ने यह जानकारी दी। सिंह ने कहा कि यहां मणिकर्ण घाटी के चोझ गांव में भारी बारिश और बादल फटने से आई बाढ़ में चार से छह लोग और कई मवेशी बह गए। इस दौरान कसोल-जयमाला रोड पर हुए भूस्खलन के बाद एक बचाव दल चलाल पंचायत के चोझ गांव के रास्ते में फंस गया है।

### पुणे-सतारा राजमार्ग पर मार्च तक बनेगी छह लेन की सुरंग : गडकरी

**नई दिल्ली।** सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि पुणे-सतारा राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-4 के खंभातकी घाट पर छह लेन की सुरंग पर तेजी से काम चल रहा है और मार्च तक इस पर निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा। गडकरी ने ट्वीट कर यह जानकारी देते हुए बताया कि इस मार्च पर तीन लेन वाली एक जोड़ी यानी कुल छह लेन की सुरंग का निर्माण किया जा रहा है और इस पर तेज गति से काम चल रहा है।

# घरेलू रसोई गैस सिलेंडर के दाम में 50 रुपए की बढ़ोतरी

वार्ता नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



पहले ही महंगायी से जूझ रहे आम आदमी पर बुधवार को घरेलू रसोई गैस सिलेंडर के दाम 50 रुपये बढ़ा दिये जाने से बोझ और बढ़ गया। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी) की अधिसूचना के अनुसार घरेलू गैस के दाम में बढ़ोतरी के बाद दिल्ली में गैर-सब्सिडी वाले 14.2 किलोग्राम वाले सिलेंडर की कीमत 1,053 रुपये हो गयी। इसकी कीमत कोलकाता में 1,079 रुपये, मुंबई में 1,052 और चेन्नई में 1068 रुपये पर पहुंच गयी है। इससे पहले 19 मई, सात मई और 22 मार्च को दामों में बढ़ोतरी की गयी थी।

इस दौरान पांच किलोग्राम सिलेंडर के दाम में भी बढ़ोतरी की गयी जबकि 19 किलोग्राम वाले व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडर के दाम घटाए गए हैं। कंपनी ने कहा कि घरेलू पांच किलोग्राम वाले सिलेंडर के दामों में 18 रुपये का इजाफा हुआ है और 19 किलोग्राम के व्यावसायिक सिलेंडर के दाम में 8.50 रुपये की कमी की गयी है इस बढ़ोतरी के बाद से दिल्ली में 19 किलोग्राम सिलेंडर के दाम 2,012.50 रुपये, कोलकाता में 2,132 रुपये, मुंबई में 1972.50 रुपये और चेन्नई में 2,177 रुपये हो गए हैं। इस माह दूसरी बार व्यावसायिक सिलेंडर के दाम में परिवर्तन हुआ है। पेट्रोल-डीजल के दाम हालांकि स्थिर रहे।

### रसोई गैस की कीमत फिर बढ़ी, गरीब की तोड़ी कमर : प्रियंका



कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार आवश्यक वस्तुओं की कीमत लगातार बढ़ा रही है और रसोई गैस सिलेंडर की कीमत फिर बढ़ाकर उसने गरीबों की कमर तोड़ दी है। वाड्रा ने कहा कि एक तरह यह सरकार गरीबों के कल्याण की बात करती है और दूसरी तरफ गरीबों का निवाला छीनती है। सरकार ने पिछले दो, तीन दिन में खाने-पीने की आवश्यक वस्तुओं पर जीएसटी में पांच प्रतिशत की बढ़ोतरी करके गरीबों की रोटी छीनने का काम कर दिया है। उन्होंने ट्वीट किया 'भाजपा व उसके पूंजीपति मित्रों के जनता से लूट-लूट कर खाने के दांत कुछ और हैं, दिखाने के कुछ और, कार्यकारिणी बैठक में 'गरीब कल्याण' बोलकर पिछले 2-3 दिनों में आटा, अनाज, दही, पनीर पर 5 प्रतिशत गब्बर सिंह टैक्स (जीएसटी) लगा दिया आज रसोई गैस पर 50 रु और बढ़ा कर गरीब-मध्य वर्ग की कमर तोड़ दी।'

### रसोई गैस की कीमत को लेकर माकपा ने केंद्र को घेरा



भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) ने घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में भारी बढ़ोतरी को लेकर केंद्र की भारतीय जनता पार्टी( भाजपा) नीत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार लोगों की आजीविका पर हमला कर रही है।' माकपा महासचिव सीताराम येचुरी ने एक ट्वीट में कहा कि लोगों की आजीविका पर मोदी सरकार के हमले बेरहम हैं। सरकार उच्च वर्ग पर कर लगाकर संसाधन जुटाएं, गरीबों को परेशान कर नहीं। बुधवार को 14.2 किलो के घरेलू सिलेंडर के दाम में 50 रुपये का इजाफा किया गया है, जबकि पांच किलो वाले सिलेंडर के दाम में 18 रुपये की बढ़ोतरी की गई। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन के प्राइस नोटिफिकेशन के मुताबिक अब दिल्ली में बिना सब्सिडी वाले 14.2 किलो के सिलेंडर की कीमत 1,053 रुपये होगी।

# अब्बास नकवी ने केंद्रीय मंत्री का पद छोड़ा

वार्ता नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने इस्तीफा दे दिया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सूत्रों ने बताया कि नकवी ने मंत्री पद से इस्तीफा देने से पहले पार्टी अध्यक्ष जयप्रकाश नड्डा से मुलाकात की। वह मंत्री के रूप में मंत्रिमंडल की बैठक में अंतिम बार शामिल हुए। गौरतलब है कि नकवी राज्य सभा के सदस्य है और झारखंड का प्रतिनिधित्व करते हैं। उनका कार्यकाल पूरा हो रहा है और भाजपा ने उन्हें इस बार राज्यसभा के चुनाव में नहीं उतारा था। वह इससे पहले उत्तर प्रदेश में रामपुर लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं पर पार्टी ने उन्हें वहां पिछले दिनों हुए उप चुनाव में नहीं उतारा था। पार्टी या सरकार में नकवी की भूमिका के बारे में कोई औपचारिक घोषणा या आधिकारिक संकेत नहीं है। राजनीतिक हलकों में चर्चा जरूर है कि नकवी को सत्तारुढ़ राजग गठबंधन की ओर से उप-राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाया जा सकता है। उप-राष्ट्रपति का चुनाव छह अगस्त को कराया जायेगा। उप-राष्ट्रपति वेंकैया नायडू का कार्यकाल 10 अगस्त को समाप्त हो रहा है। निर्वाचन आयोग ने उप-राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए कार्यक्रम अधिसूचित कर दिया है। उम्मीदवार इसके लिए 19 जुलाई तक परचे भर सकते हैं।



### पीएम मोदी ने की प्रशंसा

सूत्रों के अनुसार, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने कैबिनेट बैठक में नकवी के कार्यकाल की प्रशंसा की। पीएम ने जदयू नेता आरसीपी सिंह के काम की भी प्रशंसा की, आरसीपी सिंह स्टील का पोर्टफोलियो संभाल रहे थे। उनका राज्यसभा में कार्यकाल भी गुरुवार को समाप्त हो रहा है।

### भाजपा अध्यक्ष नड्डा से मिले थे केंद्रीय मंत्री नकवी

इससे पहले नकवी ने भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की थी। यह मुलाकात ऐसे समय में हुई थी, जब केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश और लोगों की सेवा में नकवी और आरसीपी सिंह के योगदान की सराहना की। प्रधानमंत्री की सराहना के बाद से ही अटकलें लगाई जाने लगी थीं कि दोनों मंत्री जल्द ही इस्तीफा दे देंगे।

# नोएडा पुलिस के मुचलके पर छोड़े जाने के बाद फरार न्यूज एंकर की तलाश जारी

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



उच्चतम न्यायालय में गिरफ्तारी पर रोक के लिए याचिका लगाने और नोयडा पुलिस के मुचलके पर छोड़े जाने की खबरों के बीच न्यूज एंकर रोहित रंजन की गिरफ्तारी के लिए छत्तीसगढ़ पुलिस अभी भी राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में डेरा डाले हुए हैं। रायपुर पुलिस के प्रवक्ता ने बताया कि न्यायालय से गिरफ्तारी वारंट जारी होने की गाजियाबाद एवं नोयडा पुलिस को जानकारी दिए जाने के बाद भी न्यूज एंकर को मुचलके पर रिहा कर दिया गया और इसकी कोई जानकारी वहां मौजूद छत्तीसगढ़ पुलिस के दल को नही दी गई।नोयड़ा पुलिस के मीडिया सेल की विज्ञप्ति से पुलिस दल को मुचलके की रिहाई की जानकारी हुई। उन्होने बताया कि इस जानकारी के बाद रायपुर पुलिस की टीम फिर गाजियाबाद स्थित न्यूज एंकर के घर पहुंची और घर पर ताला लगा होने और सभी के फरार होने पर फरारी का पंचनामा तैयार किया।आरोपी के छिपने के अन्य संभावित स्थानों पर पतासाजी की जा रही हैं।इस पूरे प्रकरण में उ.प्र.पुलिस के रवैये और बर्ताव को बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण करार देते हुए प्रवक्ता ने कहा कि नियोजित तरीके से आरोपी को गिरफ्तारी से बचाने की कोशिश की गई। पुलिस के अनुसार छत्तीसगढ़ पुलिस न्यूज चैनल के एंकर रोहित रंजन को गिरफ्तार करने कल सुबह गाजियाबाद स्थित उनके आवास पर पहुंची थी मगर वहां की पुलिस ने छत्तीसगढ़ की पुलिस को गिरफ्तार नहीं करने दिया था।यहां के जवानों के साथ भी उ.प्र. पुलिस के जवानों ने धक्का-मुक्की भी की थी।

## भगवंत मान आज रचायेंगे दूसरी शादी



**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान गुरुवार को चंडीगढ़ में डॉ गुरप्रीत कौर के साथ दूसरी बार शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। आप के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल शादी समारोह में शामिल होंगे। अड़तालिस वर्षीय मान की शादी उनके घर में एक छोटे से निजी समारोह में होगी जिसमें परिवार के करीबी सदस्य ही शामिल होंगे। केजरीवाल भी शादी समारोह में शामिल होकर दूल्हा-दुल्हन को आशीर्वाद देंगे। उल्लेखनीय है कि मान का छह साल पहले तलाक हो गया था और उनकी पहली पत्नी और दोनों संतानें अमेरिका में रहते हैं। मान के दोनों बच्चे शपथ ग्रहण समारोह में तब आए थे जब उन्होंने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। खबरों के मुताबिक मान की मां हरपाल कौर की इच्छा थी कि उनका पुत्र फिर से घर बसा लें। श्री मान डॉ गुरप्रीत कौर से शादी करेंगे, जो कथित तौर पर मुख्यमंत्री की मां और बहन की पसंद रही हैं। मान ने पहले कहा था कि उन्होंने अपने परिवार पर पंजाब में सेवा को चुना, संगरूर से निर्वाचित प्रतिनिधि होने के नाते, वह अमेरिका में नहीं बस सकते थे, जबकि उनकी पत्नी उनके साथ रहने के लिए भारत नहीं जा सकती थी, इसलिए उन दोनों ने तलाक मांगा था। मान कॉमेडियन से राजनेता बने हैं। वह पहली बार 2014 में पहली बार संगरूर से सांसद बने थे।

## सुप्रीम कोर्ट में नूपुर के खिलाफ पुनः याचिका दाखिल



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पूर्व प्रवक्ता नूपुर शर्मा की पैगंबर मोहम्मद पर टिप्पणी को लेकर उनकी गिरफ्तारी की मांग वाली एक और याचिका बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई। न्यायमूर्ति इंदिरा बनर्जी की अध्यक्षता वाली दो न्यायाधीशों की अवकाश पीठ ने तत्काल सुनवाई करने से इनकार करते हुए याचिकाकर्ता अबू सोहेल को मामले को सूचीबद्ध करने के लिए मेंशनिंग रजिस्ट्रार से संपर्क करने को कहा। याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका पर तत्काल सुनवाई की मांग करते हुए कहा कि दिल्ली पुलिस सुश्री शर्मा के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। अधिवक्ता सोहेल ने इसके पहले जून के मध्य में भी भाजपा की पूर्व प्रवक्ता की गिरफ्तारी की मांग करते हुए शीर्ष अदालत में याचिका दाखिल की थी। उसने सुप्रीम कोर्ट से मांग की थी कि सुश्री शर्मा को पैगंबर मोहम्मद साहब के खिलाफ कथित नफरत भरे बयान के लिए अधिकारियों को कार्रवाई करने और गिरफ्तार करने का निर्देश दिया जाए। गौरतलब है कि सुश्री शर्मा की ओर से पैगम्बर मोहम्मद पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी किये जाने के बाद देश और दुनिया के अलग-अलग हिस्सों उनके खिलाफ विरोध प्रदर्शन किए गए।

## कोयला उत्पादन जून 2022 में 32.57 प्रतिशत बढ़कर 6.76 करोड़ टन

**नई दिल्ली।** देश का कोयला उत्पादन जून 2022 में 32.57 प्रतिशत बढ़कर 6.76 करोड़ टन रहा जो पिछले वर्ष 5.10 करोड़ टन था। कोयला मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान में कहा कि इस वर्ष जून के दौरान कोल इंडिया लिमिटेड 28.87 प्रतिशत वृद्धि के साथ 5.15 करोड़ टन कोयले का उत्पादन किया। सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड (एससीसीएल) ने 5.50 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 55.6 लाख टन और कोयला उत्पादन करने वाली अन्य कंपनियों ने 83.53 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1.05 करोड़ टन का उत्पादन किया। देश की शीर्ष 37 कोयला खदानों में से 22 खानों ने 100 प्रतिशत से अधिक उत्पादन किया और अन्य नौ खानों का उत्पादन 80-100 प्रतिशत के बीच रहा। मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार इस महीने में कोयले का उठाव 7.55 करोड़ टन रहा जो जून 2021 के मुकाबले 6.25 करोड़ टन से 20.69 प्रतिशत अधिक है। इस दौरान सीआईएल और कोयला उत्पादन करने वाली अन्य कंपनियों ने क्रमशः 5.90 करोड़ टन और 1.11 करोड़ टन कोयला भेजकर 15.20 प्रतिशत और 88.23 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। एससीसीएल ने जून 2022 में 0.46 प्रतिशत की नकारात्मक वृद्धि दर्ज की।

छत्तीसगढ़ सरकार का कोल माफ़ियाओं पर एक्शन

## 4 विभागों के अधिकारियों की संयुक्त टीम ने मारे राज्यभर में छापे



**रायपुर।** खनिज विभाग द्वारा गठित राज्य स्तरीय टीम एवं पर्यावरण विभाग, जीएसटी, पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा गतौरा एवं हिंडाडीह स्थित हिन्द एनर्जी, हिन्द मल्टी, क्लीन कोल वाशरियों एवं गतौरी स्थित सत्या पावर कोल वाशरी, फील वाशरी में जांच की। खनिज विभाग ने कोरबा, बिलासपुर, जांजगीर-चांपा एवं रायगढ़ जिलों में स्थित सभी कोल वाशरी एवं कोल डिपो की जांच के लिए 10 टीमें गठित की जिसमें 50 अधिकारी शामिल थे।

## ब्रिटेन के प्रधानमंत्री जॉनसन दे सकते हैं इस्तीफा



**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने बुधवार को कहा कि अगर उन्हें लगेगा कि ब्रिटिश सरकार अपना काम जारी नहीं रख सकती है तो वह इस्तीफा दे देंगे। रिपोर्ट के अनुसार, क्रिस्टोफर पिंचर की उप मुख्य सचेतक के रूप में नियुक्ति के संबंध में हाल ही में एक घोटाले के कारण पिछले दो दिनों में आधा दर्जन मंत्रियों ने जॉनसन की सरकार से इस्तीफा दिया है, जिसके बाद यह बयान आया है। जॉनसन ने संसद में एक भाषण में कहा, अगर ऐसी परिस्थिती हुई, जिनमें सरकार चलाना मुश्किल होगी और हमें दिए गए जनादेश का निर्वहन करना असंभव होगा तो मैं इस्तीफा दे दूंगा।

### पुणे-सतारा राजमार्ग पर मार्च तक बनेगी छह लेन की सुरंग : गडकरी

**नई दिल्ली।** सडक परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि पुणे-सतारा राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-4 के खंभातकी घाट पर छह लेन की सुरंग पर तेजी से काम चल रहा है और मार्च तक इस पर निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

'डिजिटल इंडिया सप्ताह अंतर्गत छत्तीसगढ़ का प्रस्तुतिकरण'

# छत्तीसगढ़ के गोधन न्याय और मितान योजना को मिली प्रशंसा

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के महत्वाकांक्षी गोधन न्याय योजना और मितान योजना को गुजरात के अहमदाबाद स्थित गांधीनगर महात्मा मंदिर में 4 से 9 जुलाई 2022 तक आयोजित डिजिटल इंडिया सप्ताह में सराहना मिली है। छत्तीसगढ़ की ओर से तीसरे दिन आयोजित कांफ्रेंस में भाग लेते हुए इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के विशेष सचिव एवं छत्तीसगढ़ इन्फोटेक प्रमोशन सोसायटी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी समीर विश्नोई ने राज्य की महत्वाकांक्षी मितान योजना की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

विश्नोई ने बताया कि राज्य शासन द्वारा प्रारंभ की गई मितान योजना का मुख्य उद्देश्य शासकीय सेवा वितरण प्रणाली में सुधार लाते हुए नागरिकों को घर पहुंच सेवा का लाभ प्रदान करना है। इसके अलावा गोधन न्याय योजना की भी जानकारी प्रदान की गई। मंच संचालन कर रहे भारत शासन सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव राजेंद्र कुमार ने राज्य सरकार द्वारा नवाचार का प्रयोग करते हुए संचालित योजनाओं और छत्तीसगढ़ के नवीन पहलुओं की प्रशंसा की है।



सीएससी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. दिनेश त्यागी ने मितान योजना की प्रशंसा करते हुए कहा यह नागरिक सशक्तिकरण के लिए आईटी का वास्तविक उपयोग है। अनेक देशों में इस तरह के पहल होने लगे हैं। इससे पूर्व डिजिटल इंडिया सप्ताह के तीसरे दिन गुजरात सरकार की माइ हवअ पोर्टल, आईटी पॉलिसी की मार्गदर्शिका और आईटी क्षेत्र में सब्सिडी प्रदान करने हेतु एकल खिड़की पोर्टल का शुभारंभ गुजरात सरकार के शिक्षा मंत्री जीतू भाई वाघनी ने किया। कार्यक्रम में देश भर से आए आईटी विशेषज्ञों ने भाग लिया।

इनमें डॉ. जे सतनारायण, सलाहकार वर्ल्ड इकोनामिक फोरम, सामान्य सेवा केंद्र के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार त्यागी, आंध्र प्रदेश के आईटी विभाग के प्रमुख सचिव सौरभ गोरे, उत्तर प्रदेश सरकार के सचिव कुमार विनीत सहित अनेक विशेषज्ञों ने भाग लिया।

# खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 में किसानों से 110 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

आगामी खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 में प्रदेश के पंजीकृत किसानों से सुगमतापूर्वक धान खरीदी व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए मंत्रालय महानदी भवन स्थित समिति कक्ष में धान खरीदी के लिए गठित मंत्री-मण्डलीय उप समिति की बैठक खाद्य मंत्री अमरजीत भगत की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में इस वर्ष किसानों से समर्थन मूल्य पर 110 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य रखा गया है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया है कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी पुराने बारदानों से धान खरीदी की जाएगी। साथ ही किसानों से सुगमतापूर्वक धान खरीदी के लिए उपार्जन केन्द्रों की स्थिति तथा पहले से ही बारदाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर विचार-विमर्श की गई। बैठक में मंत्रियों ने पिछले वर्ष की गई सुगमतापूर्वक धान खरीदी एवं कस्टम मिलिंग व्यवस्था के लिए अधिकारियों को बधाई दिए। बैठक में मंत्री मंडलीय उप समिति के सदस्यगण कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री रविन्द्र चौबे, वन एवं परिवहन मंत्री मोहम्मद अकबर और उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल शामिल हुए।



मंत्री-मण्डलीय उप समिति की बैठक में अधिकारियों ने बताया कि पिछले खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 में राज्य सरकार द्वारा 105 लाख मीट्रिक टन धान खरीदने का लक्ष्य रखा था, जिसके विरूद्ध रिकार्ड 97.98 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई थी। लगभग शत-प्रतिशत धान का उठाव हो गया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर धान खरीदी के साथ-साथ तेजी से कस्टम मिलिंग का कार्य भी जारी रहा। इसका सफलतापूर्वक परिणाम आया। केन्द्रीय पूल में अब तक रिकार्ड 50.72 लाख मीट्रिक टन चावल जमा कराया जा चुका है। केवल 14 लाख मीट्रिक टन चावल जमा करना ही शेष है।

बैठक में किसानों से सुगमतापूर्वक धान खरीदी के लिए बारदानों के व्यवस्था के लिए विस्तार से भी चर्चा की गई। पिछले वर्ष धान खरीदी लक्ष्य 105 लाख मीट्रिक टन के अनुरूप 5.25 लाख गठान बारदानें की जरूरत थी, आगामी खरीफ वर्ष 2022-23 में 110 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य रखा गया है, इसके लिए 5.50 लाख गठान जूट बारदानें की जरूरत पड़ेगी। मंत्रियों ने कहा कि केन्द्रीय मंत्रालय से पत्रव्यवहार कर धान खरीदी के पहले ही बारदानें की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाए।

बैठक में अधिकारियों ने बताया कि पिछले वर्ष 24 लाख 6 हजार से अधिक किसानों ने धान विक्रय हेतु पंजीयन कराया था, इस वर्ष नये किसानों का पंजीयन पिछले वर्ष की तरह ही एक जुलाई से 31 अक्टूबर तक किया जाएगा। खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 में पंजीकृत किसानों का पंजीयन ऑटोमैटिक कैरीफारवर्ड हो जाएगा। बैठक में उपार्जन केंद्रों की स्थिति, बारदाने की उपलब्धता, धान खरीदी व्यवस्था, कस्टम मिलिंग एवं धान परिवहन, संग्रहण, भंडारण तथा रख-रखाव के संबंध में विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

# राज्यसभा में कामकाज की व्यवस्था में आमूलचूल बदलाव की सिफारिश

वार्ता ◂ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



राज्यसभा में कामकाज की व्यवस्था में पहली बार आमूलचूल बदलाव की सिफारिश से संबंधित एक अध्ययन रिपोर्ट सभापति एम वेंकैया नायडू को सौंपी गयी है जिसमें प्रशासनिक और वित्तीय अधिकारों के बंटवारे के बारे में स्थिति पूरी तरह से स्पष्ट की गयी है।

इस अध्ययन रिपोर्ट में शामिल सिफारिशों को लागू किये जाने के बाद कामकाज में पारदर्शिता सुनिश्चित होगी और निर्णय भी तेजी से लिये जा सकेंगे। श्री नायडू ने इसी वर्ष जनवरी में यह अध्ययन कराने के लिए कहा था।

राज्यसभा में सलाहकार और पूर्व महासचिव डॉ.पी.पी.के. रामचार्युलु, द्वारा किए गए अध्ययन में राज्य सभा, इसकी समितियों और सचिवालय के कामकाज के हर पहलू के संबंध में आउटपुट बढाने का उपाय सुझाते हुए प्रत्येक सेवा के लिए संबंधित अतिरिक्त कार्यक्षेत्र का भी सुझाव दिया गया है। रिपोर्ट में विभिन्न वर्गों और सेवाओं के समन्वित कामकाज में कमियों और बाधाओं की पहचान की गई है और उन्हें दूर करने के उपाय सुझाए गए हैं।

सिफारिशों में प्रशासनिक और वित्तीय शक्तियों का स्पष्ट बंटवारा शामिल है जिससे कि लगभग 75 प्रतिशत मुद्दों का निपटारा निचले और मध्यम स्तर पर किया जा सकेगा। रिपोर्ट में 64 वर्गों में से प्रत्येक के अधिकार क्षेत्र की स्पष्ट परिभाषा और कार्य की पुनरावृति से बचने के लिए 14 डिवीजनों में उनके पुनर्गठन तथा कामकाज में तालमेल सुनिश्चित करने की बात कही गयी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि राज्य सभा का कामकाज स्पष्ट नियमों , उदाहरणों और परंपराओं पर आधारित है इसलिए अधिकांश निर्णय निचले और मध्यम स्तर पर लिए जा सकते हैं और इन मुद्दों को अनावश्यक रूप से उच्च स्तर पर नहीं ले जाने की बात कही गयी है। डिवीजन प्रमुखों यानी संयुक्त सचिवों के वित्तीय अधिकार एक लाख रुपये की मौजूदा सीमा से बढ़ाकर पांच लाख रुपये करने की सिफारिश की गई है। निचले स्तरों पर इसी के अनुरूप वृद्धि की सिफारिश की गयी है। अध्ययन रिपोर्ट में क्षमता निर्माण और कौशल उन्नयन पर जोर देते हुए और सचिवालय के कामकाज के विभिन्न पहलुओं के समग्र प्रदर्शन के माध्यम से उच्च पदों के लिए अधिकारियों को तैयार करने के लिए, एक स्पष्ट स्थानांतरण नीति की सिफारिश की गई है। साथ ही वेतन बजट का 2.50 प्रतिशत प्रशिक्षण पर खर्च करने की भी बात कही गयी है। अध्ययन में राज्य सभा की विभिन्न समितियों से संबंधित समिति अनुभागों के कामकाज को व्यापक रूप से शामिल किया गया और इनके बारे में दूरगामी सिफारिशें की गईं हैं। इन समितियों के कार्यकाल को मौजूदा एक वर्ष से बढ़ाकर दो वर्ष करने की अनुशंसा की गई है। विभाग से संबंधित संसदीय स्थायी समितियों (डीआरएससी) द्वारा क्षेत्र के दौरों के महत्व को देखते हुए, उनके क्षेत्र के दौरों को वर्तमान दो यात्राओं से एक वर्ष में अधिकतम दस दिनों के लिए तीन यात्राओं और पंद्रह दिनों तक बढ़ाने की सिफारिश की गई है। नायडू ने रिपोर्ट तैयार करने में किए गए प्रयासों की सराहना की और निर्धारित समय सीमा में विभिन्न सिफारिशों के कार्यान्वयन के लिए एक कार्य योजना तैयार करने के लिए इसकी जांच करने को कहा है। रिपोर्ट पेश किये जाने के मौके पर महासचिव पी.सी.मोदी एवं वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

# दिल्ली में आयोजित होगा देश का सबसे बड़ा शॉपिंग फेस्टिवल : केजरीवाल

वार्ता ◂ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने राजधानी में रोजगार, व्यापार और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए बुधवार को बड़ा एलान करते हुए कहा कि दिल्ली में देश का सबसे बड़ा शॉपिंग फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा। केजरीवाल ने आज संवाददाता सम्मेलन में 'दिल्ली शॉपिंग फेस्टिवल' का आयोजन करने का एलान किया। यह फ़ेस्टिवल 28 जनवरी 2023 से 26 फरवरी 2023 तक 30 दिन के लिए राजधानी में आयोजित किया जाएगा। यह देश का सबसे बड़ा शॉपिंग फेस्टिवल होगा। आज तक इतना बड़ा शॉपिंग फेस्टिवल कभी नहीं हुआ होगा। अभी हम इसकी शुरुआत कर रहे हैं। मुझे उम्मीद है कि आने वाले कुछ सालों के अंदर इसे हम दुनिया का सबसे बड़ा शॉपिंग फेस्टिवल बनाएंगे। यह फेस्टिवल 30 दिन का होगा। पिछले कई महीनों से हमारी तैयारी चल रही थी। हमारी योजना पूरी हो गई है। अब इस फेस्टिवल को लागू करने की तैयारियां शुरू हो गई है। इसकी उल्टी गिनती शुरू हो गयी है। दिल्ली के लोगों का अनुभव करने, दिल्ली की संस्कृति का अनुभव करने और शॉपिंग करने के लिए देश और दुनिया भर के लोगों को 'दिल्ली शॉपिंग फेस्टिवल' में आमंत्रित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस फेस्टिवल में युवाओं के लिए बहुत कुछ होगा। परिवार के लिए बहुत कुछ होगा। बच्चों के लिए बहुत कुछ होगा। बुजुर्गों के लिए बहुत कुछ होगा। अमीरों, मध्यम वर्ग और गरीबों के लिए बहुत कुछ होगा। कुल मिलाकर हर तबके लिए कुछ न कुछ होगा। साथ ही, इस शॉपिंग फेस्टिवल में शॉपिंग का अभूतपूर्व अनुभव होगा। 'दिल्ली शॉपिंग फेस्टिवल' में खूब भारी छूट मिलेगी। पूरी दिल्ली को सजाया जाएगा। दिल्ली के सभी बाजारों, सभी दुकानें और सभी मॉल्स को सजाया जाएगा। दिल्ली दुल्हन बनेगी। इस फेस्टिवल के दौरान सभी बाजारों में, सभी दुकानों में प्रोडक्ट के ऊपर भारी छूट होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसमें कई सारी प्रदर्शनियां लगाई जाएंगी। मसलन, अध्यात्मिक के ऊपर प्रदर्शनी होगी। गेमिंग, खासकर कंप्यूटर गेम को लेकर प्रदर्शन होगी। टेक्नोलॉजी, हेल्थ के ऊपर प्रदर्शनी होगी। इसके अलावा, मनोरंजन के बहुत सारे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। युवाओं और परिवार के लिए अनलिमिटेड इंटरटेनमेंट होगा। देश और दुनिया भर से टॉप के आर्टिस्ट को निमंत्रित किया जाएगा। इस एक महीने के अंदर मनोरंजन के 200 से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही, विशेष ओपनिंग सेरेमनी होगी और स्पेशल क्लोजिंग सेरेमनी होगी, जिसमें हजारों लोग शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि दिल्ली अपने खाने के लिए मशहूर है। दिल्ली में हर किस्म का खाना मिलता है। यहां हर तबके, हर किस्म और देश हर भौगोलिक एरिया का खाना मिलता है। यहां मराठी, साउथ इंडियन, गुजराती, बंगाली समेत हर किस्म का खाना मिलता है। दिल्ली के इस फेस्टिवल के अंदर खाने के ऊपर स्पेशल फूड वाक्स होगा। यानी खाने का विशेष एरिया होगा।

# रोहित रंजन की याचिका पर सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट तैयार, हुई थी गिरफ्तारी

एजेंसी ◂ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



पत्रकार रोहित रंजन की की तरफ से दायर की गई याचिका पर सुप्रीम कोर्ट सुनवाई के लिए सहमत हो गया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के वीडियो को 'गलत तरीके से दिखाने' को लेकर दर्ज हुए मामलों के खिलाफ रोहित रंजन ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। रोहित रंजन के वकील ने सुप्रीम कोर्ट में बताया कि नोएडा पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया था, जिसके बाद उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया। अब छत्तीसगढ़ पुलिस उन्हें गिरफ्तार करना चाहती है। दरअसल, पत्रकार रोहित रंजन के वकील सिद्धार्थ लूथरा ने बताया जमानत मिलने के बाद छत्तीसगढ़ पुलिस उन्हें गिरफ्तार करना चाहती है। इस मामले में उन्होंने तुरंत सुनवाई की मांग की थी क्योंकि अगर ऐसा नहीं हुआ तो उन्हें बार-बार हिरासत में लिया जाएगा। इसके बाद याचिका पर सुप्रीम कोर्ट सुनवाई के लिए सहमत हो गया है। वहीं इससे पहले राहुल गांधी के एक बयान को गलत संदर्भ में प्रसारित करने के मामले में रोहित रंजन के घर पर छत्तीसगढ़ पुलिस मंगलवार सुबह पहुंच गई थी। इसके बाद गाजियाबाद से लेकर नोएडा तक हाईवोल्टेज ड्रामा हुआ और दो राज्यों की पुलिस भिड़ती दिखीं। अंत में नोएडा की पुलिस ने रोहित रंजन को हिरासत में ले लिया। बता दें कि 1 जुलाई को 'जी न्यूज' चैनल पर प्रसारित होने वाले कार्यक्रम डीएनए में रोहित रंजन ने राहुल गांधी के केरल में दिए गए एक बयान को उदयपुर की घटना से जोड़ दिया था।

# सुरक्षा बलों ने सांबा में तलाश अभियान शुरू किया

**जम्मू।** केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर संदिग्ध ड्रोन की आवाजाही के एक दिन बाद बुधवार सुबह सुरक्षा बलों की एक संयुक्त टीम ने सांबा जिले के सीमावर्ती गांवों में तलाश अभियान शुरू किया। पुलिस ने कहा कि जम्मू-कश्मीर पुलिस की विशेष अभियान समूह (एसओजी), केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की एक संयुक्त टीम ने आज सुबह एसएम पुरा, चमलियाल और उसके आसपास के सीमावर्ती गांवों में तलाश अभियान चलाया। पुलिस ने कहा कि मंगलवार को सीमा के करीब एक संदिग्ध ड्रोन की गतिविधि देखी गई, जिसके बाद आज तलाश अभियान शुरू किया गया।' पुलिस ने कहा कि सीमा पर रहने वालों को ड्रोन, इसकी आवाजाही, आवाज और आकार के बारे में भी अवगत कराया गया है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों से बोला गया है कि यदि वे हवा में या सीमा पर किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि देखते हैं तो तुरंत नजदीकी चेक पोस्ट या पुलिस चौकी को सूचित करें।

# सुरक्षाबलों के समक्ष दो आतंकियों ने किया सरेंडर, मां–बाप की अपील के बाद डाले हथियार

एजेंसी ◂ श्रीनगर
www.dailypioneer.com



जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में दो स्थानीय आतंकियों ने सरेंडर कर दिया। इन आतंकियों ने अपने माता-पिता की अपील के बाद सुरक्षाबलों के आगे हथियार डाले। दरअसल हादीगाम गांव में सुरक्षाबलों ने आतंक रोधी अभियान शुरू किया था। इसके बाद आतंकवादियों के मां-बाप को वहां लगाया गया और उनसे अपील करवाई गई कि वे हथियार डाल दें। बताया जा रहा है कि ये दोनों हाल ही में आतंकी संगठन के साथ जुड़े थे।

पुलिस ने ट्वीट करके इस बात की जानकारी दी। पुलिस का कहा है कि आतंकियों के पास से गोला-बारूद और हथियार भी बरामद किया गया है। आईजीपी कश्मीर, विजय कुमार ने कहा कि अगर सभी माता-पिता अपने बच्चों से हिंसा का रास्ता छोड़कर सरेंडर करने की अपील करें तो बहुत लोगों का जीवन बचाया जा सकता है। जब दो आतंकियों ने आत्मसमर्पण किया तो उनका भी जीवन बच गया। पुलिस की मानें तो इस साल जितने आतंकी मारे गए हैं उनमें ज्यादातर लोकल ही हैं। हाल ही में सुरक्षाबलों ने लश्कर आतंकी तालिब हुसैन को गिरफ्तार किया था। वहीं जून के आखिरी में भी कुलगाम में ही दो आतंकियों को मारा गया था जो कि लश्कर-ए-तैयबा से ताल्लुक रखते थे। एक अधिकारी के मुताबिक आतंकियों के बारे में जानकारी मिलने के बाद उनकी घेराबंदी कर ली गई थी।

# महुआ मोइत्रा के खिलाफ शिकायतों की बाढ़, टीएमसी सांसद बोलीं– नहीं हटूंगी पीछे

एजेंसी ◂ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



मां काली को लेकर की गई विवादित टिप्पणी के बाद टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा की मुश्किलें बढ़ गई हैं। जानकारी के अनुसार, उनके खिलाफ कई शिकायतें दर्ज हुई हैं। अकेले बंगाल में ही उनके खिलाफ चौथी शिकायत दर्ज हुई है। पश्चिम बंगाल के कृष्णानगर में भाजपा ने मोइत्रा के खिलाफ शिकायत दर्ज की है। इस बीच महुआ मोइत्रा ने ट्वीट करते हुए कहा कि वो मां काली की उपासक हैं। वो गुंडो और पुलिस से डरने वाली नहीं हैं। वो पीछे हटने वाली नहीं हैं। दरअसल, भारतीय मूल की कनाडा में रहने वाली फिल्ममेकर लीला मणिमेकलाई ने मां काली डॉक्यूमेंट्री फिल्म में एक विवादित पोस्टर जारी किया था। इस पोस्टर में मां काली को सिगरेट पीते हुए हाथ में एलजीपीटीक्यू का झंडा लहराते हुए दिखाया गया। इसके बाद देशभर में बवाल मच गया है। फिल्ममेकर के खिलाफ देश के कई हिस्सों में शिकायत दर्ज की गई। यही नहीं लीला मणिमेकलाई के खिलाफ अयोध्या के एक महंत ने सिर तन से जुदा करने तक की धमकी दे डाली। अब इस मामले में नया मोड़ तब आया जब टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने एक टीवी कार्यक्रम में मां काली को शराब और मांस खाने वाली देवी बताया। टीएमसी सांसद ने कहा था उनकी नजर में मां काली देवी की यही मूरत है। अब उनके बयान पर घमासान छिड़ गया है। भाजपा ने टीएमसी सांसद से माफी मांगने की मांग की है। उधर, टीएमसी ने भी उनके बयान से पल्ला झाड़ा और उनके बयान को निजी बयान कह डाला। खुद को चौतरफा घिरती देख टीएमसी सांसद ने भी अपने तेवर कम नहीं किए हैं। उन्होंने टीएमसी को ट्विटर पर अनफॉलो किया है।

### भाजपा ने दर्ज की शिकायत

महुआ मोइत्रा के खिलाफ पश्चिम बंगाल के कृष्णानगर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई गई है। उनके खिलाफ अकेले बंगाल में चौथी शिकायत दर्ज हो चुकी हैं। इससे पहले मध्यप्रदेश में भी उनके खिलाफ पुलिस कंप्लेन दर्ज है। भाजपा नेता सुभेंदु अधिकारी ने कहा कि टीएमसी ने हमेशा ही हिन्दू देवताओं का अपमान किया है। उन्होंने चेतावनी दी कि इस तरह के बयान बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे और अपने बयान के लिए महुआ मोइत्रा को सार्वजनिक तौर पर कान पर पकड़कर माफी मांगनी चाहिए।

# नीतीश ने अस्पताल जाकर लालू की तबीयत की जानकारी ली



**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राष्ट्रीय जनता दल (राजद)अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव की तबीयत की जानकारी लेने के लिए अस्पताल पहुंचे। कुमार बुधवार को यहां एक निजी अस्पताल में पिछले तीन दिनों से भर्ती श्री यादव के स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी लेने के लिए पहुंचे । इस दौरान उन्होंने अस्पताल में मौजूद विशेषज्ञ चिकित्सकों के साथ ही यादव के पुत्र एवं विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव से उनके स्वास्थ्य की स्थिति के संबंध में जानकारी हासिल की। साथ ही उन्होंने श्री यादव के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। कुमार के साथ बिहार के कुछ मंत्री भी थे। लगभग चार वर्ष के बाद श्री कुमार और श्री यादव की मुलाकात हुई है।

# बुंदेलखंड को मिलेगा विकास का एक्सप्रेस–वे, मोदी करेंगे 12 जुलाई को उद्घाटन



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में विकास के मामले में पिछड़ेपन के शिकार रहे बुंदेलखंड क्षेत्र को राज्य की योगी सरकार ने तरक्की के एक्सप्रेस वे की सौगात देने का दावा करते हुए कहा है कि 12 जुलाई को इस एक्सप्रेस वे के उद्घाटन के बाद इस इलाके में विकास की रफ्तार दोहरी हो जायेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अगले सप्ताह 12 जुलाई को राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में प्रदेश को एक और एक्सप्रेस-वे की सौगात देते हुए बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे का लोकार्पण करेंगे।

राज्य सरकार की ओर से बुधवार को मिली जानकारी के अनुसार बुंदेलखंड एक्सप्रेस -वे के मार्ग पर पड़ने वाले जालौन जिले के कैथेरी गांव में प्रधानमंत्री मोदी इस एक्सप्रेस-वे का लोकार्पण करेंगे। बुंदेलखंड एक्सप्रेस -वे 28 महीने में बनकर तैयार हुआ है। चार लेन वाले बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे का भविष्य में 6 लेन तक विस्तार हो सकता है। यह एक्सप्रेस वे प्रदेश के चित्रकूट, बांदा, हमीरपुर, महोबा, जालौन, औरैया और इटावा जिलों से होकर गुजरेगा।

# सकारात्मक परिणामों के लिए कठोर कदम उठाने की आवश्यकता है

**रायपुर।** संघ लोक सेवा आयोग द्वारा हाल ही में घोषित लोकसेवा प्रतियोगिता के परिणामों में एक ताज़ातरीन बदलाव देखा गया है जिसके अनुसार इसके पहले तीनों प्रतियोगी महिलाएं हैं। इस सम्मानित परीक्षा के आधार पर देश के अगले बैच की **IAS, IPS** और अन्य प्रथम श्रेणी के अफसरों की नियुक्ति तय होगी। इन परिणामों को यह बात अनूठी बनाती है कि इन मुश्किल भरी परीक्षाओं को पास करने वालों में से 23 प्रतियोगी नई दिल्ली स्थित जामिया मिलिया इस्लामिया' विश्वविद्यालय द्वारा चलाए जाने वाली 'आवासीय कोचिंग अकादमी' में पढ़ रहे थे। प्रथम स्थान ग्रहण करने वाली श्रुति शर्मा भी जामिया मिलिया की इसी अकादमी की छात्रा थी। इस अकादमी से सफल होने वाले अन्य प्रतियोगियों में अरीबा नोमान, मोहम्मद साकिब आलम, वंदना मीना, नाज़िश उमर अंसारी, रामटेक सुधाकर, प्रिया मीना तथा राजा रत्नम गोला इत्यादि शामिल हैं जिन्होंने इस प्रतियोगिता में विभिन्न स्थान प्राप्त किए। ये नतीजे जामिया मिलिया इस्लामिया की उस समर्पण भावना की ओर इशारा करते हैं जो इसने अपने बच्चों को अपने कार्य के प्रति ईमानदार होने और अच्छा नागरिक बनने के लिए सिखाने में लगाई। जामिया मिलिया इस्लामिया को एक 'अल्पसंख्यक विश्वविद्यालय' का दर्जा प्राप्त है, फिर भी इसकी संस्कृति, इसका ढांचा, यहां के अध्यापक तथा इसका पाठ्यक्रम इस प्रकार से बनाए जाते हैं कि वे प्रत्येक पृष्ठभूमि से आने वाले छात्रों को आत्मसात् कर लेते हैं। जामिया एक केन्द्रीय विश्वविद्यालय है जो अपने छात्रों के लिए एक समग्र संस्कृति को बढ़ावा देता है तथा उन्हें अपने यहां होने वाले विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों व आयोजनों द्वारा एकजुट करता है।

# संविधान विरोधी बयान देने वाले केरल के मंत्री ने दिया इस्तीफा, विरोध के बाद झुकी विजयन सरकार

एजेंसी ◂ तिरुवनंतपुरम
www.dailypioneer.com



संविधान विरोधी बयान देने वाले केरल के मंत्री साजी चेरियन ने बुधवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उनके बयान से राज्य में बड़ा सियासी विवाद खड़ा हो गया और विपक्ष मंत्री के इस्तीफे की मांग कर रहा था। बता दें कि चेरियन ने दक्षिणी जिले के मल्लापल्ली में हाल ही में आयोजित एक राजनीतिक कार्यक्रम में कथित तौर पर बयान दिया था कि, ''हम सभी कहते हैं कि हमारे पास एक बेहतरीन तरीके से लिखा संविधान है, लेकिन मैं कहूंगा कि संविधान इस तरह से लिखा गया है ताकि इसका इस्तेमाल देश के लोगों को लूटने के लिए किया जा सके।''

मंत्री ने आरोप लगाया कि संविधान का संकलन ब्रिटिश सरकार द्वारा किया गया था और भारतीयों ने इसे इसी रूप में लिख दिया, जो देश में पिछले 75 साल से लागू है। हालांकि बाद में वामपंथी नेता ने बयान को लेकर खेद जताया और दावा किया कि इस बारे में दी गई खबरों में उनके बयान के साथ छेड़छाड़ की गई है। एक कार्यक्रम में दिए गए भाषण का स्थानीय टेलीविजन चैनल पर मंगलवार को प्रसारण होने के कुछ घंटों बाद मंत्री ने खुद को लोक सेवक बताते हुए कहा कि उनका संविधान के मूल्यों में पूरा यकीन है। विपक्षी दल कांग्रेस ने चेरियन की टिप्पणी को 'अप्रिय' करार दिया, जबकि भाजपा ने कहा कि वह उस संविधान द्वारा प्रदत्त उस पद पर नहीं रह सकते हैं, जिसका उन्होंने अनादर किया है। विपक्ष ने पिनराई विजयन कैबिनेट से मंत्री के इस्तीफे की मांग की थी, जबकि सत्ताधारी पार्टी माकपा ने इस मांग को खारिज कर दिया था।

# सुप्रीम कोर्ट ने पार्टी उपनियमों में संशोधन के लिए अन्नाद्रमुक को दी मंजूरी

वार्ता ◂ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



उच्चतम न्यायालय ने मद्रास उच्च न्यायालय के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें अन्नाद्रमुक आम परिषद (जनरल काउंसिल) को पार्टी के उप-नियमों में संशोधन करने पर रोक लगा दी गयी थी। न्यायमूर्ति दिनेश माहेश्वरी और न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी की अध्यक्षता वाली अवकाशकालीन पीठ ने एक अंतरिम आदेश पारित किया। अदालत ने मद्रास उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ पूर्व मुख्यमंत्री ए पलानीस्वामी की याचिका पर ओ पनीरसेल्वम खेमे को भी नोटिस जारी किया। इससे साफ हो गया है कि जनरल काउंसलिंग की बैठक 11 जुलाई को होगी। पलानीस्वामी खेमे ने मद्रास उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती देते हुए उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था, जिसने अन्नाद्रमुक के आंतरिक कार्य तंत्र की कार्यवाही पर रोक लगा दी थी। शीर्ष अदालत ने कहा कि हम इस स्तर पर कोई अन्य आदेश पारित करना आवश्यक नहीं समझते। इस अदालत के समक्ष कार्यवाही के लंबित रहने से एकल न्यायाधीश की पीठ के समक्ष अन्य किसी कार्यवाही पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। नोटिस में कहा गया 23 जून के खंडपीठ के आदेश पर इस अदालत के अगले आदेश तक रोक रहेगी। गौरतलब है कि 11 जुलाई को होने वाली आम परिषद की बैठक होगी। पलानीसामी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सी एस वैद्यनाथन ने पैरवी की। वरिष्ठ अधिवक्ता ने उच्चतम न्यायालय में कहा कि खंडपीठ के आदेश के उल्लंघन के लिए अवमानना याचिका गुरुवार के लिए सूचीबद्ध है। उच्च न्यायालय को एक स्वैच्छिक संगठन के आंतरिक प्रबंधन को बारे कहने के लिए बहुत सीमित चीजें हैं।

# ईआरसीपी राष्ट्रीय परियोजना घोषित नहीं होने पर इसे पूरा करेगी राजस्थान सरकार : गहलोत

वार्ता ◂ जयपुर
www.dailypioneer.com



राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने घोषणा की कि अगर केन्द्र सरकार ने राज्य की महत्वाकांक्षी पूर्वी राजस्थान नहर योजना (ईआरसीपी) को राष्ट्रीय परियोजना घोषित नहीं किया गया तो राज्य सरकार इसे पूरा करेगी। गहलोत ने ईआरसीपी को लेकर आयोजित कांग्रेस सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान की एक भी योजना राष्ट्रीय परियोजना घोषित नहीं हैं, क्या हमारा हक नहीं हैं यह। उन्होंने कहा कि उल्टा केन्द्र सरकार ने इस योजना को बंद करने के लिए लिख दिया गया हैं जबकि राज्य सरकार ने इसके लिए नौ हजार 600 सौ करोड़ का बंदोबस्त किया हैं, आप बंद कराने वाले कौन है। उन्होंने कहा ÷मैं इसे बंद नहीं करने वाला हूं।÷ उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार इस योजना को राष्ट्रीय परियोजना घोषित नहीं किया तो राज्य सरकार इसे पूरा करेगी। उन्होंने भाजपा एवं केन्द्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि ये खतरनाक लोग हैं, डराने के लिए ईडी, सीबीआई एवं इनकम टेक्स भेज देंगे, कुछ भी कर सकते हैं लेकिन कुछ भी कर लो हम डरने वाले नहीं हैं। उन्होंने कहा कि ईआरसीपी योजना को लेकर नेता प्रतिपक्ष गुलाब कटारिया को हमने कहा था कि सब चलते दिल्ली प्रधानमंत्री से मिलते हैं, पक्ष और विपक्ष, अगर मन साफ है तो चलिए हमारे साथ, लेकिन उनकी तो कथनी और करनी में अंतर है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में ईआरसीपी को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाया जायेगा और गांव गांव जाकर यह बात पहुंचानी है और ईआरसीपी के बारे में लोगों को जागरुरक करना है ताकि प्रधानमंत्री पर दबाव पड़े।


कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु) नियम 8–(1)

जबकि, अधोहस्ताक्षरी ने आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड (पूर्वतः इंडिया इन्फोलाइन हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड) (आईआईएफएल–एचएफएल) के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के तहत शक्तियों का प्रयोग करते हुए एक मांग सूचना निम्नवर्णित कर्जदारों/सह–कर्जदारों को जारी की थी, जिसमें उनसे सूचना में वर्णित राशि का भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी। कर्जदार उक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदार तथा सर्वसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा प्राप्त कर लिया है। विशेष रूप से कर्जदार को तथा सर्वसाधारण को इस संपत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है और संपत्तियों के संबंध में कोई भी संव्यवहार आईआईएफएल एचएफएल की बकाया राशि और उस पर ब्याज के प्रभाराधीन होगा। कर्जदार का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है, यदि कर्जदार आईआईएफएल एचएफएल की बकाया राशि वहन की गई सभी लागतों, प्रभारों तथा खर्चों सहित, बिक्री या अंतरण की नियत तिथि से पहले किसी भी समय चुकता कर देता है, तो 'आईआईएफएल एचएफएल' द्वारा प्रत्याभूत आस्ति बेची या अंतरित नहीं की जाएगी तथा 'आईआईएफएल एचएफएल' द्वारा प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री या अंतरण के लिए आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा।

| कर्जदार(रों) का नाम रायपुर शाखा | प्रतिभूत आस्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन | कुल बकाया राशि (रू.) | मांग सूचना की तिथि | कब्जा की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्री राकेश सिंह, श्रीमती अलका सिंह तथा साईनाथ बोरवेल्स (प्रॉस्पेक्ट नंबर 817684) | सम्पत्ति के समस्त अंश एवं खंड : दुकाननंबर 316, परिमाप 370 वर्ग फीट अथवा 34.39 वर्ग मीटर, तृतीय तल, लालगंगा शॉपिंग मॉल, ब्लॉक नंबर 10, वार्ड नंबर 40 (पुराना वार्ड नंबर 30), प्लॉट नंबर 12/3, 12/12 मोहल्ला ओल्ड सिविल स्टेशन, जी.ई. रोड, बाबू जगजीवन राम वार्ड (अस्पताल वार्ड), रायपुर– 492001, छत्तीसगढ़, भारत | रू. 35,13,117/– (रूपए पैंतीस लाख तेरह हजार एक सौ सत्रह मात्र) | 08–03–2021 | 05–07–2022 |

अतिरिक्त विवरण के लिए, कृपया प्राधिकृत अधिकारी से सम्पर्क करें शाखा कार्यालय : प्रथम तल, लाल गंगा सिटी मार्ट, बंजारी चौक, होटल अमित रीजेन्सी के सामने, रायपुर, छत्तीसगढ़–492001/अथवा कार्पोरेट कार्यालय : आईआईएफएल टावर, प्लॉट नंबर 98, उद्योग विहार, फेज–4, गुरुग्राम, हरियाणा।
स्थान : रायपुर तिथि : 07–07–2022 हस्ता./–, प्राधिकृत अधिकारी, वास्ते आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड

# शराब पीकर मौज मस्ती कर रहे कार चालक ने 5 लोगों को घायल किया

पायनियर संवाददाता ✓ पखांजूर
www.dailypioneer.com



अपने दोस्तों के साथ शराब पी कर मौज मस्ती कर रहे कार चालक ने अपने वाहन पर फंसे तार से पांच लोगों को घायल कर दिया। एक घायल तो तार में ऐसा फंसा की करीब दो सौ मीटर तक कार के पीछे घसीटता रहा पर चालक ने कार नहीं रोकी। इस घटना के चंद सैकेंड पहले ही कार चालक ने सीमा सुरक्षा बल के लगे कंटेनर तार से वाहन को घसीटते हुए निकाला था जिससे तार का एक हिस्सा कार के पीछे फंस गया था और यही तार हादसे का कारण बना। घटना स्थल से करीब पांच सौ मीटर दूर लोगों ने वाहन की पीछा कर रूकवाया और आरोपी चालक को पुलिस के सुपुर्द किया। घटना मंगलवार की रात करीब 8.30 बजे की है जब शराबी कार चालक प्रसांत सरकार निवासी रायपुर उम्र 45 वर्ष अपने स्वंम के कार से दोस्तों के साथ मौज मस्ती कर रहा था। इस दौरान वह शराब भट्‌टी से शराब पी अपने दो दोस्तों के साथ लौट रहा था। रेस्ट हाउस मार्ग में सीमा सुरक्षा बल के अधिकारियों का आवास है यहां सुरक्षा के लिए सीमा सुरक्षा बल द्वारा सड़क के ठीक किनारे मोर्चा बनाया गया और सड़क के किनारे ही कंटेनर वायर से वाड़ा भी लगाया गया है। शराबी वाहन चालक की कार पहले यहीं अनियंत्रित हुई और वाड़े से जा टकराई। वाड़े में फंस कार का पिछता हिस्सा वहीं टूट कर गिर गया। इस दौरान कार में तार का एक बड़ा हिस्सा भी टूट कर फंस गया। वाहन चालक ने यहां कार नहीं रोकी और कार को तेजी से आगे बढ़ा दिया। शायद उसे कार में तार फंसने की जानकारी भी नहीं होगी और यही तार बडे हादसे का कारण बना और पांच लोगों को अपना शिकार बनाया। इन पांच में तो एक घायल तार में ऐसे फंसा की करीब दो सौ मीटर तक घसीटता रहा जिसकी स्थिती गंभीर बनी हुई है। तो एक का पैर बुरी तहर से कट गया और उसके पैर की हड्‌डी ही टूट गई वहीं तीन को भी काफी चोट आई है। कार में फंसे तार ने सड़क से जा रहे पांच लोगों को अपना शिकार बनाया पहले तार में विपुल मंडल 40 वष तथा उनकी बेटी रौशनी जिसे वह टियूसन से ले कर घर जा रहे थे कार पहले उनके मोटर सायकल में फंसा जिससे वह वहीं गिर गऐ तार का कुछ हिस्सा उनके पैर में भी लगा जिससे पैर कई जगह से कट गया पर। जिसके बाद इस तार का दूसरा शिकार पखांजूर में खुल रहे एचडीएफसी बैंक के अंदर का इंटिरियर बनाने बम्बई से आऐ मोहम्मद उमर हुए और तार की चपेट में आ गऐ यह रेस्ट हाउस रोड़ में साहू होटल में खाना खाने गऐ थे इसी दौरान उनका पैर तार में फंस गया और पैर का पंजा पूरी तहर से कट गया और इनकी पैरे ही हडडी भी टूट गई। इनके साथ गाड़ी में सोमेन सरकार भी थे इनके पैर में भी तार फंसा पर इन्हें हल्की चोट आई पर इनका जूता पूरी तरह से फट गया। इसके बाद इस तार का पांचवा शिकार सुमित शील हुए यह मोबाईल सुधारने का काम करते है और रात दुकान से अपने घर जा रहे थे तभी क्लव के दुर्गा मंदिर के पास तार में ऐसे फंसे की करीब दो सौ मीटर तक कार के पीछे पीछे घसीटते रहे और घसीटते घसीटते आशिवार्द लाज तक आ गऐ। इस दौरान उनके शरीर का कपड़ा पूरी तरह से फट गया और शरीर में हर जगह कई घाव बने इस दौरान तार से भी शरीर में काफी कट लगे और सीर में भी गंभीर चोट आई। अच्छी बात यह रही की करीब दो सौ मीटर घसीटने के बाद तार ही कार से छूट गया जिससे उनका भी घसीटना बंद हुआ और लोग भी तार से फंस कर घायल होना बंद हुए। मरहम पटटी के दौरान भी इनका खुन बहना बंद नहीं हो रहा था। घटना के बाद इनकी गंभीर स्थिती को देखते हुए इन्हें तुंरत रिफर कर दिया गया। इस पूरे हादसे में शराबी वाहन चालक ने अपनी गाड़ी नहीं रोकी अंत में लोगों ने गाडी का पीछा करके गाड़ी रूकवाई। बड़े शिशु मंदिर के सामने रूकवाई। घटना के दौरान दो दोस्त कार में और बैठे थे पर मामला देख दोनो फरार हो गऐ। वाहन चालक भी गाड़ी ले फरार होने की फिराक में था पर लोगों ने भांफ लिया और कार के सामने खडे हो गऐ जिसके बाद वह फरार नहीं हो पाया। जैसे ही लोगों की भीड़ कार चालक के पास जुटना शुरू हुई इसी दौरान पुलिस भी मौके में पहुंच गई और आरोपी को गाड़ी सहित कब्जे में ले लिया। आरोपी मूलतः पखांजूर के शुभपल्ली का रहने वाला है और उसका वहां पुराना घर है । पर वह कई वर्षो से रायपुर में दुकानदारी कर रहा है। एक दो माह में कभी कभी पखांजूर अपने स्थानिय दोस्तों के साथ मौज मस्ती करने ही आता है। पखांजूर थाना प्रभारी मोरध्वज देशमुख ने बताया की आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

# कृषि उपज मंडी के नवनियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम हुआ आयोजित

पायनियर संवाददाता ✓ बीजापुर
www.dailypioneer.com



कृषि उपज मंडी समिति बीजापुर का शपथ ग्रहण कार्यक्रम हुआ सम्पन्न, आज के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में अध्यक्ष,उपाध्यक्ष व सदस्यों ने शपथ ग्रहण की, बीजापुर जिला के कृषि उपज मंडी समिति के नव नियुक्त भारसाधक समिति के सदस्यों ने शपथ ग्रहण किया। संचालक कृषि विपणन शाखा रायपुर द्वारा जारी आदेश के अनुसार भारसाधक समिति में सांसद प्रतिनिधि कामेश्वर गौतम अध्यक्ष, नकुल ठाकुर उपाध्यक्ष, रत्ना सोढ़ी, महेश बेलसरिया, मनधर नाग, नंदकिशोर गांधरला, एवं लक्ष्मीनारायण इशरोज सदस्य नियुक्त किये गए।

कृषि उपज मंडी के प्रभारी सचिव कैलाश सोरी ने अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सदस्यों को शपथ दिलाई। इस शपथ ग्रहण कार्यक्रम में बस्तर विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष व क्षेत्रीय विधायक विक्रम मण्डावी ने नव नियुक्त सभी पदाधिकारियों को फूलमाला पहनाकर बधाई व शुभकामनाये दी, शपथ ग्रहण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए बस्तर विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष व क्षेत्रीय विधायक विक्रम मण्डावी ने कहा कि आज बहुत ही खुशी का दिन है, की एक लंबे अरसे के बाद बीजापुर जिला कृषि उपज मंडी को नव निर्वाचित अध्यक्ष उपाध्यक्ष व सदस्यों का टीम मिल रहा है, मुझे पूर्ण आशा व विश्वास है कि अब आगे आपके सफल नेतृत्व में कृषि उपज मंडी आगे बढ़ेगा। जिलाध्यक्ष लालू राठौर ने अपने उध्बोधन में कहा कि ये दूरगामी सोच किसानों के हित में लिया गया फैसला है,असम्भव को सम्भव करने का निर्णय अगर कोई कर सकता है तो वो छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल है, पिछले लगभग एक दशक से मंडी का कोई चुनाव नहीं हुआ, मंडी अधिकृत थी, मंडी के अधिकारी कर्मचारी जितने उनके अधिकार थे, उतना वो अपना काम कर रहे थे, लेकिन एक चुना हुआ जनप्रतिनिधि के न होने से मंडी का जो नुकसान हुआ, किसानों का जो नुकसान हुआ, व्यापारियों का जो नुकसान हुआ ये जिनपर बीती है वो ही जानते है। वर्तमान में राज्य का मुख्यमंत्री राज्य के सर्वांगीण विकास की परिकल्पना को आकार दे रहा है, में तमाम किसान साथियों, व्यापारियों की तरफ से प्रदेश के मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करता हूँ। जानकारी के लिए बतादूँ की छत्तीसगढ़ की सभी 69 कृषि उपज मंडी समितियों में भारसाधक अधिकारियों के जगह भारसाधक समितियों की नियुक्ति कर दी गई है।प्रत्येक समिति में एक अध्यक्ष,एक उपाध्यक्ष व 05 सदस्यों की नियुकि की गई है। संचालक कृषि विपणन रायपुर द्वारा इन भारसाधक समितियों के नियुक्ति के आदेश जारी किए गए है। आज के इस शपथ ग्रहण कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुडियम,बस्तर विकास प्राधिकरण सदस्या व जिला पंचायत सदस्या नीना रावतिया उद्दे,कृषक कल्याण परिषद सदस्य बसन्त राव ताटी, जिला कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष लालू राठौर,नगर पालिका अध्यक्ष बेनहुर रावतिया,नगर पालिका उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम सल्लुर,जनपद अध्यक्षा बोधि ताती, जनपद उपाध्यक्ष सोनू पोटाम, नगर अध्यक्ष संतोष गुप्ता, महार समाज अध्यक्ष सुरेश चंद्राकर, मुश्लिम समाज सदर इम्तियाज खान, सह प्रवक्ता प्रवीण उद्दे, लालू देवांगन, बाबूलाल राठी, उपस्थित रहे।

# लिमदरहा मिडवे में 7 जुलाई को मनाया जाएगा सचिव स्थापना दिवस, चल रही है तैयारियां



पायनियर संवाददाता ✓ केशकाल
www.dailypioneer.com

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 7 जुलाई को पंचायत सचिव स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में जिलास्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। खास बात ये है कि इस वर्ष केशकाल जनपद पंचायत सचिव संघ इस कार्यक्रम की मेजबानी करने वाले हैं। सम्पूर्ण कार्यक्रम ग्राम खालेमुरवेंड के लिमदरहा मिडवे रिजॉर्ट में आयोजित होने वाला है। इस सम्बंध में जानकारी देते हुए ग्राम पंचायत सचिव संघ केशकाल के ब्लॉक अध्यक्ष रमेश नेताम ने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व कोंडागांव विधायक मोहन मरकाम, विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद फूलोदेवी नेताम, केशकाल विधायक संतराम नेताम एवं जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मातलाम को आमंत्रित किया गया है। सभी अतिथियों एवं जिले के समस्त सचिवगण व अधिकारियों की मौजूदगी में सचिव स्थापना दिवस मनाया जाएगा।

# जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा का आयोजन

**दन्तेवाड़ा।** जिले में 27 जून से 24 जुलाई 2022 तक जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा का आयोजन जनसंख्या वृद्धि को रोकने तथा परिवार नियोजन के प्रति लोगों में जागरूकता लाने हेतु स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा पूरे प्रदेश में दो चरणों में किया जा रहा है। प्रथम चरण (जनसंख्या दंपत्ति संपर्क पखवाड़ा) 27 जून से 10 जुलाई 2022 तक रहेगा। जिसके अंतर्गत परिवार नियोजन के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाये जाने हेतु आयोजित किया जा रहा है तथा द्वितीय चरण 11 जुलाई से 24 जुलाई 2020 अंतर्गत परिवार नियोजन सेवा प्रावधानों पर केन्द्रित रहेगा। जिसका विषय है परिवार नियोजन को अपनाओं उपाय लिखे तरक्की का नया अध्याय जिले के समस्त विकासखण्डों में प्रचार-प्रसार करने व लोगों में परिवार नियोजन के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से प्रचार-प्रसार रथ को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जी.सी. शर्मा द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया उक्त रथ के माध्यम से जिले में परिवार नियोजन के स्थाई व अस्थाई साधनों को अपनाने हेतु जागरूक किया जायेगा। इस दौरान जिले के समस्त विकास खंडों में सास बहु सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें परिवार नियोजन के स्थानीय साधन अपनाने हेतु प्रेरित किया जा रहा है।



# ट्यूटर शिक्षकों की नियुक्ति में स्थानीय युवाओं को किया गया नजरंदाज

पायनियर संवाददाता ✓ केशकाल
www.dailypioneer.com



केशकाल विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत किलेपाल एवं बुड़की जुगानार के अंतर्गत प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला में ट्यूटर शिक्षकों की नियुक्ति हेतु पंचायत द्वारा प्रस्ताव पारित किया गया था। लेकिन खण्ड शिक्षा अधिकारी के द्वारा जारी किए गए आदेश में स्थानीय शिक्षकों का नाम चयनित न करते हुए बाहरी शिक्षकों का नाम जारी किया गया है। नियुक्ति की प्रक्रिया में दिशानिर्देशों का पालन न किये जाने के विरोध में स्थानीय युवाओं ने खण्ड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर सूची संशोधित करने की मांग की है।

इस बारे में ग्राम किलेपाल के युवा जितेंद्र सेठिया ने बताया कि ट्यूटर शिक्षकों की नियुक्ति हेतु जारी निर्देशों में यह बताया गया था कि सम्बंधित ट्यूटर स्थानीय ग्राम पंचायत का निवासी होना चाहिए। लेकिन जनपद पंचायत एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी के द्वारा इस नियम को नजरंदाज कर बाहरी शिक्षकों की नियुक्ति जारी किया गया है। जिसका हम सभी पुरजोर विरोध करते हैं। और हम शासन प्रशासन से मांग करते हैं कि इस आदेश को निरस्त कर स्थानीय ट्यूटर शिक्षकों की नियुक्ति की जाए। यदि योग्य होने के बाद भी हमें रोजगार नहीं मिलेगा तो हम नक्सली बनने पर मजबूर हो जाएंगे।

**शिक्षा समिति की बैठक में करेंगे चर्चा-** वहीं इस सम्बंध में खण्ड शिक्षा अधिकारी सी.एल मंडावी का कहना है कि ग्राम किलेपाल व बुड़की जुगनार के युवाओं का आवेदन प्राप्त हुआ है। इस समस्या के निराकरण के लिए जल्द ही शिक्षा समिति के सभापति, सदस्यगण एवं विभागीय अधिकारियों की बैठक रख कर इस सम्बंध में चर्चा की जाएगी। जिसमें नियुक्ति की सूची में संशोधन हेतु आवश्यक निर्णय लिया जाएगा।

## निधन

### एम चन्द्रन दरियो

**भानुप्रतापपुर।** ग्राम रानवाही निवासी 21 वर्षीया एम चन्द्रन दरियो का निधन सुबह हो गया। मनोज दरियो की पुत्री एम चंद्रन कुछ दिनो से अस्वस्थ चल रही थी, और उनका ईलाज अभनपुर के एक निजी हास्पिटल मे चल रहा था।



पिता मनोज दरियो दमकसा हाईस्कूल पीटीआई के पद पर कार्यरत है। जबकि एम चंद्रन अध्ययनरत थीं। अंतिम संस्कार दमकसा मे किया जाएगा।

# आधार शिविर के माध्यम से आधार कार्ड बनाएं : कलेक्टर


पायनियर संवाददाता ✓ दन्तेवाड़ा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर विनीत नंदनवार की अध्यक्षता में जिला संयुक्त कार्यालय के डंकिनी सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक संपन्न हुई। बैठक में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आधार शिविर के माध्यम से वंचित लोगों का आधार कार्ड बनाया जाएं। जिससे उनको राशन, पेंशन एवं अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों के जाति प्रमाण पत्र के संबंध में जानकारी ली और कहा कि बच्चों का समय से ही जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास, आय प्रमाण पत्र बनाना सुनिश्चित करें। नंदनवार ने स्कूल, आश्रम, छात्रावासों, पोटाकेबिन में बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति दर्ज करने के निर्देश दिए। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों, सार्वजनिक वितरण प्रणाली के दुकानों के संचालन के संबंध में पूछा। कलेक्टर नंदनवार ने राज्य शासन द्वारा शुरू किए गए मिलेट मिशन के अंतर्गत जिले में कोदो, कुटकी एवं रागी फसलों के वृहत स्तर पर उत्पादन व फसलों के लिए किसानों के चयन से संबंधित आवश्यक कार्ययोजना बनाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने वन अधिकार पत्र वितरण के संबंध में जानकारी लेते हुए पात्र हितग्राहियों को लाभ देने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत वन अधिकार पट्टा धारी, ऋण पुस्तिका वितरण, किसान क्रेडिट कार्ड इत्यादि जानकारी लेते हुए किसानों को शासन की योजना से लाभान्वित करने को कहा। साथ ही गौठानो, आवर्ती चराई अंतर्गत गोबर खरीदी कर वर्मी कंपोस्ट बनाने के निर्देश दिए। एनीमिया मुक्त दंतेवाड़ा बनाने हेतु कार्य योजना की जानकारी लेते हुए आंगनबाड़ी केंद्रों, स्कूलों, आश्रमों में एनिमिक गर्भवती, शिशुवती माताओं, किशोरी बालिकाओं का सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। कोविड-19 के टीकाकरण की जानकारी लेते हुए शत प्रतिशत टीकाकरण करने तेजी लाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना का नियमित संचालित करने के निर्देश दिए। साथ ही धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर में दवाइयों की उपलब्धता के बारे में पूछा।

# अंदरुनी क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था बदहाल, गोटूल में संचालित कक्षा

पायनियर संवाददाता ✓ पखांजुर
www.dailypioneer.com



मौसमटोला का प्राथमिक शाला गोटूल में संचालित,शासन द्वारा शिक्षा को बेहतर बनाने काफी प्रयास कर रही है। लेकिन ये सब कागजों तक ही सीमित है। जमीनी स्तर पर हकीकत ये है कि आदिवासी अंचलों में स्कूलों की हालत बदहाल है। काफी पुराने बने भवन जर्जर होने के कारण बांस बल्ली के बनने गोटूल में बच्चों का पढ़ाई चल रहा है।क्योकि शाला भवन जर्जर है जिसमें बारिश होने पर कमरों में पानी टपकता है। दीवारों से प्लास्टर उखडने लगे है जिससे दुर्घटना का भी भय बना रहता है। स्कूल भवन जर्जर होने से बच्चों की सुरक्षा की मंशा से वैकल्पिक व्यवस्था के तहत अन्य भवनों में कक्षाएं लग रही है।गौरतलब हो कोयलीबेड़ा ब्लॉक में काफी पुराने बने स्कूल भवन जर्जर स्थिति में है। स्कूल भवन के मरम्मत व निर्माण नहीं होने से भवन जर्जर स्थिति हो गया है,कोई जगह में आज भी बच्चे जर्जर भवन में पढ़ाई करने मजबूर है। कोयलीबेड़ा विकासखंड के ग्राम पंचायत मौसमटोला में प्राथमिक शाला भवन पूरी तरह जर्जर हो गया है। भवन जर्जर होने से बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए पालक व ग्रामीणों ने गोटूल में कक्षा लगाने की व्यवस्था किया है। अभिभावकों द्वारा स्कूल भवन निर्माण व मरम्मत के लिए प्रशासन से मांग की गई। लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।बिशखा मटमी रसोइया से मिली जानकारी अनुसार मध्यान्ह भोजन के लिए भी बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ता है,स्कूल से 500 मीटर दूर गोटूल में पढ़ाया जाता है और भोजन के समय 500 मीटर दूर मध्यन्ह भोजन तैयार होता हैं कुल मिलाकर बच्चों को यहाँ वहाँ भटकना पड़ रहा है।

> भवन जर्जर होने से वैकल्पिक व्यवस्था के तहत गोटूल के भवन में प्राथमिक स्कूल लगाई जा रही है। स्कूल के जर्जर भवन की जानकारी उच्च अधिकारियों को दे दी गई है।
> **आर ठाकुर, शिक्षक**

# रोजगार की मांग को लेकर राज्य सरकार को घेरेगा युवा मोर्चा

पायनियर संवाददाता ✓ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com



युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष कुणाल ठाकुर के नेतृत्व में 5 जुलाई को विधानसभा/जिला स्तरीय बैठक संपन्न हुई। जिसमें प्रदेश नेतृत्व द्वारा तय आगामी कार्यक्रमो की रूपरेखा तैयार की गई। एवं धोखेबाज कांग्रेस सरकार के खिलाफ पोस्टर जारी किया गया।

साथ ही पि.जी.कालेज परीसर के सामने पोस्टर चिपका कर पोस्टर चस्पा की शुरुआत की गई। भाजयुमो जिला प्रभारी रंजीत राजा ठाकुर ने कहा कि छ.ग. कांग्रेस सरकार अपने वादों को भुल चुकी है, प्रदेश के युवा लगातार बेरोजगारी से जुझ रहे हैं, रोजगार की मांग को लेकर 9 अगस्त को प्रदेश व्यापी आंदोलन किया जाएगा। भाजपा जिलाध्यक्ष चैतराम अट्टामी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा मोर्चा के ही बदोलत छ.ग. में कांग्रेस की सरकार को हटाया जाएगा व दंतेवाड़ा में युवा मोर्चा लगातार मजबूत होती जा रही है। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता रामबाबू गौतम, भाजपा महामंत्री धिरेन्द्र प्रताप सिंह व संतोष गुप्ता, मुकेश शर्मा, नंदलाल मुडामी, श्रवण कड़ती, रामू नेताम, दीपक बाजपाई, कुलदीप ठाकुर, सुनिता भास्कर, पायल गुप्ता, खिरेन्द्र ठाकुर, जयदयाल नागेश, अनोज भदौरिया, सोमडु कोर्राम, युवा मोर्चा महामंत्री राघवेन्द्र गौतम, कृष्ण कांत, अभिषेक राठौर, लक्ष्मी नाथ यादव, सुमित भदौरिया, राहुल दुबे, लक्ष्मी यादव, साजन सिंह, राजतिलक, जितेंद्र वट्टी, चंदन ध्रुव, अमित, राहुल असरानी, मोहन ठाकुर, अविनाश, बंटी टेकाम, राजेश नाग, कुक्कु, दिनेश कौशल, बलदेव, निखिल नाग, बृजेश, कुलदीप पोडियाम, सुमित ओयामी, शंभू, नंदलाल, राजेंद्र, रमेश गावड़े, नितेश चिड़याम, रोनाल्डो यादव, वेणु शंकर, मयंक, राहुल ठाकुर इत्यादि युवा मोर्चा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# भ्रष्टाचार-अपराध से छत्तीसगढ़ महतारी शर्मसार, जिम्मेदार कांग्रेस सरकार : श्रीनिवास

पायनियर संवाददाता ✓ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com




पूर्व वन निगम के अध्यक्ष श्रीनिवास मद्दी ने कहा जैसा कि आप सभी को ज्ञात है कि कांग्रेस की भ्रष्ट भूपेश सरकार के कारण छत्तीसगढ़ महतारी एक बार फिर शर्मसार हुई है। प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की डिप्टी सेक्रेटरी के दुर्ग स्थित आवास में आई टी विभाग ने 24 महिने में दूसरी बार रेड किया इसके साथ ही मुख्यमंत्री के करीबी सूर्यकांत तिवारी एवं उनके पार्टनर के साथ कुल 30 स्थानों में कार्यवाही की। इस रेड में कुल 9.5 करोड़ अघोषित कैश एवं 4.5 करोड़ की ज्वेलरी बरामद हुई, साथ ही 200 करोड़ से अधिक के कलेक्शन के भी प्रमाण मिले हैं। यह रेड मुख्य रूप से प्रदेश में कोल ट्रांसपोर्ट से हो रही अवैध कमाई को भी प्रमाणित करती है, इस जांच के दौरान 50 करोड़ की अचल संपत्ति के दस्तावेज भी आई टी विभाग को प्राप्त हुये हैं। विभाग का दावा है कि जांच के दौरान कर चोरी के कई पुख्ता दस्तावेज मिले हैं, साथ ही एकाउन्ट सीट्स और डिजीटल साक्ष्य भी प्राप्त हुये हैं। आयकर अधिकारियों के अनुसार जांच के दौरान सरकारी अधिकारियों को भी नकद भुगतान किये जाने के साक्ष्य मिले हैं जोकि बहुत गंभीर हैं, जिन्हें आई टी विभाग द्वारा गंभीरता से जांच किया जा रहा है। साथ ही जांजगीर की धटना छत्तीसगढ़ के महतारी के ऊपर काला धब्बा है। साथ ही 2 जुलाई की रात को जांजगीर जिले के अकलतरा नगर पालिका छेत्र में वार्ड क्रमांक 2 में पोंडी भट्ठा मोहल्ला में रात को एक अकेली महिला जिसकी उम्र 53 साल की थी, उनका बलात्कार होता है फिर दिल्ली के निर्भया कांड की तरह नृशंस हत्या कर दी जाती है। पुलिस की अधिकृत प्रेस विज्ञप्ति इस जघन्य अपराध की पुष्टि करती है। आरोपी सूरज भोई बाद में पकड़ा जाता है। वह अपना गुनाह कबूल करता है और नशे का जिक्र करता है।आज तक इस बात को लेकर कांग्रेस पार्टी से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। वही हाथरस उत्तर प्रदेश में कोई घटना होती है तो राहुल गांधी और प्रियंका गांधी तुरंत पहुंच जाते हैं। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री से लेकर मंत्री और कांग्रेस के नेता राजनीति करने लग जाते हैं लेकिन जब छत्तीसगढ़ में किसी दलित बेटी के साथ ऐसी वारदात होती है तो ये उसे दबाने में लग जाते हैं। हर रोज गांव-गांव शहर शहर दुष्कर्म हो रहे हैं। कहीं सरकार के अफसर आरोपी हैं तो कहीं पुलिस ही दुष्कर्म के आरोपी की एजेंट बनकर पीड़िता पर समझौता करने दबाव डालती है। छत्तीसगढ़ को भूपेश बघेल कहां ले जा रहे हैं। यहां पर मुंह क्यों बंद है? कांग्रेस की सरकार में छत्तीसगढ़ की युवा पीढ़ी को सरकार क्यों भटका रही है। नवा छत्तीसगढ़ गढ़ने और संस्कृति के नाम पर ढोंग करने वालों ने यह कैसा नवा छत्तीसगढ़ गढ़ दिया है। छत्तीसगढ़ नशे का गढ़ बन गया है। छत्तीसगढ़ की संस्कृति को भूपेश बघेल सरकार की नशा संस्कृति ने जकड़ लिया है और इसकी वजह से पूरे प्रदेश में अपराध की बाढ़ आ गई है। खासकर महिलाओं की अस्मत जान पर बन आई है। गंभीर मामलों को दबाया जा रहा है। निगरानी शुदा बदमाश खुले आम घूम रहे हैं। अकलतरा कांड का यह आरोपी भी ऐसा ही निगरानी बदमाश था। सवाल यह है कि यह कैसी निगरानी है कि निगरानी शुदा बदमाश भूपेश बघेल सरकार की देन अनकंट्रोल नशा का सेवन करके किसी महिला के सम्मान और जीवन का विनाश कर देता है। इस सरकार ने संस्कृति से लेकर कानून व्यवस्था तक की धज्जियां उड़ा दी हैं। कागजी गृहमंत्री से कोई उम्मीद व्यर्थ है। लेकिन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को पद पर बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं रह गया है। इस प्रेस वार्ता में पूर्व वन निगम अध्यक्ष श्रीनिवास मद्दी, दंतेवाड़ा जिला सह प्रभारी वेंकट, भाजपा जिलाध्यक्ष चैतराम अटामी, महामंत्री धीरेन्द्र प्रताप, संतोष गुप्ता, उपाध्यक्ष राकेश कुशवाह, वरिष्ठ भाजपा नेता पुतान सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य रामु नेताम, जनपद अध्यक्ष अंति वेक उपस्थित थे।

# आवेदकों के पास स्वयं पहुंचे कलेक्टर आमजनों की सुनी समस्याएं

## जनचौपाल में मिले 72 आवेदन,7 दिव्यांगों को मिले सहायक उपकरण




पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रजत बंसल ने अपने पहले सप्ताहिक जनचौपाल में स्वयं आवेदकों पास पहुँचकर उनकी समस्याओं को सुनकर आवेदन स्वीकार किया। कलेक्टर के सरल स्वभाव एवं अपने पास देखकर समस्त ग्रामीण एवं अधिकारी भी चकित हो गए। आमजनों ने कलेक्टर को अपने पन से समस्याओं के बारे में अवगत कराया। कलेक्टर बसंल ने भी आवेदनों को त्वरित निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को देते हुए। समय सीमा के भीतर आवेदनों को दर्ज कराया गया। आज जिला स्तरीय जनचौपाल में कुल 72 आवेदन प्राप्त हुए। आज आवेदकों में तहसील बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम सेम्हराडीह के निवासी संतोष ध्रुव ने श्रीसीमेंट कंपनी खपराडीह द्वारा भूमि के बदले स्थायी नौकरी दिलाने का वादा किया था पर आज दिनांक तक नौकरी नहीं मिलने की शिकायत आवेदक के द्वारा की गई। कलेक्टर ने विषय की गंभीरता को देखते हुए अपर कलेक्टर को जांच कर जांच करने के निर्देश दिए है। इसी तरह कसडोल तहसील अंतर्गत ग्राम मड़वा के किसान रामलाल रत्नाकर ने सीमांकन हेतु शिकायत की है। जिस पर कलेक्टर ने एसडीएम कसडोल को समय सीमा के भीतर प्रकरण का निराकरण करने की निर्देश दिए है। इसी तरह बलौदाबाजार नगर के वार्ड क्र.5 के निवासी मिट्ठूराम साहू ने घर के सामने रोड पर गंदगी फैले रहने की शिकायत की है। इसी तरह सिमगा तहसील अंतर्गत ग्राम कुथरौद के ग्रामीणों ने गोपीदास को गाल के ट्यूमर के ईलाज के लिए संजीवनी कोष से मदद के लिए आवेदन किया। जिस पर कलेक्टर ने सीएमएचओ को प्रकरण को निराकरण करने के निर्देश दिए।

**दिव्यांगों को बांटे गए सहायक उपकरण :** जनचौपाल के दौरान कलेक्टर रजत बंसल ने समाज कल्याण विभाग की तरफ दो व्हील चेयर, सहित 5 श्रवण यंत्र दिव्यांग हितग्राहियों को प्रदान किए। सहायक उपकरण मिलने पर हितग्राहियों ने जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। श्रवण यंत्र प्राप्त करने वाले हितग्राहियों में तहसील पलारी अंतर्गत ग्राम कोनारी निवासी 42 वर्षीय रेवती पटेल, ग्राम चुंचरूंगपुर निवासी 11 वर्षीय प्रीतम बघमार एवं 7 वर्षीय बालमति बघमार, सिमगा जनपद अंतर्गत ग्राम गोरदी निवासी 62 वर्षीय रामबाई कोसले, ग्राम मनोहरा निवासी 2 वर्षीय भावेश निषाद एवं पलारी तहसील अंतर्गत ग्राम अमेरा निवासी योगेश कुमार एवं ग्राम रसौटा निवासी 13 वर्षीय कु. निशा पैकरा को व्हील चेयर प्रदान किया गया। सामग्री मिलने पर उनके चेहरे में एक अलग ही प्रकार रौनक रही। इस दौरान अपर कलेक्टर राजेन्द्र गुप्ता सहित समस्त विभागों के जिला अधिकारी गण उपस्थित थे।

### जनचौपाल में दिए आवेदक प्रेमलाल का 3 घंटे के भीतर हुआ समस्या का समाधान

कलेक्टोरेट जनचौपाल में आज तहसील कसडोल अंतर्गत ग्राम मोहतरा ह के निवासी प्रेमलाल साहू ने जनचौपाल में रजिस्ट्री विक्रय प्रमाणीकरण हेतु आवेदन पत्र कलेक्टर रजत बंसल को दिए। उन्होनें ने कलेक्टर को बताया कि मेरा कई महिनों से रजिस्ट्री विक्रय प्रमाणीकरण हेतु तहसील कार्यालय का लगातार चक्क लगा रहा हूं पर मेरा काम नहीं हो रहा है। जिस पर कलेक्टर ने तत्काल अपर कलेक्टर राजेन्द्र गुप्ता को निर्देशित करते हुए समस्या का निराकरण का निर्देश दिए। अपर कलेक्टर राजेन्द्र गुप्ता ने एसडीएम कसडोल एवं तहसीलदार को प्रकरण को अविलम्ब निराकरण करने के निर्देश दिए। जिस पर कार्रवाई करते हुए आवेदक का रजिस्ट्री विक्रय प्रमाणीकरण के साथ-साथ उनका नामांतरण भी 3 घंटे के भीतर कर उन्हे दिया गया। आवेदक प्रेमलाल साहू ने समस्या के तत्काल निराकरण होने पर जिला प्रशासन के प्रति आभार प्रकट किया है।

# जीएसटी के कारण कैंसर की दवाइयां और जीवन रक्षक दवाइयां महंगी हुई : मरकाम

■ जीएसटी से रोजमर्रा के सामान और उपयोगी सामान महंगे

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि मोदी सरकार के वन नेशन वन टैक्स जीएसटी यानि गब्बर सिंह टैक्स लागू होने के पहले के जो आवश्यक वस्तुओं के दाम थे उसमें गब्बर सिंह टैक्स लागू होने के बाद भारी ब?ोत्तरी हुई है। 23 रू. किलो का आटा 30 रू. किलो मिल रहा है। कैंसर बीमारी में उपयोग होने वाली जीवन रक्षक दवाई ब्रोटोजोमाइट जिसकी कीमत 11,160 रु. थी वो गब्बर सिंह टैक्स लगने के बाद 17 हजार रुपये में मिल रही है। डोलो क्रोसिन जिसकी कीमत 14 रु. पर स्ट्रिप था वो अब 20 रु. में मिल रही है। 60 रु किलो का डिटर्जेंट पाउडर 100 रू. प्रति किलो मिल रहा है, 400 रू. की चप्पल 500 रू. मिल रहा है, 105 रू. किलो की कुकिंग ऑयल 216 रू किलो मिल रहा है। कॉटन शर्ट रेडीमेड जो नॉर्मल एवरेज 550 में प्रति यूनिट था आज 700 रु. हो गया है, साबुन की टिकिया 16.50 रू. पैसे से बढ़कर 30 रू. हो गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि जीएसटी लागू करने के दौरान जिस प्रकार से मोदी भाजपा की सरकार ने जो ब?-ब? दावे किए थे देश में आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में एकरूपता और सस्ती होने की बात कही गई थी वह कहीं पर नजर नहीं आ रही है। मोदी सरकार की गलत नीतियों के चलते देश में महंगाई चरम सीमा पर है। लोग रोजगार के संकट से जूझ रहे हैं। व्यापार-व्यवसाय तबाह हो रहा है और देश की जनता का ध्यान इन प्रमुख मुद्दों से भटकाने के लिए भाजपा और उसके अनुवांशिक संगठन धर्म से धर्म को लड़ा कर उन्माद फैलाकर राजनीति कर रहे हैं। देश की जनता भाजपा के इस चरित्र को देख रही है और जीएसटी लगने के बाद एक चलता फिरता देश आज स्थिर हो गया है। अर्थव्यवस्था गर्त पर चली गई है। सरकारी कंपनियां बिक रही है। लोग महंगाई से परेशान हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि मुनाफाखोर मोदी सरकार जनता पर असहनीय और अभूतपूर्व महंगाई का बोझ डालने के बावजूद संतुष्ट नहीं है। अभी तक केवल ब्रांडेड चावल और आटे पर जीएसटी लगता था लेकिन अब मोदी सरकार थैली बंद अनब्रांडेड गेहूं, चावल, आटा, दाल जैसे आवश्यक खाद्यान्नों को जीएसटी के दायरे में लाने की तैयारी कर रही है। अब जनता को इन खाद्यान्न पर 5 प्रतिशत जीएसटी का भुगतान करना होगा। सरकारी प्रावधानों के मुताबिक व्यापारी खाद्यान्नों को खुले में नहीं बेंच सकते उनकी पैकिंग जरूरी है।

# भाजपा कार्यालय में मुखर्जी की जयंती मनाई गई



पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com

भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाटापारा के गोविन्द सारंग भाजपा कार्यालय में डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जयंती भाटापारा विधायक शिवरतन शर्मा की उपस्थिति में मनाये ।

इस अवसर पर विधायक शर्मा ने डॉ मुखर्जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि- डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी जी के त्याग और बलिदान का ही परिणाम है कि आज कश्मीर धारा 370 और 35ए से मुक्त हुआ है। केन्द्र के मोदी सरकार ने कश्मीर को भारत का हिस्सा बनाकर मुखर्जी जी के एक विधान एक निशान और एक प्रधान के संकल्प को पूरा कर उनके सपने को साकार कर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी है। राष्ट्रवादी विचारधारा से राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाने वाले डॉ मुखर्जी ने भारत के नवनिर्माण के लिए भारतीय जनसंघ की स्थापना की थी जो आज भारतीय जनता पार्टी के नाम से सिर्फ देश में ही नही अपितु पूरे विश्व की सबसे बडी सदस्यों वाली पार्टी के रुप में जनता की सेवा कर रही है और भाजपा पार्टी चाहे केन्द्र में हो या राज्य में डॉ मुखर्जी के राष्ट्रवादी विचारधारा का अनुशरण करते हुए देश की वैभवता, सम्पन्नता, सुरक्षा और सक्षमता को और शिखर की ओर बढाने का कार्य कर रही है। इस अवसर पर भाजपा जिला मंत्री महाबल बघेल , मंडल अध्यक्ष मनेन्दर सिंह सोनी, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सुनील यदु, योगेश अनंत, परस देवांगन, पवन वर्मा, आशीष टोडर, अजीत निषाद, अभिषेक दास, शेखर ठाकुर , सतीश तलरेजा, लुकु साव, मेमदास, बद्री पटेल , राजकुमार पटेल, राकेश पटेल , मनहरण पटेल सहित बडी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सुरसा की मुंह की तरह लगातार बढ़ती ही जा रही है महंगाई : वंदना राजपूत

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



रसोई गैस सिलेंडर के बढ़ती दाम को लेकर प्रदेश प्रवक्ता वंदना राजपूत ने केंद्र सरकार को जम कर कोसा और कहा कि महंगाई जो है सुरसा की मुंह की तरह जो है लगातार बढ़ती ही जा रही है.महंगाई की आग में पहले से जल रहे आम आदमी को अब रसोई गैस सिलेंडर की तपिश और भी अधिक झेलनी पड़ेगी. केंद्र सरकार के द्वारा 14.2 किलोग्राम वाले रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में फिर से 50 रुपये का इजाफा कर दिया है.अब गैस सिलेंडर रिफिंलिग करवाने के लिए 1134 रुपए देने होगें. महंगाई कम करने के दावे करने वाले मोदी ने तो आज लोगों का दो वक्त की रोटी को भी छिन्न रहा है. लगातार बढ़ती गैस सिलेंडर के दाम के कारण उज्ज्वला योजना के 95 प्रतिशत लाभार्थी गैस रिफिंलिग नही करवा पा रहे है । लकड़ी के चूल्हे में खाना बनाने को मजबूर है महिलाएं घर के बजट बिगड़ गया है महिलाएं बहुत ही परेशान है.बढ़ती महंगाई के कारण घर का बजट बिगड़ गया है। प्रदेश प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि रसोई गैस सिलेंडर महंगा, पेट्रोल ,डीजल महंगा ,खाद्य पदार्थ महंगा ,स्टेशनरी के समान महंगा रोजमर्रा के हर एक आवश्यक वस्तु महंगा. मध्यम वर्ग और गरीब तबके के लोगों का जीना नही जीना एक समान हो गया है। लगातार बढ़ती महंगाई को अनदेखा कर रहे है भाजपा नेता। अब गैस सिलेंडर को सर पर लेकर सड़कों पर आंदोलन क्यों नही कर रहे है जब यूपीए सरकार में गैस सिलेंडर का मूल्य 410 रुपए होने पर स्मृति ईरानी सिलेंडर को लेकर हल्का मचाते थे और वही सिलेंडर के मूल्य 1134 रूपये होने पर स्मृति ईरानी को कोई फर्क नहीं पड़ रहा है क्यों. यूपीए सरकार में महंगाई को लेकर मोदी से लेकर रमन सिंह , सरोज पांडे ,रेणुका सिंग बड़े-बड़े बात करते थे अब बेलगाम महंगाई पर बोलती बंद पड़ गई.केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए वंदना राजपूत ने कहा कि महंगाई कम करने की बात तो छोड़ ही दो जो महंगाई बढ़ रही है उसे रोकने के लिये केंद्र सरकार ने कोई एक भी सार्थक प्रयास नहीं किये.केवल अच्छे दिन की वादे करते रहे।

# अविनाश कैपिटल होम-2 व अविनाश सनसिटी में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

अविनाश ग्रुप के रेजीडेंशियल प्रोजेक्ट अविनाश कैपिटल होम-2, सड्डू और अविनाश सन सिटी, सड्डू में 7 जुलाई से तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव शुरू हो रहा है। इसके तहत अविनाश सनसिटी में श्री राधाकृष्ण मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आह्वान किया गया है, जिसमें पहले दिन निर्धारित समय पर मूर्ति स्वागत, भूमि पूजन, कलश यात्रा व वेदी पूजन आदि होंगे। दूसरे दिन पुनः वेदी पूजन सहित नगर भ्रमण शैयाधिवास और तीसरे दिन प्राण प्रतिष्ठा अभिषेक, विधिवत पूजन-हवन और प्रसादी वितरण का कार्यक्रम रखा गया है। इसी तरह अविनाश कैपिटल होम-2 में 7 जुलाई को नर्मदेश्वर महादेव की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की शुरुआत होगी। पहले दिन पंचांग पूजन, कलश यात्रा सहित अन्य पूजन कार्यक्रम होंगे। दूसरे दिन पुनः वेदियों का पूजन, रथयात्रा व हवन किया जाएगा। तीसरे दिन प्राण प्रतिष्ठा मूर्ति स्थापना, पूर्णाहूति, आरती, प्रसाद वितरण और भंडारा रखा गया है।

# अजय चन्द्राकर के नेतृत्व में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन




पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती अवसर पर अजय चन्द्राकर के नेतृत्व में धमतरी विधायक रंजना साहू के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार के द्वारा अघोषित बिजली कटौती, किसानों को ज़बरदस्ती गोबर खाद ख़रीदने, खाद-बीज की क़िल्लत, शराब बंदी के साथ छलावा, स्थाई पंप कनेक्शन बंदी हालत एवं राज्य के कांग्रेस सरकार के द्वारा जनघोषणा पत्र में किये गये वादों को याद दिलाने कुरूद विधानसभा के प्रत्येक बुथों से भाजपा कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के नागरिक किसान सहित 2900 लोगों नें छत्तीसगढ़ सरकार के खिलाफगिरफ्तारी दिया।

# भाजपा सांसदों को रेल यात्रियों की चिंता नहीं : धनंजय

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के प्रमुख ट्रेनों को और 14 दिनों के लिए कैंसिल करने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि हवाई यात्रा एवं लग्जरी गाड़ियों में सफर करने वाले भाजपा नेताओ और सांसदों को ट्रेन बन्द होने से परेशान रेल यात्रियों की चिंता नहीं है। बीते 2 माह से अधिक समय हो चुका है जब छत्तीसगढ़ के लोकल और प्रमुख ट्रेनों को बिना सूचना अचानक रद्द करने का आदेश जारी कर दिया जाता है जिसके चलते छत्तीसग? के लाखों रेलयात्री जो लोकल ट्रेन से रोजमर्रा के कामकाज शासकीय कर्मचारी, निजी कामों और स्कूल कालेज, आसपास के शहरों में रोजी मजदूरी करने जाते हैं उन को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा है एवं छत्तीसगढ़ से अन्य प्रदेश जाने के लिए तीर्थयात्रा, पारिवारिक कार्यक्रम में सुख-दुख में शामिल होने रिश्ते नातेदारों से मिलने पहले से टिकट आरक्षित कराएं यात्रियों को भी टिकट कैंसिल होने के बाद यात्रा में करने में बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एक ओर ट्रेन को बंद कर दिया गया है पहले से आरक्षित टिकटों को कैंसिल कर दिया गया है दूसरी ओर डीजल और पेट्रोल की महंगी कीमत एवं सड़कों पर वसूले जाने वाले भारी भरकम टोल टैक्स के चलते आम व्यक्ति निजी वाहन या टैक्सी किराये पर लेकर यात्रा भी नहीं कर पा रहे है। इस भारी भरकम महंगाई में सिर्फ रेलयात्रा ही संभव है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने भाजपा नेताओं और सांसदों के ट्रेन रद्द होने पर दिए जा रहे बयान पर तंज कसते हुए कहा कि यह पहली बार हो रहे कि मेंटेनेंस के नाम से मात्र यात्री ट्रेनों को बंद किया गया है जबकि उसी रेल लाइन पर हजारों टन कोयला लोडकर माल गाड़ियां बेधड़क चल रही है और केंद्र सरकार उसे मुनाफा कमा रही है ऐसा पहली बार हो रहा है जब मेंटेनेंस के नाम से लंबे समय से ट्रेनों को बंद किया गया है जबकि रेलवे में मेंटेनेंस का काम रोज होता है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने सवाल पूछा कि तीसरी लाइन के निर्माण के चलते पहली और दूसरी लाइन के चलने वाले यात्री ट्रेनों को ही क्यों बंद किया गया है जबकि उसी लाइन पर मालवाहक गाड़ियां चल रही है।

## निधन

### रामनारायण गुप्ता



**रायपुर।** श्रीनगर गुढियारी, रायपुर निवासी रामनारायण गुप्ता का 85 वर्ष की उम्र में दिनांक 6 जुलाई, 2022 को निधन हो गया। उनका अन्तिम संस्कार 7 जुलाई को सुबह 11 बजे राजेन्द्र नगर, काली मन्दिर मुक्तिधाम में किया जायेगा। वे मुरलीधर गुप्ता एवं राजकुमार गुप्ता के पिता एवं हीरालाल गुप्ता के ससुरजी एवं रवि प्रकाश गुप्ता ,विकास कुमार गुप्ता , शुभम गुप्ता एवं अनुराग गुप्ता के दादाजी थे।

## 28 करोड़ रूपए के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन

# नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों को आमजनों के लिए सर्वसुविधायुक्त बनाया जा रहा है : डहरिया

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com





नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने कहा है कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्य के सभी नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों को आमजनों के लिए सर्वसुविधायुक्त बनाया जा रहा है। इन क्षेत्रों में बुनियादी आवश्यकता के कार्य प्राथमिकता के साथ पूरे किए जा रहे हैं। आवागमन की सुविधा के लिए सड़क, शिक्षा व्यवस्था के लिए स्कूल, स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए अस्पताल, शुद्ध पेयजल के लिए टेप नल सहित सभी मूलभूत सुविधाओं के कार्य किए जा रहे है। डॉ. डहरिया ने रायपुर जिले के नगर पालिका आरंग में आयोजित लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बाते कही।

डॉ. डहरिया ने नगर पालिका आरंग क्षेत्र के करीब 28 करोड़ रूपए की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इनमें 6 करोड़ 43 लाख 11 हजार रूपए की लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण और 21 करोड़ 64 लाख 12 हजार रूपए की लागत के विकास कार्यों का भूमिपूजन शामिल है। लोकार्पित कार्यों में सामुदायिक भवन, सी.सी.रोड, नाली, शाला भवन, बाउण्ड्रीवाल सहित अन्य निर्माण कार्य शामिल हैं। इसी प्रकार बस स्टैण्ड, खेल मैदान, शौचालय निर्माण, सी.सी.रोड, सांस्कृतिक भवन, नाली निर्माण सहित अन्य विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया।

नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री ने आगे कहा कि आम लोगों की सुविधा के लिए सभी मूलभूत कार्य प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराएं जा रहे हैं। आम लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सुव्यवस्थित बाजार भी बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि स्कूल में अध्ययन-अध्यापन के लिए अनुकूल वातावरण देने के लिए आरंग में करीब ढाई करोड की लागत से सर्व सुविधायुक्त नया बुनियादी शाला भवन बनाया गया है। डॉ. डहरिया ने बताया कि इस नव निर्मित स्कूल में 16 कमरे, लायब्रेरी हॉल, साईंस लैब, अहातायुक्त सुरक्षित कैम्पस और शुद्ध पेयजल की सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। सर्वसुविधा युक्त स्कूल भवन मिल जाने से छात्र-छात्राओं में हर्ष व्याप्त है। उन्होंने बताया कि बैहार में करीब तीन करोड़ रुपए की लागत से नवीन स्वामी आत्मानंद स्कूल भवन बनाया जा रहा है। शुद्ध पेयजलापूर्ति के लिए पाइप लाइन विस्तार कार्य किया जा रहा है। पर्यावरण संरक्षण एवं सौंदर्यीकरण के लिए सड़क किनारे वृक्षारोपण किया जा रहा है। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्रशेखर चंद्राकर, कोमल साहू, विभिन्न समाज के पदाधिकारी, नगरीय निकाय के पार्षद, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

# पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने महिला मोर्चा देगी एक दिवसीय धरना

■ छत्तीसगढ़ निर्भया कांड के दोषी को दिया जाएं तत्काल फांसी की सजा : शालिनी राजपूत

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा छत्तीसगढ़ के अकलतरा निर्भया कांड के पीड़िता के परिवार को तत्काल न्याय दिलाने एक दिवसीय धरना देगी। जांजगीर के कचहरी चौक में कल 07 जुलाई को दोपहर 01 बजे शाम 04 बजे तक महिला मोर्चा की प्रदेशभर की कार्यकर्ता धरना देकर अपना विरोध दर्ज कराएंगी। इसके साथ ही ज्ञापन सौंपा जाएगा। महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती शालिनी राजपूत ने कहा कि प्रदेश मे इस घटना से सभी दुखी व आहत है। प्रदेश की महिला विरोधी सरकार को महिलाओं की सुरक्षा की जरा भी चिंता नहीं है। पुलिस का भय खत्म सा हो गया है। पुलिस महिला सुरक्षा के बजाय अपराधियों को सुरक्षित करने के लिए ज्यादा ध्यान दे रही है। इसी कारण पूरे प्रदेश में महिलाओं पर अपराध का आंकड़ा बढ़ती जा रही है। उन्होंने मांग की है कि छत्तीसगढ़ निर्भया कांड के दोषी को तत्काल फांसी देकर पीड़ित परिवार न्याय दिलाया जाए। जिसके लिए पूरे प्रदेश से मातृशक्ति जुट रही है। धरना प्रदर्शन में भाजपा प्रदेश महामंत्री नारायण चंदेल,अकलतरा विधायक सौरभ सिंह, महिला मोर्चा की प्रदेश प्रभारी व पूर्व मंत्री लता उसेंडी, सांसद गोमती साय,पूर्व सांसद कमलादेवी पाटले,भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा उषा टावरी, सुनीती राठिया, सहित महिला मोर्चा की पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहेंगी।

# भिलाई निगम क्षेत्र में आवारा पशुओं की हुई धरपकड़ 22 आवारा मवेशियों को पकड़कर भेजा गौठान



पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई, क्षेत्र अंतर्गत सड़कों पर घूमने वाले आवारा पशुओं की धरपकड़ की गई, साथ ही निगम का अमला पशुपालकों से रोका-छेका संकल्प अभियान के तहत पशु मालिकों समझाईश दे रहे है कि वे अपने मवेशी के चारा, पानी सहित समुचित व्यवस्था स्वंय करें। निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने गोधन को संरक्षित करने रोका-छेका संकल्प अभियान के तहत पशु मालिकों को अपने मवेशी की सुरक्षा स्वंय करने, चारा, पानी की समुचित व्यवस्था करने कहा है जिससे अनावश्यक घूमने वाले मवेशियों के चलते परेशानी न हो। भिलाई निगम के अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने बताया कि सड़कों पर आवारा पशुओं के घूमते हुए पाए जाने पर उन्हें पकड़ने की कार्यवाही की जा रही है। पकड़े हुए मवेशियों को शहरी गोठान में रखा जा रहा है और पशुमालिकों से अर्थदण्ड लेकर लौटाया जा रहा है, इसके बाद भी दोबारा पशुपालक के पशु आवारा की तरह सड़कों पर घूमते हुए पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा गोधन को सुरक्षित एवं संरक्षित करने के लिए भरपूर प्रयास किए जा रहे हैं। सड़कों पर आवारा घूमने वाले पशु यातायात में बाधक बनकर दुर्घटना का कारण बनते हैं जिससे होने वाली दुर्घटना में पशुधन एवं जनधन दोनों की हानि होती है। निगम की अपील है कि इससे बचने के लिए पशुपालक अपने पालतू मवेशियों को सड़कों पर आवारा घूमने न दें। आवारा पशुओं को पकड़ने के लिए परमेश्वर चंद्राकर ने बताया कि दल ने मुख्य रूप से आकाश गंगा सब्जी मंडी, प्रियदर्शनी परिसर, नेहरू नगर चौक से डबरापारा चौक तक नेशनल हाईवे, नंदिनी रोड, छावनी चौक, कुरूद, अवंती बाई चौक, गदा चौक, सुपेला चौक का निरीक्षण कर आवारा पशुओं को पकड़ने की कार्रवाई की। सड़क किनारे घूम रहे कई आवारा पशुओं की धरपकड़ अब तक की जा चुकी है, आज आकाश गंगा सब्जी मंडी से 22 आवारा पशुओं को पकड़ा गया। पकड़े गए गाय, बैल, भैंस, बछिया व अन्य पशुओं को निगम द्वारा संचालित शहरी गौठान में रखा गया है।

# आजादी का अमृत महोत्सव के तहत टॉक शो एवं स्वच्छता अभियान का आयोजन



पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com



इस्पात मंत्रालय के निर्देशानुसार एनएमडीसी लिमिटेड,बीआईओएम किरन्दुल कॉम्प्लेक्स में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत आज केंद्रीय विद्यालय किरंदुल में सुबह के समय टॉक शो का आयोजन हुआ।इस कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए विभिन्न सामाजिक एवं ज्वलन्त मुद्दों जैसे कि सिंगल यूज् द प्लास्टिक का इस्तेमाल न करना, स्वच्छ भारत अभियान तथा कचरा प्रबंधन आदि मुद्दों पर अपने विचार रखा। उसी तरह दोपहर के समय किरंदुल परियोजना के समीप ग्राम कोडेनार में स्वच्छ भारत अभियान के अन्तर्गत ग्राम स्वच्छता एनएमडीसी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा की गई। इन दोनों कार्यक्रमों में छात्र-छात्राओं के साथ एनएमडीसी के अधिकारियों, कर्मचारियों की भारी उपस्थिति रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में धर्मेंद्र सिन्हा, जी. वेलबसंथन, एम. सिद्धिबाबू, अलका सिंह, शिव प्रसाद गुप्ता तथा डा. वीसी द्विवेदी, केन्द्रीय विद्यालय के साथ ही शिक्षक-शिक्षिकाएं सहित एनएमडीसी के कर्मचारी उपस्थित थे।

# आयुक्त पहुंचे विकास कार्यो का जायजा लेने जल्द पूर्ण करने अधिकारियों को दिये निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम के नव नियुक्त आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे निगम क्षेत्रांतर्गत चल रहे विभिन्न विकास कार्यो के जायजा मौका पर पहुंचे वहां उन्होने चल रहे निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया तथा संबंधित एजेन्सी व अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य को जल्द कराने का निर्देश दिया। इस निरीक्षण के दौरान विभाग के अधिकारियों जिसमें उपायुक्त मोहेन्द्र कुमार साहू, प्रभारी कार्यपालन अभियंता शंकर दयाल शर्मा, सहायक अभियंता प्रकाश थवानी, उपअभियंता विकास दामहे, पंकज साहू, भीमराव भी उपस्थित थे।नव नियुक्त आयुक्त विकास कार्यो का जायजा लेने सर्वप्रथम दीपक नगर में निर्माणाधीन आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल पहुंचकर चल रहे निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया तथा वहां निर्माणाधीन एजेन्सी व संबंधित अधिकारी को गुणवत्ता के साथ उक्त कार्य को समय सीमा के अंतर्गत पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उसके पश्चात् श्री सर्वे ठगडाबांध सौदर्यीकरण स्थल पहुंचकर वहां के कार्यो का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिये तथा समय पर कार्य को पूरी करने निर्देशित किया।उन्होने शहर की महत्वकांक्षी योजना गौरव पथ का भी जायजा लिया उन्होने वहां पर हो रहे नाली, सड़क निर्माण कार्यो की गुणवत्ता को देखा व आवश्यक निर्देश दिये । साथ ही साथ जे.आर.डी.स्कूल में डी.एम. एफ फण्ड से चल रहे स्कूल के रेनोवेशन कार्य को देखा, उन्होने उसके बारे में विस्तृत जानकारियां संबंधित अधिकारियों से लिया तथा उक्त कार्य को भी शीघ्र पूर्ण करने को कहा । साथ ही निगम क्षेत्र में चल रहे अन्य निर्माण कार्यो की भी जानकारियां ली तथा समय सीमा अंतर्गत बिना विलम्ब किये स्वीकृत कार्यो को प्रारंभ करने कर संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया।

## कौशल परीक्षा से निर्धारित होगी कुटुंब न्यायालय में भर्ती

**दुर्ग।** कुटुंब न्यायालय दुर्ग की स्थापना शाखा में स्टेनोग्राफर (हिन्दी), एवं सहायक ग्रेड-03 (सेलअमीन/आदेशिका लेखक/साक्ष्य लेखक) के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती के लिए भारतीय नागरिक और भारत शासन द्वारा मान्य श्रेणियों के अभ्यर्थी, 17 जून से 15 जुलाई तक आवेदन शासकीय रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट आफलाईन माध्यम से कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

रिक्त पदों की संख्या 14 है, जिसमें 03 पद स्टेनोग्राफर व 11 पद सहायक ग्रेड 03 के लिए है। रिक्त पदों की भर्ती के लिए कौशल परीक्षा हिंदी टाइपिंग टेस्ट कंम्प्यूटर में 5000 ''की पर घंटे'' रखा गया है। विस्तृत जानकारी के लिए जिला न्यायालय दुर्ग की वेबसाईट ीजजचेरूध्ध्कपेजतपबजेण्मबवनतजेण्हवअण्पदध्कनतह में देख सकते हैं।

## किरंदुल में जे डी स्टोर्स की संबंधित संस्थान आदित्य ट्रेडर्स का शुभारम्भ



पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com

नगर की सबसे पुरानी और प्रतिष्ठित संस्थान जे डी स्टोर्स की संबंधित संस्थान मेसर्स आदित्य ट्रेडर्स का बस स्टैंड स्तिथ नए शोरूम का भव्य शुभारम्भ बुधवार को एक गरिमामय कार्यक्रम में संस्थान के संस्थापक श्री श्याम सुंदर माकन के कर कमलों से किया गया । ज्ञातव्य हो कि इस नवीनतम संस्थान में एक ही छत के नीचे सीमेंट, सरिया, बिजली सामान, सैनिटरी सामान, और पूरी हार्डवेयर की सम्पूर्ण श्रृंखला मौजूद रहेगी, संचालक धीरज माकन ने बताया कि वाजिब मूल्य,बेहतर क्वालिटी और ग्राहक सन्तुष्टि के साथ विगत 25 वर्षो से हमारी संस्थान अपनी सेवाएं नगरवासियों को प्रदान कर रही है और इस नए वेंचर का साथ अब ग्राहकों को और सुविधा प्रदान करना हमारा उद्देश्य है,श्री माकन ने बताया कि उनकी संस्थान अल्ट्राटेक सीमेंट, सागर सीमेंट,गोयल सरिया, ब्लू लाइन टी एम टी,सोमानी टाइल्स,एंकर फ़िलिप्स,क्लिक के बिजली उत्पाद के साथ साथ एशियन पेंट्स जैसी नामी कंपनियों के उत्पादों में डील करते है। शुभारंभ के अवसर पर नगर के कई गण्यमान्य लोग मौजूद रहे।

## नियमानुसार वेतन और कटौती का निगम प्रशासन ने दिखाया डाटा, चुप्पी साधे नेतृत्वकर्ता

पायनियर संवाददाता ◄ रिसाली
www.dailypioneer.com

समय पर ईएसआई कटौती नहीं होने की जानकारी भ्रामक निकली। मंगलवार को निगम प्रशासन ने सभी ठेका श्रमिकों का दस्तावेज मंगाकर सार्वजनिक किया। इसके बाद प्रदर्शन करने वाले श्रमिक न केवल शांत हुए, बल्कि श्रमिकों का पक्ष लेकर हल्ला मचाने वाले विपक्ष दल के पार्षद भी दबे पांव लौट गए।

कार्यालय खुलते ही कुछ कर्मचारी परिसर में एकत्र होने लगे थे। उनका कहना था कि वे ठेका श्रमिक है। निगम ठेकेदार को हर माह एजेंसी को लाखों का भुगतान करती है। इसके बाद भी उनका हक उन्हें नहीं मिल रहा है। ईएसआई और पीएफ का पैसा उनके खाते में जमा नहीं हो रहा है। यही मामला धीरे-धीरे गरमाने लगा और कार्यालय में प्रदर्शन का रूप ले लिया। स्थिति को देखते हुए निगम के अधिकारियों ने न केवल एजेंसी को तलब किया, बल्कि सारे दस्तावेज को खंगालने के बाद स्थिति को स्पष्ट किया। इसके बाद प्रदर्शनकारियों के साथ आवाज बुलंद करने वाले लौट गए।

### इसलिए भ्रम की स्थिति

दरअसल कुछ पुराने ठेका श्रमिक नई एजेंसी में काम कर रहे है। नए एजेंसी में वे अपने पुराना खाता को मर्ज कराया है। पुराना एकाउंट में राशि जमा नहीं दर्शाने पर भ्रम की स्थिति बनी हुई है। जानकारी के मुताबिक नए एजेंसी नियमित कटौतीकर राशि खाते में जमा कर रही है। बकाया जो दर्शा रहा है वह पुराना खाता है। नगर पालिक निगम रिसाली के अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को समझाईश दी कि वे सीधे प्रदर्शन न करे। समस्या होने पर संबंधित एजेंसी से बातचीत करे। समस्या का निराकरण नहीं होने पर वे त्रीपक्षीय बैठक कर समस्या का निराकरण करेंगे।

## टीबी न फैले इसलिए शुरू किया टीबी प्रीवेंट ट्रीटमेंट



पायनियर संवाददाता ◄ कबीरधाम
www.dailypioneer.com

**■ क्षय रोग पर नियंत्रण के लिए जिले में हुई नई शुरुआत**

क्षय (टीबी) रोग पर नियंत्रण के लिए कबीरधाम जिले में नई शुरुआत की गई है। इसके अंतर्गत टीबी रोग से ग्रसित लोगों को दवा देने के साथ ही टीबी प्रीवेंट ट्रीटमेंट (टीपीटी) भी दिया जा रहा है ताकि खासकर फेफड़े वाली टीबी जैसी अन्य संक्रामक टीबी को फैलने से रोका जा सके। इस शुरुआत के साथ कबीरधाम छत्तीसगढ़ का पहला ऐसा जिला बन गया है, जहां टीपीटी दिया जाना शुरू किया गया है।

जिला क्षय रोग अधिकारी (डीटीओ) डॉ. बीएल राज ने बताया: टीबी रोग पर नियंत्रण के लिए किए जा रहे प्रयासों के अंतर्गत टीबी ग्रस्त लोगों के उपचार के लिए उन्हें नियमित रूप से दवाई तो दी ही जा रही है। साथ ही अब इंफेक्शन मोड पर भी दवा शुरू की गई है और टीबी प्रीवेंट ट्रीटमेंट (टीपीटी) दिया जा रहा है, ताकि संक्रमण भविष्य में बीमारी का रूप न ले पाए। उन्होंने आगे बताया: किसी न किसी के शरीर में बैक्टीरिया हो सकता है इसलिए टीपीटी उन घरों में विशेष रूप से दी जा रही है, जहां टीबी संचार का खतरा है- जैसे-फेफड़े वाली टीबी के मरीज के घर। इस पहल से टीबी रोग पर नियंत्रण करने में काफी हद तक सफलता मिल सकती है। टीबी रोग पर नियंत्रण के उद्देश्य से जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र में सघन सर्वे अभियान भी चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत टीबी के संभावित मरीज को चिन्हित करने के लिए सभी आयु वर्ग के लोगों की जांच की जा रही है। रोग की पुष्टि होने की स्थिति में नजदीक के स्वास्थ्य केंद्र में पीड़ित का उपचार शुरू कराया जाएगा। जिला कार्यक्रम समन्वयक आनंद दास महंत ने बताया: छत्तीसगढ़ को वर्ष 2023 तक टीबी मुक्त बनाने के उद्देश्य से किए जा रहे प्रयासों की कड़ी में कबीरधाम जिले में लगातार जन-जागरुकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसे प्राथमिकता में रखकर जिले की जेल, खदान, आश्रय गृह व अन्य संवेदनशील जगहों के साथ ही गांव तथा शहर की विशेषकर मलिन बस्तियों में टीबी रोगी के चिन्हांकन के लिए 25 मई से सघन सर्वे किया जा रहा है, जो कि 10 जुलाई तक चलेगा।

.इसी कड़ी में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा उन घरों के लोगों को टीबी प्रीवेंट ट्रीटमेंट (टीपीटी) दिया जा रहा हैए जहां टीबी के संचार का खतरा है। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुजॉय मुखर्जी ने बताया: टीबी रोग पर नियंत्रण करने हेतु जिले में पहली बार टीबी प्रीवेंट ट्रीटमेंट शुरू किया गया है। टीबी प्रीवेंट ट्रीटमेंट के लिए राज्य के 12 जिलों का चयन किया गया है जिनमें सबसे पहले कबीरधाम जिले में इसकी शुरुआत की गई है। यह सेवा चिन्हित टीबी ग्रस्त लोगों के घरों में दी जा रही है, ताकि लक्षण महसूस होने पर शुरुआत में ही टीबी रोग को फैलने से रोका जा सके।

## नगर पालिका परिषद की सीमा में 10 जुलाई तक कर सकते है दावा-आपत्ति

**दुर्ग.** छत्तीसगढ़ नगर पालिका परिषद अधिनियम के अधीन ग्राम पंचायत मरगघटा, ग्राम पंचायत भोथली एवं ग्राम पंचायत खुड़मुड़ा को नगर पंचायत अमलेश्वर की सीमा में शामिल करते हुए, नगर पालिका परिषद अमलेश्वर के गठन किया गया है। छत्तीसगढ़ राजपत्र में 30 जून 2022 को प्रारंभिक प्रकाशन किया गया था। छत्तीसगढ़ राजपत्र प्रकाशित होने के दिनांक से 10 दिन के भीतर कोई भी स्थानीय प्राधिकारी अथवा नागरिक अपनी दावा आपत्ति/सुझाव कलेक्टर कार्यालय दुर्ग के कक्ष क्रमांक 21 में कार्यालयीन दिवस में प्रस्तुत कर सकते है।

## थाना बोडला पुलिस ने की अवैध मादक पदार्थ गांजा तस्करों के विरूद्ध कार्यवाही

**■ 14.250 किलो गांजा के साथ एक मोटर सायकल मे दो आरोपी गिरफ्तार**

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com




पुलिस अधीक्षक डां लाल उमेंद एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा ठाकुर रावटे के निर्देशन एवं जगदीश उईके अनुविभागीय पुलिस अधिकारी बोड़ला के मार्ग दर्शन में अवैध शराब परिवहन, मादक पदार्थ गांजा तस्करो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत दिनांक 04.07.22 के दरमियानी थाना बोडला टीम द्वारा सघन वाहन की चेकिंग की जा रही थी इसी दौरान पोडी की ओर से एक हिरो HF- Delux मोटर सायकल क्र 14 EF 8538 को चेक करने पर काले रंग के बैग एवं मोटर साकयल के डिक्की मे रखे मादक पदार्थ गांजा कुल जुमला वजन 14.250 किलोग्राम कीमती 1,42500/- रू ,एक विवो कम्पनी का टच मोबाईल कीमती 10000/- रूपये एवं परिवहन करते ले जाते मो0सा0 HF- Delux काला रंग का क्रमांक क्र 14 EF 8538 किमती करीब 40000/- रूपये कुल जुमला किमती 1,92500/- रूपये को आरोपी चालक हरकेश उर्फ हरिकेश चौधरी उम्र 18 साल 09 माह 2. राजकुमार चौधरी पिता राजसिंह चौधरी उम्र 19 साल दोनो साकिनान ग्राम जट्टारी थाना टप्पल तह0 खैर जिला अलीगढ उत्तरप्रदेश के कब्जे से जप्त किया गया है।

जिस पर थाना बोडला मे अपराध क्रमाक 197/22 धारा 20(ख) एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही कर दोनो आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा गया है उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी बोड़ला निरीक्षक श्री व्यास नारायण चुरेन्द्र के मार्ग निर्देशन मे उपनिरीक्षक रामकिशन मरकाम, सउनि गोंविद चन्द्रवंशी प्रधान आर.राबेन सेन, पेखेन्द्र जांगडे, आरक्षक नन्हे नेताम, संतोष कुमार,संजीव वैष्णव, रतिराम यादव का महत्वपुर्ण योगदान रहा।

## नगर पंचायत देवकर में हुआ गैस एवं चूल्हा वितरण



पायनियर संवाददाता ◄ देवकर
www.dailypioneer.com

देवकर नगर पंचायत के टाउन हॉल में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 34 उपभोक्ताओं को घरेलू रसोई गैस सिलेंडर और चूल्हा का वितरण किया । इस मौके प्रतिनिधि ने कहा कि दर्जनों लोगों के बीच गैस सिलेंडर वितरण किया जा चुका है । उन्होंने कहा जिन लोगों को गैस मिला है। वे सुरक्षित उपयोग करें। कहा कि जिन राशन कार्डधारियों को गैस चूल्हा नहीं मिला है। वे अपना आधार कार्ड, राशन कार्ड का फोटो कॉपी जमा करें। मैं प्रयास करुंगा कि उन्हें उज्जवला गैस कनेक्शन मिल जाए।

इस दौरान विधायक प्रतिनिधि विनोद कुंजाम, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि बिहारी साहू , एल्डरमैन रोशन अग्रवाल, सतीष ढीमर, पार्षद सरोज साहू, पूर्व उपाध्यक्ष राधे ढीमर एवं समस्त हितग्राही उपस्थित रहे ।

## विधायक, महापौर, कलेक्टर एवं आयुक्त ने नागरिकों से की अपील, वन ट्री मुहिम पर रोपे जाएंगे पौधे

**■ हम आपको दे रहे है निःशुल्क पौधे, पौधे हमारे सहयोग आपका हर घर होगी हरियाली**

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



जिला प्रशासन एवं नगर पालिक निगम द्वारा पिछले साल की तरह इस साल भी दुर्ग में वन होम वन ट्री महाभियान चलाया जाएगा। इस सीजन में भी सैकड़ो पौधे रोपने का लक्ष्य रखा गया है। सबसे बड़ा कैंपेन 6 जुलाई को होगा। इस अवसर पर सभी घरों, शासकीय कार्यालय, सार्वजनिक स्थलों में पौधे रोपे जाएंगे।

इस संबंध में आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे ने डाटा सेंटर कक्ष में अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने कहा कि पिछले साल लोगों ने स्वतः स्फूर्त होकर पौधे लगाए थे। इस बार भी हरियाली को सहेजने के लिए यह बड़ा अभियान चलाया जाएगी। पौधे पूरे शहर में रोपे गए थे। इनमें नागरिकों ने अपने घरों में भी पौधे लगाए। विधायक अरुण वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल, कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा एवं आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे ने नागरिकों से अपील है कि 6 जुलाई को वन होम वन ट्री महाअभियान के तहत हर घर एक पौधा लगाएं। हम आपको दे रहे है निःशुल्क पौधे। पौधे हमारे सहयोग आपका। वृहद वृक्षारोपण अभियान से जुड़कर महाअभियान को सफल बनाएं और धरती को हरा-भरा बनाने में निभाएं अपनी भागीदारी।

# भाजपा की प्रगति

## हताश विपक्ष

**वरिष्ठ** भाजपा नेता अमित शाह ने दावा किया है कि अगले 30-40 साल भगवा पार्टी का युग होगा। इसे विपक्ष द्वारा खारिज करना या बड़बोला बयान बताना उचित नहीं होगा। विपक्ष को इसे लापरवाही के साथ भी नहीं लेना चाहिए। भाजपा की प्रगति को देखत हुए विपक्ष को भी केवल बयान देने से आगे निकलना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में संभवत: भाजपा का रथ थमने वाला नहीं है, बल्कि इसकी गति बढ़ रही है। यह विपक्ष तथा बुद्धिजीवी वर्ग के बड़े हिस्से के लिए चिन्ता का विषय है क्योंकि उनका एक भय सच साबित हुआ है। हालांकि, भाजपा की यात्रा में असंख्य सफलताओं के साथ ही पिछले साल पश्चिम बंगाल जैसी विफलतायें भी सामने आई हैं, पर इसकी बढ़त लगभग सभी जगह है और उसे किसी खांचे में बंद नहीं किया जा सकता है। कुछ राजनीतिक व वैचारिक नेता शाह के बयान में एक लापरवाही भी देख सकते हैं, लेकिन ऐसा कुछ नहीं है। वे ऐसे लोगों में नहीं हैं जो केवल अपनी प्रशंसा से खुश हो जाएं। उनके लिए प्रशंसा कभी काफी नहीं होती है तथा वे हमेशा और अधिक की तलाश में रहते हैं। केवल किसी राज्य में विजय काफी नहीं है, भाजपा के विधायकों व सांसदों की संख्या बढ़नी चाहिए और हर वृद्धि के बाद मोदी-शाह जोड़ी एक और वृद्धि का प्रयास करते हैं। वे न केवल 543 लोकसभा सीटों, बल्कि हर राज्यसभा सीट, हर राज्य तथा यहां तक कि नगरपालिकाओं के लिए भी संघर्ष करते हैं। इस जोड़ी ने भाजपा की जीन्स से लापरवाही को समाप्त कर दिया है। यह नई भाजपा है, यह अटल बिहारी वाजपेयी या लालकृष्ण आडवाणी वाली भाजपा नहीं है। कहने का यह अर्थ नहीं कि वाजपेयी-



आडवाणी नीत भाजपा सुस्त या आरामतलब थी। इसके एकदम उलट वह हमेशा अत्यधिक सक्रिय, मुखर तथा जोश से भरी रहती थी।
यहां तक कि 1980 के दशकांत में जब भगवा पार्टी लोकसभा में केवल दो सीट तक सिमट गई थी, तब भी उसकी सक्रियता में कोई कमी नहीं आई थी और उसके नेता अपनी उपस्थिति प्रदर्शित करते रहते थे, जबकि लोकसभा में कांग्रेस की सदस्य संख्या 400 से भी अधिक थी। भाजपा के विरोधी और चाहे जो कहें, वे इसे सुस्त या लापरवाह नहीं कह सकते हैं। मोदी और शाह के नेतृत्व में भगवा पार्टी और अधिक गतिशील हो गई है। बहुत सी पार्टियां सत्ता से बाहर रहने पर इस प्रकार की ऊर्जा, उद्देश्य व गतिशीलता नहीं प्रदर्शित करती हैं जैसा कि भाजपा ने किया। अपनी अखिल भारतीय उपस्थिति का दावा करने वाली कांग्रेस पार्टी निश्चित रूप से ऐसी नहीं है। वह 1980 में सत्ता में इसलिए वापस आई क्योंकि जनता पार्टी अपने ही विरोधाभासों के बोझ से ध्वस्त हो गई थी। यही स्थिति दूसरे प्रयोग की रही जिसे जनता दल ने एक दशक बाद दुहराया। 2004 में भी देश की 'सबसे पुरानी पार्टी' सत्ता में इसलिए नहीं आई कि उसके नेताओं ने सड़कों पर भाजपा के खिलाफ विजय के लिए बहुत पसीना बहाया था। वास्तव में उसकी सीटें भाजपा से केवल 7 अधिक थीं। इसका कारण यह था कि भगवा पार्टी का संदेश अस्पष्ट था और इसे अभियान के दौरान आरएसएस का समर्थन नहीं मिला था। इस पृष्ठभूमि में देखने पर शाह का दावा असंभव नहीं लगता है। यदि देश की 'सबसे पुरानी पार्टी' तथा अन्य विपक्षी पार्टियां भाजपा को सत्ता से हटाना चाहती हों तो उनको भड़काऊ भाषण देने व वाइरल ट्वीट करने से अधिक काम करना होगा। उनको कोई ऐसी चीज पेश करनी होगी जा राजनीतिक रूप से उचित तथा चुनावी रूप से संभव हो। उनको अपनी लापरवाही से मुक्ति पानी होगी।

# विधि-निर्माताओं के पालाबदल की समस्या

कुछ पार्टी नेताओं का जनता की इच्छा कुचलने तथा सांसदों व विधायकों को सदनों से हटाने की अनुमति नहीं दी जा सकती है।



**रवि शंकर कपूर**
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



महाराष्ट्र में हुए हालिया राजनीतिक नाटक ने एक बार फिर दलबदल-विरोधी कानून पर ध्यान आकर्षित किया है। कुछ विश्लेषक चाहते हैं कि इसे अधिक प्रभावी या मजबूत बनाया जाए। लेकिन सच्चाई यह है कि यह अब तक बने विधायनों में सर्वाधिक रूढ़िवादी कानून है और इसने लोकतंत्र को भारी नुकसान पहुंचाया है। दलबदल-विरोधी कानून के समर्थक कहते हैं कि 'आया राम-गया राम' राजनीति के अपमानजनक युग का अंत होना चाहिए। आखिरकार कोई संसद सदस्य-एमपी या विधानसभा सदस्य-एमएलए उस पार्टी के खिलाफ कैसे वोट दे सकता है जिसके टिकट पर वह चुनाव जीता हो या जीती हो? क्या यह उस पार्टी से धोखा नहीं है जिसने उस नेता पर विश्वास किया है? निश्चित रूप से यह धोखा है और पार्टी को विद्रोही विधिनिर्माता से निपटने का पूरा अधिकार है। वह ऐसे नेता को निकाल सकती है। लेकिन उसे इस नेता को लोकसभा या विधानसभा से निकाल कर ले जाने का अधिकार नहीं है क्योंकि उनको वहां पार्टी के बजाय जनता ने भेजा था। जनता के जनादेश को पार्टी के मालिकों की सनक और पसंद से निरर्थक नहीं बनाया जा सकता है, भले ही वे चाहे जितने शक्तिशाली और उच्च श्रेणी के ही क्यों न हों। विधि निर्माता विधायिका में इसलिए प्रवेश करते हैं क्योंकि उनको पार्टी के सर्वोच्च नेताओं के बजाय जनता वहां भेजती है। ऐसे में मुट्ठी भर पार्टी नेताओं और प्रबंधकों को यह अनुमति नहीं दी जा सकती है कि वे जनता की इच्छाओं के साथ मजाक करें। दलबदल-विरोधी कानून के समर्थक कहेंगे कि पालाबदल या विधि निर्माताओं की खरीद-बिक्री निन्दनीय है और इसे रोका जाना चाहिए।

लेकिन इससे ज्यादा बड़ी व ज्यादा निन्दनीय बात थोक में पालाबदल है। दलबदल कानून लागू होने के बाद यही परिघटना दिखाई देती है। दूसरे शब्दों में कहें तो दलबदल, थोक दलबदल की तुलना में काफी कम बुरी है। यदि आपका सांसद या विधायक विधायिका में आपका समुचित प्रतिनिधित्व नहीं करता है तो उस पर सवाल उठाया जा सकता है। लेकिन यदि वे महत्वपूर्ण मुद्दों पर पार्टी व्हिप का पालन करते हैं तो उन पर सवाल नहीं उठ सकता है। आप केवल यह कह सकते हैं कि वे अपनी स्वतंत्र इच्छा से काम नहीं करते हैं, जिसे पार्टी के सर्वोच्च नेताओं ने उनसे छीन लिया है।

दलबदल कानून इसलिए खराब है क्योंकि यह सांसदों और विधायकों को शक्तिहीन कर संसदीय लोकतंत्र में प्रतिनिधित्व के विचार की ही हत्या कर देता है। इसका एक उदाहरण देना काफी होगा। अत्यधिक जल प्रदूषण जैसा कोई बड़ा मुद्दा आपके क्षेत्र को प्रभावित कर सकता है। आपके क्षेत्र की जनता इसके लिए सुधारात्मक उपायों हेतु आंदोलन करती है, वे विधायक से समस्या बताते हैं जो सहायता करने का वादा करते हैं। विधानसभा में यह मुद्दा आता है, लेकिन विधायक को जबरन 'व्हिप' के माध्यम से सुधारात्मक उपाय के खिलाफ वोट करने को कहा जाता है। ऐसे में विधायक से संपर्क करने पर वे कहते हैं कि वे व्हिप का पालन करने को मजबूर हैं और वे इस मामले में पार्टी अनुशासन तोड़ने के भय से वोट नहीं कर सकते हैं। यह कैसा प्रतिनिधित्व है, यदि आपका निर्वाचित प्रतिनिधि आपकी समस्या सरकार के सामने नहीं रख सकता है? इस प्रकार की समस्या अन्य निर्वाचित प्रतिनिधियों के सामने भी आ सकती है। तकनीकी रूप से संसदीय लोकतंत्र में कार्यपालिका विधायिका के प्रति जवाबदेह होती है, पर व्यवहार में इसका उल्टा होता है। सांसदों और विधायकों को अपने संबंधित पार्टी नेतृत्व की बात माननी होती है और उनके आदेशों का पालन करना पड़ता है। इस प्रकार लोकतंत्र अपने सिर के बल खड़ा हो जाता है। जहां जनता से सीधे चुने गए विधि-निर्माता सिद्धान्त रूप से जनता के प्रति जवाबदेह होते हैं, पर व्यवहार में वे पार्टी प्रबंधकों के प्रति जवाबदेह और वास्तव में उनके चाकर बन जाते हैं। गुलामों व भेड़ों की तरह नौकरों को भी उसी प्रकार सुविधाजनक रूप से सत्तारूढ़ लोगों की इच्छानुसार हांका जा सकता है, जैसा चरवाहा भेड़ों के साथ करता है। यह स्थिति दशकों से जारी है। अंग्रेजी भाषा इस तथ्य से ध्यान नहीं हटा सकती है कि लोकतंत्र का स्तर गिरा है। राजनीतिक शब्दावली में ऐसी अभिव्यक्तियां आम हैं कि 'मुख्यमंत्री अपने समर्थकों को एकजुट रखने का प्रयास कर रहे हैं ताकि विपक्ष उनका शिकार न कर सके', 'विधायकों को एक रिजार्ट में भेजा गया है' तथा 'पार्टी ने विधायकों को व्हिप जारी कर दिया है।' दुनिया के किसी अन्य लोकतंत्र में भारत की तरह व्हिप इतना खतरनाक नहीं होता है और दुनिया में कहीं भी विधायक व्हिप का उल्लंघन करने के कारण सदन की सदस्यता नहीं खोते हैं। भीड़, झुंड, शिकार, हांकना, शिकार तथा व्हिप जैसे शब्दों का प्रयोग राजनीतिक टिप्पणीकारों के बजाय जानवरों के प्रशिक्षकों की शब्दावली है। इसके बावजूद चोटी के पत्रकार तथा जनता की राय बनाने वाले अन्य लोग अक्सर इन शब्दों का प्रयोग करते हैं। इस प्रकार वे अचेतन रूप से निर्वाचित प्रतिनिधियों तथा लोकतंत्र का क्षरण स्वीकार कर लेते हैं।

हम यहां तक कैसे पहुंचे हैं? इस संबंध में मूल दोष 1985 में सेविधान का 52वां संशोधन है जिसे आम शब्दावली में दलबदल-विरोधी कानून कहा जाता है। इसने सांसदों और विधायकों को पार्टी मालिकों का गुलाम बना दिया है। 1985 के 52वें संविधान संशोधन की उद्देशिका और कारणों में कहा गया है, 'राजनीतिक पालाबदल की बुराई राष्ट्रीय चिन्ता का विषय बन गई है। यदि इसका मुकाबला नहीं किया जाता है तो इससे हमारे लोकतंत्र तथा उसे बनाए रखने वाले सिद्धान्तों की नीव ही खोखली हो सकती है।' संभवत: नया कानून 'विधायी अराजकता' समाप्त करने के लिए लाया गया था। इसमें प्राविधान था कि यदि कोई विधि-निर्माता उस पार्टी से इस्तीफा देता है जिसके टिकट पर वह चुना गया था, अथवा यदि वह मतदान, मतदान से अलग रहने अथवा सदन में उस राजनीतिक पार्टी के 'किसी निर्देश के विपरीत' काम करता है जिसके टिकट पर उसे चुना गया था या उसे ऐसी राजनीतिक पार्टी से निकाल दिया जाता है तो वह अपनी विधायिका की सदस्यता खो देगा। यह ऐसी पार्टी के 'संविधान द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार' होगा। यह कानून बनाने वाले तत्कालीन विधि मंत्री अशोक सेन ने दावा किया था कि इससे 'देश की राजनीति से वह गंदगी दूर होगी जो सालों से एकत्र होती जा रही है।' उनका कहना था कि इस कानून से राजनीति में भ्रष्टाचार समाप्त हो जाएगा। यह समझने के लिए किसी को राजनीतिक विश्लेषक होने की आवश्यकता नहीं है कि यह कानून लागू होने के बाद अनुशासनहीनता तथा अविश्वसनीयता बढ़ गई है। इस प्रकार इलाज निश्चित रूप से उस बीमारी से अधिक खतरनाक सिद्ध हुआ है जिसके ठीक होने का दावा किया जा रहा था। वास्तव में इसने एक अन्य बीमारी को जन्म दिया है जिसे निर्वाचित प्रतिनिधियों को गुलाम बनाना कहा जा सकता है। यह देखना दिलचस्प है कि उस समय विपक्ष ने विधेयक का विरोध किया था। भारतीय जनता पार्टी-भाजपा के लालकृष्ण आडवाणी ने दु:ख प्रकट किया था कि इससे 'कांग्रेस-आई जैसी पार्टी में विरोध को कुचल दिया जाएगा।' यह बात अलग है कि जब उनकी पार्टी 2003 में सत्ता में आई औ वे उप-प्रधानमंत्री बने तब भाजपा-नीत सरकार ने कानून को और कठोर बनाने का फैसला किया। 1985 के कानून में यदि विधायक दल के एक तिहाई सदस्य अलग होते या अलग पार्टी बनाने या किसी अन्य राजनीतिक पार्टी में शामिल होने का निर्णय करते तो उसे 'विभाजन' माना जाता। भाजपा नीत सरकार ने 2003 में 91वें संशोधन के माध्यम से विभाजन या विलय को ज्यादा कठोर बना दिया। इसके बाद से किसी विधायक दल के दो तिहाई सदस्यों का अलग होना जरूरी हो गया। स्पष्ट रूप से उस समय आडवाणी व उनके साथियों ने 'विरोध कुचलने' वाली बात भुला दी थी।

लेकिन केवल भाजपा को ही बड़बोलेपन का दोषी नहीं ठहराया जा सकता है। 5 फरवरी, 2017 को केरल के कोजीकोड में साहित्य समारोह में बोलते हुए कांग्रेस सांसद व तत्कालीन केन्द्रीय मंत्री शशि थरूर ने कहा था कि दलबदल-विरोधी कानून ने लोकतंत्र पर नकारात्मक प्रभाव डाला है क्योंकि इसने जन-प्रतिनिधियों की वोटिंग शक्ति को प्रभावित किया है। पीटीआई के अनुसार उन्होंने कहा था, 'दलबदल-विरोधी कानून का लोकतंत्र पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। जन-प्रतिनिधि अपनी अंतरात्मा की आवाज पर वोट नहीं दे सकता है। उसे पार्टी की इच्छानुसार वोट देना होता है।' हाल ही में कांग्रेस छोड़ने वाले वरिष्ठ नेता कपिल सिब्बल भी दलबदल-विरोधी कानून समाप्त करना चाहते थे। लेकिन दु:ख की बात है कि उनको यह बात विधि मंत्री रहते हुए नहीं समझ में आई। इससे स्पष्ट है कि सत्ता में रहते हुए कोई दल कठोर कानूनों का समर्थन करता है, पर विपक्ष में आने पर उनकी निन्दा करता है। इस बीच दुनिया के अन्य देशों की तरह यहां भी उदारवाद संकट में है। टैगोर की इच्छा थी कि यह देश 'स्वतंत्रता के स्वर्ग' में जाग्रत होना चाहिए। लेकिन भारत के विधि-निर्माताओं को जंजीरों में बांधने वाला यह देश निश्चित रूप से वैसा नहीं है।

# प्लास्टिक प्रतिबंध के विकल्प जरूरी

**कोटा श्रीराज**
(लेखक, पर्यावरण पत्रकार हैं)



सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध लागू हो गया है, लेकिन उपयुक्त विकल्पों की कमी से पता चलता है कि पिछले सबक नहीं सीखे गए हैं। भारत में 1 जुलाई से सिंगल यूज प्लास्टिक बैन लागू हो गया है। वैश्विक जलवायु लक्ष्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता में, सरकार ने पहचान की गई 19 सिंगल यूज प्लास्टिक (एसयूपी) वस्तुओं पर प्रतिबंध लगाने की अपनी अधिसूचना को लागू किया है। प्रतिबंध के उल्लंघन के लिए पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम 1986 के तहत दंड और जेल की सजा आमंत्रित करने की संभावना है। सिंगल यूज प्लास्टिक आइटम वे हैं जो एक बार उपयोग किए जाते हैं और त्याग दिए जाते हैं। उनमें उच्च कचरागत क्षमता और उच्च स्तर की गैर-सड़नशीलता होती है। सरकार ने सभी राज्यों को प्रतिबंधित तैयार माल की आपूर्ति पर अंकुश लगाने और पेट्रोकेमिकल उद्योगों को एसयूपी के उत्पादन में इस्तेमाल होने वाले पॉलीस्टाइनिन जैसे कच्चे माल की आपूर्ति करने से रोकने के लिए तत्काल निर्देश जारी किए हैं। 19 एसयूपी वस्तुओं पर पूर्ण प्रतिबंध एक स्वागतयोग्य कदम है जो पर्यावरण और वन्य जीवन को राहत देने का वादा करता है। स्टायरोफोम कप, प्लेट और प्लास्टिक के चम्मच और कांटे लंबे समय से हमारे शहरों, पार्कों, समुद्र तटों, रेलवे पटरियों और यहां तक कि वन्यजीव अभ्यारण्यों के चारों ओर आंखों के सामने रहे हैं। वास्तव में, भारत भर में लैंडफिल एसयूपी से भरे हुए हैं जो अगले 400 वर्षों में भी बायोडिग्रेड नहीं होंगे। भारत में प्रति वर्ष 35 लाख टन प्लास्टिक कचरा उत्पन्न होता है, जो प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष 3 किलो प्लास्टिक कचरा है। 2020-21 के दौरान, भारत ने 41,26,997 टन प्लास्टिक कचरा पैदा किया। इन चौंका देने वाले आंकड़ों को देखते हुए, सरकार के लिए पहल शुरू करना उपयुक्त है। लेकिन क्या भारत तैयार है, और इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि क्या इस बार प्रतिबंध कारगर होगा?

भारत में एसयूपी पर प्रतिबंध का प्रयास बहुत पहले 1999 से किया जाता रहा है जब पॉलिथीन बैग की बिक्री प्रतिबंधित हुई। तब से लेकर अब तक कई राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय कानूनों को अधिनियमित और कार्यान्वित किया गया है। हालांकि, पिछले 22 साल इस बात का प्रमाण हैं कि हमारे पास अभी भी प्लास्टिक कटलरी और कई अन्य एसयूपी आइटम बाजार में खुलेआम उपलब्ध हैं। अब तक, केंद्र ने राज्यों को एसयूपी को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया था, लेकिन राज्यों के प्रयास काफी हद तक अप्रभावी थे और एसयूपी हमेशा की तरह फले-फूले। पूर्व के एसयूपी निरर्थक प्रतिबंध का कारण हमेशा ढीले क्रियान्वयन को जिम्मेदार ठहराया जाता है जो ठीकठाक आरंभ होता था। वर्तमान प्रतिबंध इस खामी को दूर करने का प्रयास करता है और काफी हद तक अप्रभावी क्रियान्वयन मसले को हल कर सकता है। लेकिन अतीत में एसयूपी प्रतिबंध की विफलता का असली कारण सिर्फ ढिलाई से लागू किया जाना नहीं रहा है। एसयूपी के स्थायी विकल्पों की कमी प्रतिबंध के अप्रभावी रहने का प्रमुख कारण रहे हैं और बहुत पहले कोई दैनिक जीवन में एसयूपी वस्तुओं का पुनरुत्थान देख सकता था। सरकार एसयूपी प्रतिबंध अधिसूचना और उसके नियमों को लागू करने पर अपना जोर बनाए रखती नजर आती है और उद्योग व लोगों के लिए प्रभाव और उपयुक्त विकल्पों पर कम ध्यान दिया गया है। नतीजतन, उस एकल उपयोग वाले प्लास्टिक के प्रतिस्थापन के तरीकों व साधनों पर, कुछ स्थानों पर कुछ दिनों की छूट को छोड़कर, गंभीर खामी नजर आती है, जो देश के एक बड़े हिस्से में प्रतिबंधित है।



इन एकल उपयोग वाले प्लास्टिक उत्पादों को समाप्त करने के लिए दी गई अवास्तविक समय सीमा का अर्थ है कि देश के औद्योगिक घराने एकल उपयोग वाले प्लास्टिक के लिए व्यावहारिक और किफायती समाधानों पर शोध और विकास करने में असमर्थ रहे हैं। नतीजतन, सिंगल यूज प्लास्टिक के विकल्पों की निर्माण क्षमता में कमी है और उनके कच्चे माल के लिए कोई सेट सप्लाई चेन भी उपलब्ध नहीं है।

सरकार इसके बजाय प्रतिबंध को टालने का विकल्प चुन सकती थी और पर्यावरण के अनुकूल उत्पादों की समानांतर रेखा विकसित करने में समय का उपयोग कर सकती थी जो सहजतापूर्वक एसयूपी स्लॉट्स जगह ले लेता। यह न केवल प्रतिबंध को और अधिक सफल बना देता बल्कि एसयूपी के उत्पादन में लगे लोगों के प्रयासों और उत्पादन मशीनरी में निवेश किए गए उद्योगों की पूंजी को भी बचा लेता। भारत को पूर्ण प्लास्टिक-मुक्त भविष्य की ओर बढ़ने की जरूरत है और यह कम समय में संभव नहीं हो सकता। सरकार प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्लास्टिक उद्योग का समर्थन नहीं कर सकती है और न ही करना चाहिए,हालांकि यह एसयूपी पर प्रतिबंध लगाती है क्योंकि यह दो कदम आगे और एक कदम पीछे ले जाने के समान होगा। भारतीय प्लास्टिक उद्योग को एक तरफ धीरे-धीरे वैकल्पिक सामग्री अपनाने की ओर मोड़ना चाहिए और दूसरी तरफ प्लास्टिक की वस्तुओं के उत्पादन और उपयोग को हतोत्साहित करने के लिए, हर तिमाही में प्लास्टिक की वस्तुओं पर क्रमिक रूप से प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। इस संतुलित तरीके से सरकार वास्तव में दैनिक जीवन से प्लास्टिक को समाप्त कर सकती है।

कुछ अपवादात्मक उपयोगों की अनुमति दी जा सकती है जैसे कि चिकित्सा और रक्षा उद्देश्यों के लिए। बेहतर माहौल के लिए लोगों को उम्मीद है कि एसयूपी पर नवीनतम प्रतिबंध सफल होगा। लेकिन पिछली विफलताओं से कुछ सबक हैं, जिन्हें दोहराया नहीं जाना चाहिए। सरकार को दुकानदारों और उपभोक्ताओं को किफायती विकल्प उपलब्ध कराते हुए प्रतिबंध को प्रभावी ढंग से लागू करना चाहिए।

## आप की बात

### धार्मिक कट्टरता

**नोयडा** में एक कार्यक्रम में शामिल हुए जेएनयू के स्कूल ऑफ सोशल साइंस में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ प्रणव कुमार ने वर्तमान में धार्मिक कट्टरता के कारण घट रही निर्मम घटनाओं पर देश को चेताते हुए कहा है कि अगर देश में धार्मिक कट्टरता पर लगाम नहीं लगी तो, राजस्थान के उदयपुर व महाराष्ट्र के अमरावती में हुई दिल दहला देने वाली घटनाएं निरंतर बढ़ती जाएंगी, जिससे आगामी कुछ वर्षों में पूरा देश भयग्रस्त हो जाएगा। वैसे इन घटनाओं से देश का बहुसंख्यक वर्ग अभी भी भय में है। उन्होंने कहा कि इस्लामिक कट्टरता शुरू में जम्मू कश्मीर में ही ज्यादा थी, लेकिन धीरे धीरे यह केरल, पंजाब, राजस्थान बंगाल के बाद यूपी सहित अन्य प्रदेशों में भी पनपने लगी है। भारत सरकार को कट्टरता के कारण निरंतर बढ़ती घटनाओं जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कठोर कार्यवाही करनी चाहिये ताकि भविष्य में आने वाले खतरे को वर्तमान में समाप्त किया जा सके। अगर इन घटनाओं की प्रतिक्रिया समाज से आने लगी तो देश की स्थिति भयानक हो जाएगी जिसपर काबू पाना भी आसान नहीं होगा। सभी समुदायों के बीच भाईचारा विकसित करना भी जरूरी हो गया है।

**-ललित शंकर,** गाजियाबाद

### आराध्यों का अपमान

**लीना** मणिमेकलाई द्वारा अपनी डॉक्यूमेंट्री फ़िल्म के ट्रेलर रिलीज़ के बाद लगता है कि देश में एक वर्ग जानबूझ कर हिन्दुओं की भावनाओं के साथ खेलता है। उन्हें लगता है कि हिन्दू तो सहिष्णु है इन्हें कोई फर्क नहीं पड़ेगा। ज्ञानवापी विवाद के समय भगवान शिव के ऊपर तरह तरह की टिप्पणी की गई और अब मां काली को जिस रूप में फिल्म में दर्शाया गया है इससे देश के सबसे बड़े वर्ग की भावनाएं आहत हुई हैं पर ऐसा करने वालों के ऊपर कोई फर्क नहीं पड़ता। नूपुर शर्मा द्वारा दिये गए बयान को आधार बना कर देश में कई निर्दोष लोगों की निर्मम हत्या कर दी गई। क्या उच्च न्यायालय द्वारा ऐसी ही टिप्पणी लीना मणिमेकलाई के लिए की जाएगी। नूपुर शर्मा तो माफी भी मांग चुकी हैं, जबकि लीना मणिमेकलाई ने माफी मांगने से साफ मना कर दिया। मेरा सरकार और माननीय न्यायालय से अनुरोध है कि इस मामले को दबाया न जाये बल्कि लीना मणिमेकलाई के ऊपर कड़ी कार्यवाही करके एक उदाहरण स्थापित करे जिससे आगे चलकर कोई ऐसा करने की हिम्मत न करे। क्योंकि हिंदू समाज ऐसे ही अपने आराध्यों का अपमान कब तक सहता रहेगा?

**-नागेन्द्र,** मेरठ

### बंदूक की संस्कृति

**दुनिया** के विकाशील देशों में शामिल भारत की युवापीढ़ी पाश्चात्य देशों की तरफ ललचायी नज़रों से देखती है। हमारे युवाओं में से कई वहां हमेशा-हमेशा के लिए बसना चाहते हैं। पश्चिमी चकाचौंध भरी लाइफ स्टाइल, वहां का खुलापन, वहां का खान पान, वहां का अय्याशी भरा जीवन, हमारी युवा पीढ़ी को खूब लुभाता है। मगर उसी के साथ खतरनाक बन्दुक की संस्कृति भी सामने आई है। 3 जुलाई को डेनमार्क के शॉपिंग सेंटर में एक 22 वर्षीय युवक ने अंधाधुंध गोलीबारी करके 3 लोगों को मार दिया। दर्जनों घायल हुए। उसके बाद 4 जुलाई को शिकागो स्थित हाईलैंड पार्क में जब स्वतंत्रता दिवस परेड चल रहा थी तो एक व्यक्ति ने वहां गोलीबारी करके छह लोगों को मौत के घाट सुला दिया। क्या ऐसे खतरनाक देशों को हमें अब भी सपनों का देश समझना चाहिए ? अकेले अमेरिका में हर वर्ष 40 हज़ार लोग, बिना आतंकवादियों के, अपनों की गोलीबारी से जान गवां बैठते हैं। यह भी अमेरिका की एक सच्चाई है।

**-जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

## फरमाया



**भाजपा** सत्ता में गरीबों का सशक्तीकरण करती है, जबकि विपक्ष केवल परिवारों का सशक्तीकरण करता है।

**- जे.पी. नड्डा**
भाजपा अध्यक्ष

**ये** हमले गलती के बजाय सचेतन रूप से जानबूझ कर लगाए निशाने हैं।

**- वोलोदिमिर जेलेन्स्की**
यूक्रेन के राष्ट्रपति





**मोदी** घमंडी हो गए हैं। वे अपना विरोध करने वाली सरकारें गिरा रहे हैं।

**- के. चंद्रशेखर राव**
तेलंगाना के मुख्यमंत्री

# धर्मशाला के स्थान पर बन रहे अवैध व्यवसायिक कांप्लेक्स निर्माण पर रोक, नियम विरुद्ध दानदाता के दत्तकपुत्र के नाम नामांतरण

## सहसमल के पुत्र नहीं दत्तकपुत्र शांतिलाल जैन, सब जानकार अनुज्ञा जारी किया नगर पंचायत पंडरिया ने, दोषियों पर कार्रवाई की मांग

पायनियर संवाददाता ◂ कवर्धा
www.dailypioneer.com



पंडरिया नगर में पुराना बसस्टैंड के पास वार्ड न. 7 में स्थित वर्षों पुराना जैनधर्मशाला को तोड़कर व्यवसायिक प्रयोजन के लिए कांप्लेक्स निर्माण शांतिलाल जैन पिता स्वर्गीय सहसमल जैन निवासी वार्ड नंबर 8 नगर पंचायत पंडरिया के द्वारा कराया जा रहा है। खसरा नंबर 730/3 खसरा नंबर 733/2 रकबा 0.08 एकड़ भूमि पर निर्मित भवन एवं भूमि को जैन समाज पंडरिया को सार्वजनिक उपयोग हेतु जैन धर्मशाला के नाम पर स्वर्गीय सहसमल जैन के द्वारा दान किया गया था, तब से जैन धर्मशाला के नाम आम लोग जानते थे और उपयोग हो रहा था। कुछ वर्ष पूर्व भवन को बिना किसी सूचना के शांतिलाल जैन के द्वारा तोड़वा दिया गया, तब से भूमि खाली पड़ी है। इस बीच चोरी-छिपे नगर पंचायत पंडरिया ने जैन धर्मशाला को व्यावसायिक कांपलेक्स निर्माण कराने शांतिलाल जैन को 2022 में अनुज्ञा प्रमाण पत्र दे दिया है, जबकि नगर पंचायत पंडरिया कार्यालय को जानकारी है, कि यह जमीन भवन जैन धर्मशाला की है, उस पर सभी प्रकार की टैक्स छूट है, इसकी पूरी दस्तावेज सूचना का अधिकार के तहत निकली गई तब सच्चाई जानकारी में आया है। जिस पर आपत्ति करते हुए आवेदक आशीष जैन ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पंडरिया सहित जिला कलेक्टर, स्थानीय प्रशासन मंत्री, मुख्यमंत्री कार्यालय तक रोक लगाते हुए उचित कार्रवाई की मांग किया है। मामले की गंभीरता को समझते हुए। अवैध व्यवसायिक कांप्लेक्स निर्माण पर 28/06/2022 को अनुविभागीय विभागीय अधिकारी राजस्व पंडरिया ने आगामी आदेश तक रोक लगा दिया है, उक्त मामले की सुनवाई 6-7-2022 को होना है। ज्ञात हो कि पंडरिया निवासी आशीष जैन पिता स्वर्गीय ईश्वर लाल जैन ने 23/05/2022 को अनुविभागीय अधिकारी के समक्ष जनहित में एक लिखित आवेदन प्रस्तुत किया है, जिसमें स्वर्गीय सहसमल जैन पंडरिया के द्वारा ग्राम पंडरिया हल्का नंबर 39 राजस्व निरक्षक मंडल व तहसील पंडरिया जिला कबीरधाम छत्तीसगढ की भूमि खसरा नंबर 730/3 रकबा 0.04 एकड़, खसरा नंबर 733/2 रकबा 0.04 एकड़ स्थित है। भूमि को जैन धर्मशाला के नाम से सार्वजनिक उपयोग हेतु जैन समाज पंडरिया को दान किया गया था। उक्तभूमि एवं भवन को दान में देने के पश्चात विधिवत उसकी सूचना नगर पंचायत पंडरिया में भी दी गई थी, इसलिए लंबे समय से उक्त धर्मशाला की भूमि एवं भवन पर नगर पंचायत पंडरिया द्वारा किसी प्रकार का एक भी टैक्स नहीं लिया जा रहा था, अर्थात सर्वजनिक उपयोग होने के कारण नगर पंचायत पंडरिया द्वारा उक्तभूमि एवं उस पर निर्मित भवन को टैक्स से छूट दी गई थी। दान में प्राप्त करने के उपरांत उक्त भूमि एवं भवन का उपयोग आज तक सार्वजनिक तौर पर किया जा रहा था। गौरतलब हो कि प्राप्त दस्तावेज की कापी अध्ययन करने पर पता चलता है, स्वर्गीय सहसमल का वारिस होने का हवाला देते हुये उक्त सार्वजनिक उपयोग की भूमि एवं भवन पर उनके दत्तकपुत्र शांतिलाल जैन निवासी पंडरिया के द्वारा अवैधानिक रूप से निजी उपयोग के लिए भवन व्यवसायिक कांप्लेक्स निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया है, शांतिलाल जैन के द्वारा जिस भूमि एवं भवन पर अपना हक होने का दावा किया जा रहा है। जबकि सहस्माल जैन का अपना कोई संतान नहीं है, शांतिलाल जैन दतकपुत्र है। हालांकि इस लड़ाई को लम्बी चलनी है, कानूनी दांवपेच भी पेचीदा है। जानकार लोगों की माने तो राजस्व मामला की लड़ाई वर्षों गुजर जाती हैं पीढ़ियां लड़ते रह जाती हैं, फिलहाल तो आवेदक के शिकायत पर कार्रवाई करते हुए प्रशासन ने निर्माण कार्य में रोक लगा दी है।

# संभागायुक्त कावरे ने ली जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक, मुख्यमंत्री भेंट-मुलाकात कार्यक्रम को सफल बनाने

पायनियर संवाददाता ◂ बालोद
www.dailypioneer.com



संभागायुक्त महादेव कावरे ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर मुख्यमंत्री भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बालोद जिले में आगमन की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को जिले में प्रस्तावित मुख्यमंत्री भेंट-मुलाकात कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सभी तैयारियॉं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार यादव, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. रेणुका श्रीवास्तव सहित जिले के सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारी एवं जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे। संभागायुक्त कावरे ने वर्षा ऋतु में मुख्यमंत्री भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के आयोजन को देखते हुए इसके अनुरूप तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने बारी-बारी से सभी विभागों के तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को अपने अधिनस्थ कार्यालयों को व्यवस्थित कराने के निर्देश भी दिए। कावरे ने स्कूलों में कार्यरत् रसोईयों के मानदेय भुगतान, विद्युत विभाग की समस्याओं के निराकरण, किसानों को समुचित मात्रा में खाद-बीज की उपलब्धता सुनिश्चित कराने तथा गोधन न्याय योजना आदि के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। इसके अलावा उन्होंने गौठानों को मल्टीएक्टिविटी सेंटर बनाने हेतु किए जा रहे कार्य, नरवा योजना, मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक योजना आदि सभी विभागों के कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी तैयारियॉं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### किसी भी स्थान में खुला बोर नहीं होना चाहिए- डॉ. गौरव

बैठक में कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने जिले में गौठानों के सफल क्रियान्वयन हेतु प्रत्येक जिला स्तरीय अधिकारियों को 05-05 गौठानों की देखरेख की जिम्मेदारी सौंपने के निर्देश भी दिए। उन्होंने खुले बोर के कारण घटित होने वाले अप्रिय स्थिति को रोकने के लिए जिले के सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जिले के किसी भी स्थान में खुला बोर नहीं होना चाहिए। उन्होंने एक भी स्थान पर खुला बोर पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी।

### जिला प्रशासन की नई व्यवस्था की सराहना की

संभागायुक्त महादेव कावरे ने संयुक्त जिला कार्यालय भवन के जनदर्शन कक्ष का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कावरे ने कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देशानुसार आमजनता के मांगों एवं समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु सप्ताह के सभी पॉंचों कार्यदिवसों में जनदर्शन के आयोजन करने तथा जिला प्रशासन द्वारा नये स्वरूप में प्रारंभ किए गए इस जनदर्शन कार्यक्रम की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

# ग्राम हीरापुर में समूह की महिलाएं पैरा से बना रही आकर्षक कलाकृति, महिलाओं का उत्साहवर्धन करने पहुचे जोन कमिश्नर कावरे



पायनियर संवाददाता ◂ बालोद
www.dailypioneer.com

संभागायुक्त महादेव कावरे जिले के प्रवास के दौरान बालोद विकासखण्ड के ग्राम हीरापुर में पैराआर्ट का प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रशिक्षणार्थियों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों द्वारा तैयार किए गए पैराआर्ट का अवलोकन कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि पैराआर्ट से अब जीवन में उन्हें आय का एक माध्यम मिल गया है। पैराआर्ट से उन्हें अब नई पहचान मिलेगी। कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने कहा कि जिले में विशेषकर ग्रामीण महिलाओं का कौशल विकास कर विभिन्न स्वरोजगारमूलक गतिविधियों में संलग्न करने हेतु जिला प्रशासन द्वारा सतत् प्रशिक्षण कार्यक्रम आदि का संचालन किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा हस्तशिल्प कला को प्रोत्साहित करने हेतु ग्राम हीरापुर में 20 प्रशिक्षणार्थियों को पैरा आर्ट का 15 दिवस का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में उन्हें विभिन्न महापुरुषों आदि की जीवंत प्रतिमाओं का निर्माण अद्भूत हूनर से करना सिखाया गया है। प्रशिक्षण पश्चात् प्रशिक्षणार्थियों द्वारा विभिन्न प्रकार के आर्ट तैयार किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार यादव, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. रेणुका श्रीवास्तव सहित प्रशिक्षक व प्रशिक्षणार्थी मौजूद थे।

# केएमजे लैंड डेवलपर्स इंडिया लिमिटेड की चिन्हित की गई 11 करोड़ों की संपत्ति की कुर्की का अंतिम आदेश जारी

पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



चिटफंड कंपनी के कंपनियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अब तक 11 डायरेक्टरों को गिरफ्तार किया गया है तथा एक मर्सिडीज कार तथा दो बंगले चंडीगढ़ सहित 72 एकड़ जमीन को चिन्हित किया गया है इसके अलावा पूर्व में हजारों लोगों से करोड़ों रुपए की ठगी करने वाले पीएसीएल कंपनी के फरार डायरेक्टर गुरजंत सिंह गिल को विवेचन पुलिस न केवल गिरफ्तार करने में सफल रही बल्कि कंपनी के नाम से खरीदे गए आलीशान बंगले जिसकी कीमत लगभग 15 करोड़ से ऊपर का है उसे चिन्ह अंकित करने में सफल रही है वर्तमान में यह संपत्ति कुर्की कार्यवाही हेतु प्रक्रियाधीन है पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभा गृह में पत्रकारों को यह जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस शासन की मंशा के अनुरूप चिटफंड कंपनियों के अधिक से अधिक संपत्ति कर निवेशकों को वापस दिलाने एवं आरोपियों को गिरफ्तार करने हेतु प्रतिबद्ध है इसी कड़ी में विगत 6 महीने में अलग-अलग थानों में कुल 11 प्रकरण में अलग-अलग कंपनियों के डायरेक्टरों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है जिसमें बी एन गोल्ड रियल एस्टेट लिमिटेड कंपनी के डायरेक्टर अनिल शर्मा पुणे महाराष्ट्र विनय कुमार यादव विकास कुमार यादव दोनों भोजपुर बिहार बलजीत सिंह संधू जालंधर निवासी पीए सी एल कंपनी के डायरेक्टर अनुराग भार्मा चंडीगढ़ निवासी जोगिंदर टाइगर पटियाला निवासी पंजाब साईं प्रकाश डेवलपमेंट कंपनी के डायरेक्टर मृगेंद्र सिंह बघेल शहडोल मध्य प्रदेश निवासी रॉयल लाइफ मार्केटिंग डायरेक्टर धर्मेंद्र बालाघाट निवासी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल हुई है।

### कुर्की के आदेश पर कार्रवाई प्रारंभ

बता दें कि केएमजे डेवलपर्स इंडिया के द्वारा बेमेतरा जिले के निवेशिकों एवं प्रदेश के अन्य जिलों के निवेशकों को करोड़ों रुपए का चूना लगाकर भाग गई थी जिसके डायरेक्टर संतोषी लाल राठौर एक लंबे समय से फरार चल रहा है जिसके द्वारा सेबी की फर्जी एनओसी बनाकर बेमेतरा जिले में 72 एकड़ जमीन जिसकी कीमत लगभग ?110000000 आंकी गई है जिसे बेच दिया गया था इस संबंध में एक शिकायत बेमेतरा पुलिस अधीक्षक को प्राप्त हुई थी जारी एनओसी की पुष्टि कराने हेतु सेबी को पत्र लिखा गया इस पर सेबी ने कोई एनओसी जारी नहीं की गई ऐसा लिख दिया गया इस पर पुलिस अधीक्षक के द्वारा बेमेतरा दंडाधिकारी को प्रतिवेदन भेजकर उक्त भूमि का नामांतरण कैंसिल कराने हेतु प्रतिवेदन भेजा गया जिस पर जिला दंडाधिकारी द्वारा नामांतरण कैंसिल कर उसे कुर्की हेतु प्रथम आदेश जारी किया गया।

# चीनी मार्शल आर्ट खेल वुशू के लिए बालोद जिले के 11 खिलाडियों का केरल, जम्मू और हिमाचल में होने वाले राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन, कलेक्टर ने दी शुभकामनाएं

**बालोद।** इन दिनों जिले के ग्रामीण अंचलों में चीनी मार्शल आर्ट खेल वुशु की टीम तैयार हो रही है। जो अब राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करेगी। चीनी मार्शल आर्ट खेल वुशू के लिए जिले के 1 सब जूनियर नेशनल, 6 जूनियर नेशनल और 4 सीनियर नेशनल यानि कि कुल 11 खिलाडियों का चयन केरल, जम्मू और हिमाचल में होने वाले राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता के लिए हुआ है। बुधवार को पूर्व सैनिक संघ के पदाधिकारियों के साथ राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित खिलाड़ियों ने कलेक्टर से मुलाक़ात की और केरल, जम्मू और हिमाचल में होने जा रहे राष्ट्रीय प्रतियोगिता में जिले के 11 खिलाड़ी के शामिल होने की जानकारी प्रदान दी। वही कलेक्टर ने भी शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में हर संभव मदद करने भरोसा खिलाड़ियों को दिलाया। आपको बता दे कि चीनी मार्शल आर्ट खेल वुशू को भारतीय राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में शामिल करने के बाद जिले में भी कई प्रतिभावान खिलाड़ीयों ने राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना परचम लहराया है। वुशु खेल कराते की तरह ही होता है। दो लोगो के बीच मुकाबला होता है। जिसमे जमीन में गिरने वाले कि हार और गिराने वाले कि जीत होती है। बता दे की पूर्व सैनिक संघ द्वारा वुशु की निशुल्क ट्रेनिंग जिले के खिलाड़ियों को दी जा रही है।

**इन खिलाड़ियों के हुआ चयन-** राष्ट्रीय वुशु प्रतियोगिता के लिए प्रेरणा साहू, डोमन, चंचल साहू, दीपाली साहू, कुणाल, ऐश्वर्य, चंद्रहास यादव, दीप्ति साहू, तनुजा साहू, खेमलता और सोहन यादव का चयन हुआ हैं।

# श्री रावतपुरा सरकार संस्थान कुम्हारी परिसर में अनंत श्री श्री रविशंकर महाराज (रावतपुरा सरकार) का 54 वां प्राकट्य महोत्सव एवं संस्थान का स्थापना दिवस मनाया गया

पायनियर संवाददाता ◂ कुम्हारी
www.dailypioneer.com





इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल जी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय की कुलपति डा. अरूणा पलटा जी एवं श्री रावतपुरा सरकार लोक कल्याण ट्रस्ट के उपाध्यक्ष माननीय डा. जे. के उपाध्याय जी शामिल हुए। समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना एवं महाराज श्री गुरू वंदना एवं दीप प्रज्वलन से किया गया। सभा को संबोधित करते हुए सांसद विजय बघेल जी ने महाराज श्री के जन्मोत्सव पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस शुभ अवसर पर उपस्थित होकर मुझे अत्यंत आनन्द की अनुभूति हो रही हैं। उन्होने इस अवसर पर विद्यार्थियों को जीवन में मानवीय मूल्यों, संस्कारों के साथ नई तकनीक को अपनाते हुए आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित डा. अरूणा पलटा जी ने महाराज श्री को शुभकामनाएं देते हुए संस्था के उज्जवल भविष्य की कामना की एवं अपने उद्बोधन में कहा कि यह संस्थान शिक्षा के क्षेत्र में एक मिसाल एवं बहुआयामी शैक्षिक प्रणाली का एक समूह बन चुका है, जिसमें स्कूली शिक्षा से लेकर स्नातक, स्नातकोत्तर एवं पी. एच. डी. के सभी पहलू शामिल है। इस शुभ अवसर पर श्री रावतपुरा सरकार महाराज जी के जीवन परिचय , चित्र प्रदर्शनी संस्था के विगत बीस वर्षो की उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया। समस्त अतिथियों, निदेशक महोदय, प्रचार्या, शिक्षक गणों एवं छात्र छात्राओं द्वारा वृक्षारोपण कर एवं एक लाख दीप प्रज्जवलन किया गया। इस शुभ अवसर पर शिक्षा संकाय द्वारा सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया, फार्मेसी संकाय द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें डा. छाया सिंगौर, डा. अवधेश प्रसाद, डा.अंकिता एवं श्री अमृत सुपर स्पेश्यालिटी हास्पीटल का सहयोग उल्लेखनीय रहा । इस अवसर पर एलेबिक फार्मा, कंसर्न फार्मा, एरिस फार्मा कंपनियों द्वारा निःशुल्क दवाईयो का वितरण किया गया। नर्सिंग संकाय की ओर से राज्य स्तरीय माडल प्रदर्शनी एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया राज्य स्तरीय माडल प्रदर्शनी में श्री बालाजी कालेज आफ नर्सिंग, जगतगुरू शंकराचार्य कालेज आफ नर्सिंग, मैत्री कालेज ऑफ नर्सिंग अंजोरा और श्री रावतपुरा सरकार इंस्टीयूट आफ कालेज धनेली के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

# बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा ने प्राथमिक शाला का किया निरीक्षण



**बेमेतरा।** विधायक आशीष छाबड़ा को ग्राम संण्डी के प्राथमिक शाला एवं पूर्व मा.शाला के छात्र/छात्राए अपने बीच पाकर खुशी की लहर दौड़ गई विधायक आशीष छाबड़ा ने बच्चों से सवाल जवाब किए जिसका बच्चों ने है जवाब दिया इस दौरान विधायक आशीष छाबड़ा ने शिक्षकों से आग्रह किया कि वे बच्चों की शिक्षा में किसी प्रकार की कमी ना आने दें अगर किसी चीज की आवश्यकता पड़ती है तो उन्हें बताएं वे शिक्षा संबंधी अपने विधानसभा की जरूरतों को पूरा करने का भरसक प्रयास करेंगे जरूरत पड़ेगी तो ऊपर स्तर पर भी बात रखी जाएगी किंतु ग्रामीण स्तर पर बच्चों की शिक्षा के लिए जो भी प्रयास शिक्षकों से हो सकता है वह सारे प्रयास करें।

# डॉ. मुखर्जी से प्रेरणा ले कि स्वहित से बड़ा देश हित: विकास दीवान

पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



भाजपा नवागढ़ मंडल द्वारा जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाया गया। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री विकास धर दीवान की उपस्थिति में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित व फूलमाला अर्पित कर मनाई गई। कार्यक्रम में उनके संबंध में पदाधिकारियों ने अपने विचार रखे और उनके संघर्षों और योगदान को याद कर श्रद्धांजलि अर्पित की। महामंत्री विकास दीवान ने कहा कि डा. मुखर्जी ने मां भारती की सेवा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। देश हित में उनके द्वारा अनेक कार्य किए गए जिन्हें कभी नहीं भुलाया जा सकेगा। हम सभी को उनके जीवन तथा कार्यों से प्रेरणा लेनी चाहिए और यह संकल्प लेना चाहिए कि स्वहित से बड़ा देश हित होता है। कश्मीर समस्या को लेकर बड़े संघर्ष की शुरुआत मुखर्जी ने ही की थी। डाक्टर मुखर्जी देश के सच्चे सपूत थे। दीवान ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों को साकार करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कश्मीर से 370 एवं 35ए धारा हटा कर उनके सपनों को पूरा किया है। मण्डल अध्यक्ष चन्द्रपाल साहू ने बताया गया कि किस प्रकार श्यामा प्रसाद मुखर्जी को लाल चौक पर झंडा फहराने को लेकर उनको कितनी यातनाएं दी गई और उनकी हत्या कर दी गई। श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारा एक राष्ट्रवादी पार्टी जनसंघ का निर्माण किया गया जो आज भारतीय जनता पार्टी के रूप में विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। इस दौरान महामंत्री मिन्टू बिसेन, एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष देवादास चतुर्वेदी, टिकम गोस्वामी, सुरेश निषाद, मनीराम साहू, सुरेश साहू, गोलू सिन्हा, कुलेश्वर सिन्हा, धनीराम निर्मलकर, मुकेश सिन्हा, ईश्वर कुम्भकार, दिनेश चौहान, मनीष श्रीवास, सहित भाजपाई उपस्थित रहें।

## बेमेतरा जिले के समस्त कार्यकर्ता एवं सहायिका होंगे हडताल में शामिलः विद्या जैन

# छत्तीसगढ़ जुझारू आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका कल्याण संघ का 3 दिवसीय हडताल 7 से 9 तक

पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



अपनी विभिन्न मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ जुझारू आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका कल्याण संघ द्वारा तीन दिवसीय हड़ताल 7 जुलाई से 9 जुलाई तक करेंगे। छत्तीसगढ़ जुझारू आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका कल्याण संघ एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका यूनियन सिटू दोनों संघों द्वारा समस्त जिलों के बैठक के बाद दो दिवसीय महापडाव 09-10 जून को किया गया एवं उसकी सूचना दी गई है समस्त प्रदेश से आंगनबाड़ी कार्यकताओं एवं सहायिओं ने हड़ताल में 47 डिग्री की भीषण गर्मी में शामिल हुये एवं अपने मांगों को शासन से मांगा। लेकिन शासन ने कोई भी सकारात्मक पहल हमारे लिए नहीं दिखाया । विद्या जैन जिलाअध्यक्ष आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका कल्याण संघ बेमेतरा ने बताया कि बेमेतरा के समस्त कार्यकर्ता सहायिका हडताल में रहेंगे साथ ही प्रदेश आंगन बाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं ने पूर्व निर्धारति कार्यक्रम 07.जुलाइ से 09.जुलाई तक निश्चितकालीन आंदोलन करने जा रही है। इसके पूर्व में भी संगठन द्वारा 50 दिन का हड़ताल, तीजा के दिन निर्जला हड़ताल भी किया था और 50 दिन के हड़ताल में तो हमें कहा गया था। तथा जन घोषणा पत्र में लिखकर भी दिया गया कि कलेक्टर दर देंगे लेकिन 3.6 वर्ष बीत चुके है। हमारे लिए कोई सकारात्मक पहल नहीं की जा रही है, आज सभी संघों की मांग पर को हो रही है। लेकिन आंगनबाड़ी महिलाओं के एक बड़े वर्ग को जो उम्मीद कर रही है कि जल्द हमारी मांग कलेक्टर दर पूरी होगी। उनको अनदेखा किया जा रहा है। और जिस प्रकार से महगाई बढ़ रही है। उसमें अल्प मानदय में घर चलाना मुश्किल है। लेकिन हमारी किसी भी समस्या का समाधान नहीं हो रहा । इसलिए शासन का पुनः ध्यानकर्षण हेतू 03 दिनों का महापडाव धरना प्रदर्शन करने के लिए हम लोग लोगो मजबूर है। यदि हमारी मांगों का पुरा नही किया गया तो संगठन आगे चरणबद्ध आंदोलन जारी रहेगा धरना प्रदर्शन 07.जुलाई से 09जुलाई 3 दिनों का निश्चितकालीन आंदोलन किया जाना है। एवं आगामी प्रातीय स्तर का धरना स्थल बुढापारा में चरणबद्ध रूप से कोविड 19 के नियमों का पालन करते किया जायेगा। जिसकी विधीवत सूचना शासन एवं विभाग को आज दिनांक हुए को प्रांतीय शाखा सूचना पत्र देकर पावती प्राप्त किया,

**एक सूत्रीय मुख्य मांगः-** शायकीय कर्मचारी घोषित करते तक जन घोषणा पत्र में किया गया लिखित वादा कलेक्टर दर को पूर्ण किया जायें।

**मुख्य अन्य मांगः-** सामाजिक सुरक्षा के रूप में मासिक पेंशन और समूह बीमा योजना हेतू नीति निर्धारित कर इसको लागू कराने का कष्ट करेगें इसके साथ ही सेवा निवृत और मृत्यु होने पर कार्यकर्ताओं का 05 लाख एवं सहायिकाओं को 03 लाख राशि एक मुश्त भुगतान किया जावें। (इस हेतू संघ का सुझाव और प्रस्ताव पत्र संलग्न है) आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सुपरवाईजर के रिक्त पद पर शत प्रतिशत, बिना उम्र बंधन के और बिना परीक्षा के लिया जावें। इसी तरह सहायिकाओं को कार्यकर्ता के रिक्त पद पर लिया जावें, 25 पतिशत का बंधन समाप्त किया जावें। इस हेतु विभागीय सेवा भर्ती नियम में संशोधन किया जावें, मिनी आंगनबाड़ी को पूर्ण आंगनबाड़ी बनाने एवं केश कार्यकर्ताओं को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पद पर समाहित किया जावें। प्रदेश स्तर में रिक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के रिक्त पदों को शीघ्र भरा जावें। पोषण ट्रेक्टर एप्प और अन्य कोई भी कार्य जब तक मोबाईल, नेट चार्ज नही दिया जाता है। तब तक मोबाइल में कार्य ना लिया जावें। शासन द्वारा हाल में पर्यपेक्षक भर्ती के लिए परीक्षा ली गई जिसमें 45 वर्ष से ऊपर वालों को परीक्षा देने की अनुमति दी गई, उन्हें तत्काल पर्यवेक्षक पद पर लिया जावें। राज्य शासन के अतिरिक्त मानदेय को भी केन्द्र शासन की तरह ऑनलाइन किया जायें।

# नाबालिग को शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक शोषण करने वाले आरोपी को भेजा गया जेल

पायनियर संवाददाता ◂ बालोद
www.dailypioneer.com



जिले में डौंडी थाने में प्रार्थी के रिपोर्ट पर कि उसकी नाबालिग भांजी को कोई अज्ञात व्यक्ति उसकी विधि पूर्ण वैध संरक्षण से 2 जुलाई को उनके बिना जानकारी के भगा कर ले जाने की रिपोर्ट पर थाना डौंडी में अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार यादव के निर्देशन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रज्ञा मेश्राम एवं नगर पुलिस अधीक्षक मनोज तिर्की के मार्गदर्शन में थाना डौंडी द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए नाबालिक लड़की को ब्रम्हनी निवासी आरोपी रविशंकर नुरुटी पिता कमल नुरुटी (25वर्ष) के कब्जे से बरामद कर आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा 363, 366, 376(2)(ढ़)भादवी 4 5(ठ)6 के तहत गिरफ्तार कर जेल निरुद्ध किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक कैलाश चंद्र मरई, सउनि दुर्जन लाल रावटे, प्रधान रक्षा ज्ञानेश चंदेल क्रमांक 1480 एवं महिला आरक्षक क्रमांक 626 माधुरी लाठिया, ज्ञानेश्वर करचाल क्रमांक 149 की सराहनीय भूमिका रही।

# जनशताब्दी में सफर करने से डरने लगे यात्री, कभी भी हो सकती है कोई घटना

■ जोनल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति सदस्य गोपाल अग्रवाल ने रेल मंत्री से की शिकायत

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com



दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा संचालित जन शताब्दी एक्सप्रेस यात्रियों के लिये परेशानी का सबब बन गई है। यह टेऊन बीते कई माह से अपने निर्धारित समय रात्रि साढ़े 10 बजे की बजाए देर रात दो या तीन बजे रायगढ़ स्टेशन पहुंच रही है। रोजाना घंटो लेट होनें वाली इस जन शताब्दी में बैठने वाले यात्री उस वक्त को कोसते है जब वे अपने घर समय पर पहुंचने के लिये इसका सफर करते हैं। लगातार लेट लतीफी को दुरूस्त करने की बजाए रेल प्रशासन के अधिकारी इस पर चुप्पी साधे हुए हैं और उनका सबसे बड़ा बहाना यह भी है कि रायगढ़ व रायपुर के बीच रेल लाईन सुधार तथा अन्य कार्य जारी है। मजे की बात यह है कि रायगढ़ से तो यह टेऊन रोजाना समय पर छुटती है और जब वापस रायगढ़ पहुंचती है तो यात्रियों के पसीने छूट जाते हैं चूंकि देर रात रायगढ़ स्टेशन पहुंचने के बाद उन्हें न तो कोई सुविधा मिलती है बल्कि अगर कोई छात्र या छात्रा घर पहुंचना चाहे तो उन्हें दोगुनी राशि देकर आटो या अन्य साधन जुटाने पड़ते हैं। उपर से देर रात होनें के चलते यात्रीगण अनहोनी की आशंका से भी डरे हुए रहते हैं। जोनल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के सदस्य गोपाल अग्रवाल ने इस आशय का पत्र देश के रेल मंत्री को लिखते हुए आरोप लगाया है कि पिछ्ले चार सालों से पैसेंजर टेऊनों का परिचालन रोकने तथा कई एक्सप्रेस टेऊनों को अचानक रद्द कर दिये जाने के कारण रेल मार्ग से आवागमन काफी दुस्कर कार्य हो गया है।

## आटो वाले करते हैं मनमानी वसूली

शहर की एक युवती ने बताया कि तीन दिन पहले वह रायपुर से अपनी मां का उपचार कराकर जन शताब्दी एक्सप्रेस रायगढ़ लौटी, रात अधिक हो जाने के कारण परिजन उन्हें लेने रेलवे स्टेशन नही आ सके। इस दौरान उन्हें जाने के लिये आटो का सहारा लेना पड़ा, परंतु रात होते ही रेलवे स्टेशन में मौजूद आटो चालकों का किराया तीन गुना अधिक बढ़ जाता है। युवती ने एक दो नही तीन से चार आटो चालकों से रेलवे स्टेशन से दशरथ पान ठेला कोतरा रोड जाने का किराया पूछा सभी ने 150 रूपये लेने की बात कही। मजबूरीवश युवती को 150 किराया पटाना पड़ा तब जाकर वह घर पहुंच सकी। इस संबंध में जिला परिवहन अधिकारी दुष्यंत रायस्त ने कहा कि निश्चित रूप से यह गलत है। ऑटो वालो को अधिसूचित दर किराया के आधार पर ही किराया लेना चाहिए। आपके माध्यम से हमे यह पता चला है। मैं आरटीओ से टीम भेज कर चेक करवाऊंगा। गलत पाए जाने पर नियमानुसार कार्यवाही करेंगे।

# कन्हैया लाल साहू टेलर हत्याकांड में जिला साहू संघ ने आठ करोड़ आर्थिक सहायता एवं परिवार के दो सदस्यों को शासकीय नौकरी देने की मांग

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ति
www.dailypioneer.com



शक्ति विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक डॉक्टर खिलावन साहू ने जिला साहू संघ जांजगीर चाम्पा के पदाधिकारियों के साथ जिला में नवपदस्थ कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के पदभार ग्रहण करने पर जिला साहू समाज द्वारा अभिनंदन किया गया तथा उदयपुर राजस्थान मे कन्हैया लाल साहू टेलर के हत्यारों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए इस हेतु राष्ट्रपति और राज्यपाल के नाम ज्ञापन समाज के जिलाध्यक्ष डॉक्टर खिलावन साहू के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने सौंपा,प्रतिनिधि मंडल ने कहा दहशतगर्दियो द्वारा बेरहमी से की गई नृशंस हत्या की, जिला साहू संघ जांजगीर चांपा घोर निंदा करता है। ज्ञापन मे घटना की फास्ट ट्रैक मे सुनवाई कर हत्यारो व दोषियो के उपर कठोर से कठोर कार्रवाई की जाने, पीडित परिवार के साथ घटित घटना को ध्यान मे रखते हुए परिवार की सुरक्षा दिए जाने, पीड़ित परिवार को 5 करोड़ रु आर्थिक सहयोग के साथ परिवार के दो सदस्य को शासकीय नौकरी देकर राहत प्रदान करने की मांग की गई है,प्रतिनिधि मंडल में डॉक्टर खिलावन साहू पूर्व विधायक सक्ती के साथ , बोधीराम साहू जिला संयोजक साहित्य प्रकोष्ठ,के.बी.साहू जिला अंकेक्षक, रामचरण साहू तहसील अध्यक्ष ,जे पी साहू तहसील उपाध्यक्ष , जे.सी. साहू परिक्षेत्र अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य त्रय राजकुमार साहू, दिलेश्वर साहू, लखन साहू, परीक्षेत्र अध्यक्ष गोविंदा साहू, मंडल अध्यक्ष भुवनेश्वर साहू, ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष लेखराम साहू, भूतपूर्व सैनिक जिला संयोजक सरोज साहू, गोविंदा साहू, परिक्षेत्र सचिव संतराम साहू, कर्मचारी प्रकोष्ठ केशव साहू , शिवकुमार साहू, सहित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## नाग दंश से सर्प रक्षक युवक की अकाल मौत

**रायगढ़.** सांप...दो अक्षर का यह शब्द सुनते ही एक अलग ही डर का अनुभव होता है, छत्तीसगढ़ के कई जिलें ऐसे हैं जहां बरसात लगते ही धरती पर रेंगती है मौत.. कई जहरीले सांप ऐसे हैं जिनके डसने से चंद मिनटों में इंसान काल के गाल में समा जाते हैं, शायद यही वजह है सांपों और इंसानों में द्वद आज भी जारी है। किसी के घर में एक सांप निकल जाए तो पूरा का पूरा परिवार भय से सिहर उठता है। ऐसा ही एक मामला नंदेली से सटे ग्राम बरपाली का सामने आया है। जहां घर में घुसे नाग को निकालने के चक्कर में गांव के ही एक युवक को अपनी जान गंवानी पड़ी। प्राप्त जानकारी के अनुसार नंदेली गांव से सटे गांव बरपाली में एक किसान के घर नाग सांप घुस गया, जिससे पूरे परिवार में दहशत व्याप्त हो गया। ग्रामीण के द्वारा सांप को घर से निकालने के लिये इसी गांव के रहने वाले एक युवक धनेश्वर सिदार पिता गोकुल सिदार 30 साल को बुलाया गया। बताया जा रहा है कि उक्त युवक पिछले कुछ समय से अपने गांव तथा आसपास के गांव में सांप को पकड़कर जंगल में छोडता रहा है। मगर उक्त युवक सांप पकड़ने प्रशिक्षित नही था। धनेश्वर को जब उक्त किसान के घर सांप घुस जाने की जानकारी मिली तो दोपहर करीब 12 बजे वह सांप को निकालने के लिये उसके घर पहुंचा। गांव वालों के मुताबिक धनेश्वर जब सांप को पकड़कर घर से निकालने की कोशिश कर रहा था इसी दौरान नाग ने उसकी हथेली पर डस लिया।

# बार्डर और स्टेशन पर कोविड स्क्रीनिंग शुरू फिलहाल जिले में 17 सक्रिय कोविड मरीज

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com



बाजार हो या फिर कोई भी भीड़ वाली जगह पर लोग अब मास्क लगाने से परहेज कर रहे है तो संस्थानों में भी सैनेटाइजर की व्यवस्था कम हो गई है। जबकि अभी भी राज्य समेत जिले में सार्वजनिक स्थलों में मास्क लगाना अनिवार्य है। ऐसे में लोगों को खुद जागरूक होने की जरूरत है और यह समझने की भी कि कोरोना संक्रमण धीरे-धीरे पैर पसारने के फिराक में जिसे हम सावधानी और सतर्कता बरतते हुए बढ़ने से रोक सकते हैं।

डॉक्टर्स की मानें तो कोविड के समय और उसके ठीक बाद लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ी थी लेकिन जैसे ही स्थिति सामान्य हुई लोग फिर से स्वास्थ्य के प्रति लापरवाह हो गए। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार दोपहर तक जिले में 17 कोविड के सक्रिय मामले हैं जिनमें 7 लोईंग व रायगढ़ शहरी क्षेत्र और पुसौर में 5-5 मामले हैं। धीरे-धीरे कोविड के बढ़ रहे मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने जिले से जुड़ती ओडिसा सीमा और रेलवे स्टेशन पर स्क्रीनिंग सेंटर फिर से शुरू कर दिया है। ताकि दीगर राज्य से आने वाले कोविड के संभावित मरीजों की पहचान की जा सके। इसके साथ ही जिले के हर पीएचसी और सीएचसी में कोविड टेस्ट की सुविधा है जहां 450-500 के करीब सैंपल औसतन वर्तमान में हर दिन जांच किये जा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग लगातार लोगों से कोविड का टीका लगाने और कोविड अनुरूप व्यवहार के पालन की अपील कर रहा है। कई लोगों का बूस्टर डोज छूटा है तो उन्हें घर-घर लगाए जाने की व्यवस्था है। वहीँ 18 से 59 साल वालों को निजी अस्पताल में बूस्टर डोज लगने हैं।

**कोरोना का खतरा अभी टला नहीं - डॉ एसएन केसरी :** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एसएन केसरी का कहना हैरू ष् कोविड प्रोटोकॉल का पालन करें और कोविड टीका और उसका बूस्टर डोज जरूर लगवाएं। देश के साथ-साथ प्रदेश और रायगढ़ में भी संक्रमण की दर फिलहाल बढ़ रही है।

## खाने में देरी हुई तो पत्नी की पीट-पीटकर हत्या

### आरोपी पति हिरासत में, लैलूंगा के बगुडेगा गांव की घटना

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

लैलूंगा पुलिस द्वारा ग्राम बगुडेगा के नवापारा में महिला की संदेहास्पद मौत के मामले में उसके पति को हिरासत में लिया गया है। आरोपी कबूल किया कि खाना नहीं बनाने पर उसने अपनी पत्नी को डंडे से मारपीट किया जिससे उसके सिर माथे पर चोट आया और वह मौत हो गई। घटना के संबंध में 03 जुलाई को मृतिका के पति जीतराम पिता स्व. रामनाथ उम्र 35 वर्ष निवासी बगुडेगा ने ही थाना लैलूंगा में मर्ग इंटिमेशन कराया कि 02 जुलाई को दोनों पति-पत्नी पत्थलगांव गये थे। जहां से वापस आने के बाद पत्नी बच्चों के साथ कमरे में जाकर सो गई, और यह आंगन में सोया था। शाम को उठा तो पत्नी (रजनी यादव) फौत हो गई थी, थाना लैलूंगा में मर्ग कायम कर जांच में लिया गया। महिला के आकस्मिक मौत की सूचना पर थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक नारायण सिंह मरकाम, सहायक उपनिरीक्षक चंदन नेताम हमराह स्टाफ के साथ सीएचसी लैलूंगा में मर्ग पंचनामा कार्यवाही कर शव का पीएम कराया गया और मूल घटनास्थल ग्राम बगुडेगा जाकर मृतिका के वारिसानों, आसपास रहने वालों से पूछताछ करने पर बताये कि 02 जुलाई की दोपहर दोनों पति-पत्नी पत्थलगांव गए थे।



## श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह के पांचवें दिन श्री कृष्ण बाल लीला एवं गोवर्धन पूजा का हुआ सुंदर प्रसंग



■ सिसोदिया परिवार के वरिष्ठ स्व. डॉ.संग्राम सिंह सिसोदिया की पुण्य स्मृति में सिसोदिया परिवार करा रहा धार्मिक आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ति
www.dailypioneer.com

शक्ति शहर के प्रतिष्ठित सिसोदिया परिवार द्वारा स्टेशन रोड में 30 जून से श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन करवाया जा रहा है, जिसमें सुप्रसिद्ध भागवत कथा वाचक आचार्य संजय कुमार पांडेय अपनी अमृतमय मधुर वाणी से भक्तों को विभिन्न प्रसंगों का कथा के माध्यम से रसपान करा रहे हैं, तथा यह आयोजन सिसोदिया परिवार द्वारा अपने वरिष्ठ स्व. डॉ.संग्राम सिंह सिसोदिया की पुण्य स्मृति में करवाया जा रहा है, एवं इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए ठाकुर रघुवीर सिंह सिसोदिया, मनोज सिसोदिया, राकेश सिंह, राजेश सिंह, जय आदित्य, प्रताप सिंह चंदेल एवं सिसोदिया परिवार के सभी सदस्य जुटे हुए हैं,तथा प्रतिदिन यह कथा दोपहर 3:00 बजे से प्रारंभ हो राधे कृपा तक होती है एवं 30 जून को कलश यात्रा के साथ इस श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का शुभारंभ हुआ था।

## अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन की प्रदेश संयोजिका लक्ष्मी अग्रवाल के नेतृत्व में विद्यालय प्रांगण में हुआ वृक्षारोपण तथा स्कूलों बच्चों को किया गया जूते का वितरण

■ छत्तीसगढ़ प्रदेश में वृक्षारोपण के क्षेत्र में विगत दशकों से निरंतर सक्रिय है लक्ष्मी अग्रवाल

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ति
www.dailypioneer.com





अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष राजकुमार मित्तल के मार्गदर्शन में पर्यावरण सुरक्षा एवं जागरूकता छत्तीसगढ़ प्रदेश की संयोजिका श्रीमती लक्ष्मी अग्रवाल पेंड्रा ने वर्तमान बारिश मौसम को देखते हुए पेंड्रा जिला मुख्यालय से 3 किलोमीटर की दूरी पर स्थित पतगवा शासकीय विद्यालय प्रांगण में जाकर विद्यालय के शिक्षक/शिक्षिकाओं एवं बच्चों के साथ वृक्षारोपण किया,इस दौरान विभिन्न प्रजातियों के जहां पौधे रोपित किए गए तो वही संयोजिका श्रीमती लक्ष्मी अग्रवाल ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ प्रदेश के सभी विद्यालयों में भी नियमित रूप से विद्यालय परिवार के लोग एवं विद्यार्थी वृक्षारोपण की दिशा में कार्य करें तथा नियमित रूप से लगाए गए वृक्षों की देखभाल करते हुए उसे संरक्षण दे, तो हमारा पर्यावरण और अधिक बेहतर हो सकता है,एवं हमें इस दिशा में सकारात्मक पहल अवश्य करनी चाहिए तथा अभी बारिश के समय में वृक्षों को लगाने के बाद बरसात के पानी से ही वे बढ़ते जाते हैं, तथा हमें सुरक्षा जाली लगाकर भी उसे सुरक्षित करना चाहिए। इस दौरान विद्यालय परिवार के शिक्षक/शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों में भी वृक्षारोपण को लेकर काफी उत्साह देखा गया तथा श्रीमती लक्ष्मी अग्रवाल ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष राजकुमार मित्तल के मार्गदर्शन में देश के विभिन्न राज्यों में निरंतर वृक्षारोपण का कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है।

तथा सभी इकाइयां सक्रियता के साथ इस क्षेत्र में कार्य कर रही है, वही शासकीय विद्यालय पतगवा में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन पर्यावरण सुरक्षा एवं जागरूकता की छत्तीसगढ़ प्रदेश संयोजिका श्रीमती लक्ष्मी अग्रवाल, विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती संतोषी कश्यप, ऋचा सराफ , ईश्वरी कश्यप,ममता तिवारी, रश्मि नामदेव, नीलू श्रीवास, सुगकता यासमीन सहित काफी संख्या में अन्य लोग मौजूद रहे। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में श्रीमती लक्ष्मी अग्रवाल के नेतृत्व में प्रतिवर्ष नियमित रूप से बारिश मौसम में वृक्षारोपण का कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जाता है, तथा श्रीमती लक्ष्मी अग्रवाल क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों में वृक्षारोपण के कार्य को बढ़ावा देते हुए लोगों में जागरूकता लाने का भी कार्य करती हैं, तथा वर्ष भर सेवा के कार्यों में भी अपना अग्रणी योगदान देती है।

## विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत एवं पूर्व विधायक डॉ. खिलावन साहू ने दी किशोरी लाल अग्रवाल को श्रद्धांजलि



पायनियर संवाददाता ➤ सक्ति
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत एवं शक्ति विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक डॉ. खिलावन साहू ने 5 जुलाई को शक्ति शहर के प्रतिष्ठित वरिष्ठ नागरिक स्व. किशोरीलाल अग्रवाल के निधन पर उनके निवास पर पहुंचकर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा इस दौरान अग्रवाल परिवार से मिलकर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त की तथा विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने इस अवसर पर स्व. किशोरीलाल अग्रवाल के परिवार जनों से मुलाकात भी की, ज्ञात हो कि स्व. किशोरीलाल अग्रवाल राजेश टायर हाउस बिलासपुर एवं कृष्णा सेल्स शक्ति के संचालक सूरजमल अग्रवाल, किशोरी लाल संतोष कुमार एवं लीला सेल्स के संचालक कपूरचंद अग्रवाल एवं संतोष मिल स्टोर के संचालक राजेंद्र कुमार अग्रवाल (राजू) के पूज्य पिता थे, तथा देर शाम शक्ति विधानसभा के पूर्व विधायक डॉ. खिलावन साहू भी स्व. किशोरीलाल अग्रवाल के निवास पहुंचे जहां उन्होंने अपनी संवेदनाएं व्यक्त की, पूर्व विधायक डॉक्टर खिलावन साहू ने 5 जुलाई को शक्ति शहर की प्रतिष्ठित फर्म भरत क्लॉथ स्टोर, जनता मेडिकल स्टोर एवं राखी साड़ी के संचालक राजेश अग्रवाल, संतोष अग्रवाल एवं भरत अग्रवाल के पूज्य पिता स्व. श्रीनिवास अग्रवाल के निवास पहुंचकर उनके निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की इस दौरान स्व. श्री निवास अग्रवाल के परिवार जन भी उपस्थित रहे।

# सक्ती विकासखंड में डीएपी खाद की कमी को लेकर पूर्व विधायक साहू ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

■ खाद की कमी पूरी नहीं होने पर जन आंदोलन करेंगे पूर्व विधायक

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ति
www.dailypioneer.com



बारिश प्रारंभ होते ही क्षेत्र के किसान कृषि कार्य में व्यस्त हैं, परंतु उनके पास पिछले साल की तरह इस साल भी डीएपी खाद शासकीय गोदामों में नहीं होने के कारण किसान भारी परेशान है,क्षेत्र के किसान बहुत ही चिंतित हैं कि इस साल भी शुरुआत में ही कृषि कार्य के लिए उन्हें छत्तीसगढ़ शासन की ओर से डीएपी खाद उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है,उक्ताशय की बातें एक भेंटवार्ता में सक्ती विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं जिला साहू संघ जांजगीर चांपा के अध्यक्ष डॉक्टर खिलावन साहू ने देते हुए बताया किसानों की इस समस्या को लेकर उनके द्वारा जांजगीर-चांपा जिले के नवनियुक्त कलेक्टर तारण प्रकाश सिन्हा को ज्ञापन सौंपा गया है,एवं जिले में डीएपी खाद की कमी को लेकर जिले में शीघ्र ही डीएपी खाद उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया,साथ ही खाद नहीं उपलब्ध कराने की स्थिति में जन आंदोलन की चेतावनी भी दी है,ज्ञापन सौंपने वालों में डॉ. खिलावन साहू के साथ भारतीय जनता पार्टी मंडल बाराद्वार के अध्यक्ष संतोष राठौर, महामंत्री द्वय दीपक ठाकुर, गेंद राम मनहर ,मंत्री विजय जयसवाल ग्रामीण मंडल जांजगीर के अध्यक्ष भुनेश्वर साहू ,महामंत्री नंदकिशोर राठौर, ओबीसी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष लेख राम साहू, युवा मोर्चा बाराद्वार मंडल के महामंत्री गोविंदा साहू ,सारागांव मंडल युवा मोर्चा कोषाध्यक्ष बसंत सूर्या, भूतपूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सरोज साहू, मंडल मंत्री डॉ ललित कुर्रे मनहरण लाल विजय वार, सुनील भवानी, सुनील कश्यप ,दयाशंकर पटेल, हेमंत गोस्वामी ,भागवत प्रसाद यादव, अजय राठौर, संतराम साहू, नंदकिशोर चौहान, शिवकुमार साहू युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष त्रय जयप्रकाश साहू ,योगेंद्र साहू, जगन्नाथ बरेठ,दाऊ राम राठौर, राजू यादव, जागेश्वर कौशिक आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# नवागढ़ पुलिस को चोरी के आरोपियों को गिरफ्तार करने में मिली सफलता

पायनियर संवाददाता ➤ जांजगीर-चाम्पा
www.dailypioneer.com



चोरी के प्रकरणों का निकाल एवं आरोपियों की धरपकड़ करने हेतु किया गया विशेष टीम का गठन विशेष टीम द्वारा नवागढ़ पुलिस को आरोपियों को गिरफ्तार करने में मिली सफ्लता आरोपियों के कब्जे से चोरी गई मोटर सायकल को किया गया बरामद आरोपी गौरव बंजारे को दिनांक 05.07.22 को भेजा गया न्यायिक अभिरक्षा में प्रकरण में संलिप्त 02 अपचारी बालको को भेजा गया बाल संप्रेक्षण गृह कोरबा थाना नवागढ़ क्षेत्र के ग्राम अवरीद निवासी देवचरण धीवर द्वारा थाना नवागढ़ में रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 25-26.01.22 के दरम्यानी रात्रि इसके दुकान का ताला तोड़कर 91 हजार नगदी रकम, 02 नग मानीटर एवं 01 नग सीसीटीव्ही कैमरा को अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गये जिस पर थाना नवागढ़ मे धारा 457,380 भादवि दिनांक 27.01.22 को पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इसी प्रकार आनंद चंद्रा निवासी बिर्रा द्वारा थाना नवागढ़ में रिपोर्ट दर्ज कराया कि राछाभाठा में दुकान चलाता है अपने दुकान के सामने मोटर सायकल बजाज पल्सर क्रमांक सीजी 12 एव्ही 0902 को खड़ी किया था जिसे दिनांक 25-26.01.22 को रात्रि अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया जिस पर थाना नवागढ़ में धारा 379 भादवि दिनाँक 27.0.22 को पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपियों की पतासाजी हेतु विशेष टीम का गठन किया गया था जिनके द्वारा आरोपियों के संबंध में लगातार पतासाजी की जा रही थी। पतासाजी के दौरान मुखबीर की सूचना पर जिला कोरबा से 03 संदेहियों को लाकर पूछताछ किया गया जिनके द्वारा ग्राम अवरीद के दुकान का ताला तोड़कर 91 हजार नगदी रकम, 02 नग मानीटर एवं 01 नग कैमरा तथा राछाभाठा से बजाज पल्सर को चोरी करना स्वीकार किये। आरोपियों के कब्जे से चोरी गई मोटर सायकल बजाज पल्सर को जप्त कर आरोपी गौरव बंजारे निवासी कृष्णा नगर कोरबा को दिनाँक 05.05.22 को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। आरोपियों को गिरफ्तार करने में निरी. राजेश कुमार पटेल, उनि सुरेश ध्रुव, सउनि संतोष तिवारी, कृष्ण कुमार मरकाम, प्र.आर. राजकुमार चंद्रा, म.प्र.आर. स्वाति गिरोलकर, आर. अर्जुन यादव, रोहित कहरा एवं मनीष राजपूत का सराहनीय योगदान रहा।

## सूने मकान में चोरी करने वाला किशोर बालक आया लैलूंगा पुलिस के हाथ

**रायगढ़.** लैलूंगा पुलिस द्वारा वार्ड नं0 4 इमलीपारा के सुने मकान में चोरी करने वाले एक आरोपी को हिरासत में लिया गया है जो नाबालिग है, हिरासत में लिये गये बाल अपचारी अपने पांच दोस्तों के साथ मिलकर चोरी करना कबूल किया है जिसे लैलूंगा पुलिस द्वारा किशोर न्याय बोर्ड रायगढ़ न्यायालय में पेश कर बाल संप्रेक्षण गृह में दाखिल किया गया है। अपचारी के पांच साथी फरार है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रिपोर्टकर्ता रोहित कुमार पैंकरा पिता बलराम पैंकरा उम्र 39 वर्ष निवासी ग्राम भेलवाटोली थाना लैलूंगा बताया कि ग्राम पंचायत पाकरगांव में पंचायत सचिव है। लैलूंगा वार्ड क्रमांक 04 इमलीपारा में मकान बनाकर परिवार सहित रहता है।

## ग्राम मोहभट्ठा में हुआ जन-चौपाल शिविर का आयोजन

**बेमेतरा।** जिला प्रशासन द्वारा ग्रामीणों के बीच जाकर उनकी समस्या को समझने और यथा सम्भव निराकरण करने के उद्देश्य से आज विकासखण्ड बेरला के ग्राम मोहभट्ठा में अनुविभाग स्तरीय जन-चौपाल शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जिला स्तर के विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित हुए। शिविर में प्राप्त 250 आवेदनों में से 226 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। बरसात के मौसम के बावजूद बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति कायम रही और ग्रामीणों के लिए यह शिविर लाभकारी रहा। कलेक्टर जितेन्द्र कुमार शुक्ला ने ग्रामीणों से रु-ब-रु होकर उनकी समस्याएं सुनीं और विभागीय अधिकारियों को आवेदनों के निराकरण के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होने छत्तीसगढ़ी में संबोधित करते हुए कहा कि जिले में यह मेरा प्रथम शिविर भ्रमण है, यहां आप सभी लोगों के बीच आकर मुझे अच्छा लगा। जिला प्रशासन के शिविर का आशय है कि शिविर के माध्यम से गांव के लोगों को अधिक से अधिक सुविधाएं मिलें, उनका जीवन सहज तथा सरल हो, शासन की योजनाओं का लाभ सरलता से मिले, समस्याओं के निराकरण के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्क र नहीं काटने पड़ें, इसी उद्देश्य से सभी विभाग के अधिकारियो की उपस्थिति में जन चौपाल शिविर के माध्यम से समस्याएं सुन मौके पर निराकरण किया जाएगा। राजस्व विभाग द्वारा 10 किसानों को किसान किताब (ऋण पुस्तिका) का वितरण किया गया और नामांतरण के 99 प्रकरण निराकृत किए गए। शिविर में 31 राशन कार्ड बनाकर वितरित किया गया साथ ही आय, जाति एवं निवास के 97 प्रमाण पत्र बनाया गया। इस दौरान जनसंपर्क विभाग द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित पुस्तक, बुकलेट का निःशुल्क वितरण किया गया। शिविर में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बेमेतरा लीना मण्डावी, अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बेरला संदीप ठाकुर, जनपदप पंचायत सीईओ सी.पी.मनहर, नायब तहसीलदार नीलम पिस्दा, मोहभट्ठा के सरपंच भूषण पाल सहित जिला स्तर के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर शुक्ला ने शिविर में आये ग्रामीणजनों को अपने हाथों से ऋण पुस्तिका व राशनकार्ड का वितरण किया। इस दौरान ग्रामीणों के चेहरों में खुशी दिखी। उन्होने शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालो का निरीक्षण किया और अधिकारियों से कहा कि निराकृत प्रकरणों के संबंध में आवेदकों को भी सूचित करना सुनिश्चित करें। हितग्राही हुए लाभान्वित-ग्राम पंचायत मोहभट्ठा निवासी भाषम साहू, केशर बाई यादव, सरिता साहू, देवकुमारी साहू, अजय गोस्वामी, रेशम साहू, कल्याणी बाई सहित अन्य नागरिक राशनकार्ड पाकर लाभांन्वित हुए। इसी क्रम में ग्राम बुड़ेरा के गौकरण व कमलेश, ग्राम डंगनिया के रमेश व राधेश्याम, ग्राम परपोड़ा के चेतन व राजेश, ग्राम सलधा निवासी डेरहा, ग्राम खिसोरा निवासी जगतराम एवं देवरबीजा निवासी विजय को ऋण पुस्तिका का वितरण किया गया।



## थायरोकेयर ने राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर 20वां रीजनल प्रोसेसिंग लैब शुरू किया

**रायपुर।** प्रिवेंटिव हेल्थकेयर एवं डायग्नोस्टिक्स क्षेत्र में अग्रणी स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने वाली कंपनी, थायरोकेयर ने राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर रायपुर, छत्तीसगढ़ में अपने नए रीजनल प्रोसेसिंग लैब (आरपीएल) का उद्घाटन किया। यह भारत में उनका 20वां आरपीएल है। शंकर नगर में टिआरा शॉपिंग मॉल स्थित, इस आरपीएल में अद्वितीय 24x7 यूनिडायरेक्शनल सैंपल-प्रोसेसिंग सिस्टम और स्वचालित एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट भी है, जो व्यापक एवं विभिन्न डायग्नोस्टिक परीक्षणों के लिए विश्व स्तरीय प्रोसेसिंग करता है और बायोमेडिकल कचरे का सुरक्षित और प्रभावी निपटारा करता है। 3850 वर्ग फुट क्षेत्र में फैले इस आरपीएल में एक दिन में 3000 नमूनों को प्रोसेस करने की क्षमता है। यह लैब रायपुर और आसपास के क्षेत्रों के रोगियों, डॉक्टरों, निदान केंद्रों, अस्पतालों, नर्सिंग होम और अन्य स्वास्थ्य केंद्रों की परीक्षण संबंधी जरूरतों को पूरा करेगा। थायरोकेयर के 20वें आरपीएल का उद्घाटन डॉ. मनोज चेलानी, एमबीबीएस, डीजीओ ने किया जो मेडिकल डिसऑर्डर इन प्रेग्नेंसी कमेटी एफओजीएसआई 2022-25 के चेयरपर्सन हैं, और आयुष टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर, रायपुर के निर्देशक भी हैं। डॉ. सीज़र सेनगुप्ता, वाइस प्रेसिडेंट-ऑपरेशन्स, थायरोकेयर टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ने कहा कि रायपुर में इस आरपीएल की लॉन्चिंग हमारे लिए एक और उल्लेखनीय उपलब्धि है, जो निवारक स्वास्थ्य देखभाल और डायग्नोस्टिक परीक्षण सेवाओं में तेजी से और सटीकता के साथ वैश्विक गुणवत्ता मानकों को प्रदान करती है।




## विधान सभा के सेन्ट्रल हॉल में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित किये गये



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधान सभा परिसर स्थित सेन्ट्रल हॉल में प्रतिष्ठापित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के तैल चित्र पर उनकी जयंती के अवसर पर नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक एवं विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित की। इस अवसर पर विधान सभा परिसर स्थित प्रेक्षागृह के मुख्य द्वार पर स्थापित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की बस्ट आकार की प्रतिमा पर भी पुष्पांजलि अर्पित की गयी। इस अवसर पर विधान सभा के सचिव दिनेश शर्मा एवं सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें स्मरण किया।

## सीईओ जिला पंचायत ने खण्ड स्तरीय अधिकारियों की ली बैठक

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल के निर्देशन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जितेंद्र यादव की उपस्थिति में जशपुर एवं कुनकुरी के जनपद पंचायत सभागार में खण्ड स्तरीय अधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। उन्होंने सभी अधिकारियों को शासकीय योजनाओं से लोगों को लाभ प्रदान करने गंभीरता से कार्य करने हेतु निर्देशित किया। बैठक में सम्बंधित एसडीएम, जनपद सीईओ, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। सीईओ यादव द्वारा बैठक में जाति प्रमाण पत्र, वन अधिकार पत्र, आयुष्मान कार्ड, वृक्षारोपण सहित अन्य योजनाओं की कार्य प्रगति के सम्बंध में विस्तार से समीक्षा की गई। उन्होंने आयुष्मान कार्ड के माध्यम से ईलाज में मिलने वाले लाभ के संबंध में जानकारी देते हुए अभियान चलाकर पात्र लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए। इस हेतु 8 जुलाई को जनपद पंचायत जशपुर में एवं 9 जुलाई को कुनकुरी जनपद में मेगा कैंप आयोजित किया जाएगा। कैम्प के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने कहा गया है। जाति प्रमाण पत्र, वन अधिकार पत्र और राशन कार्ड बनाने की कार्य प्रगति के बारे में जानकारी लेते हुए उन्होंने ग्रामवार लक्ष्य निर्धारित करने के लिए कहा। जिससे शत प्रतिशत पात्र लोगों को योजना का लाभ मिल सके।



## जिला स्तरीय स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार शालाओं को सम्मानित किया गया

**भंवरपुर।** जिला स्तरीय स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार 2021-22 में स्वच्छता के विभिन्न मापदंडों को लेकर शालाओं को जिला पंचायत सभाकक्ष सम्मानित किया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार ओवरऑल श्रेणी में 98 प्रतिशत एवं ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस श्रेणी में 98 प्रतिशत स्कोर प्राप्त करने पर प्राथमिक शाला चनाट को दो अलग अलग श्रेणी में प्रभारी मंत्री ताम्रध्वज साहू द्वारा सम्मानित किया गया, विद्यालय के प्रधान पाठक निलांबर नायक ने सम्मान ग्रहण किया। समारोह में राजा देवेंद्र बहादुर सिंह अध्यक्ष छ ग वन विकास निगम एवम विधायक बसना, विनोद सेवन चन्द्राकर संसदीय सचिव छ ग शासन, द्वारिकाधीश यादव संसदीय सचिव छ ग शासन, किस्मतलाल नंद विधायक सराईपाली, उषा पटेल अध्यक्ष जिला पंचायत महासमुंद के साथ ही साथ कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर ,जिला पंचायत सी.ई.ओ. एस.आलोक, एस. चंद्रसेन ,अशोक शर्मा डी.एम. सी. महासमुंद समेत समस्त अधिकारी गण एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सम्मानित किया गया। पुरस्कार एवं सम्मान प्राप्ति के लिए डहरिया बी ई ओ बसना, ललित देवता बी.आर.सी.सी.बसना समेत समस्त संकुल समन्वयक एवं शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त किया।



# गुणवत्ताहीन सड़क चौड़ीकरण बिगाड़ेगा सीएम का भेंट मुलाकात कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com

करोड़ों की गुणवत्ताहीन सड़क चौड़ीकरण की शिकवा शिकायत से थक हार लोगों ने अब मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के भेंट मुलाकात कार्यक्रम में हंगामापूर्वक शिकायत दर्ज कराते जिम्मेदारों पर तत्काल कार्यवाही की मांग को लेकर अपने-अपने क्षेत्र में तैयारी कर रहे हैं मतलब प्रधानमंत्री सड़क विभाग की गुणवत्ताहीन सड़क चौड़ीकरण एवं नवीन सड़क मुख्यमंत्री के भेंट मुलाकात कार्यक्रम को बिगाड़ने की पूरी पूरी संभावना बन रही है एक ओर मांझीपारा से बरकानी सड़क के लिए वेणु डोंगरे, धनसिंह मरकाम, महेश नागेश, मनजीत ठाकुर, लोकनाथ सोरी सहित अन्य ग्रामीण मुख्यमंत्री से शिकायत की तैयारी कर रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर मूचबहाल, धोबनमाल और घुमरापदर के ग्रामीण दर्जनों की संख्या में भेंट मुलाकात कार्यक्रम में पहुंचकर बड़े-बड़े पोस्टर के साथ सड़क की हालत को बताने पहुंचेंगे, बकायदा इसकी तैयारी भी जोरों शोरों से किया जा रहा है, ज्यादातर आक्रोश बुर्जाबहाल के ग्रामीणों में देखने को मिल रहा है, क्योंकि प्रधानमंत्री सड़क विभाग की ऊंच नीच सड़क के कारण कई जगह पानी का जमावड़ा लगा होता है।

जिसकी फोटो और वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल होती है, बावजूद इसके विभाग सड़क और अपने कार्य प्रणाली मैं कोई सुधार नहीं लाए क्योंकि आज भी चौड़ीकरण एवं अन्य ऊंच-नीच सड़क देखने को मिलता है सबसे ज्यादा घूमरापदर मूचबहाल गोहरापदर सड़क की हालत खराब है जिसकी शिकायत भी विभागीय अफसरों के समक्ष कई बार किया जा चुका है फिर भी किसी प्रकार सड़क में सुधार नहीं हो पाया शायद यही वजह है कि इन गांव के सैकड़ों ग्रामीण देवभोग के गोहरापदर निस्टीगुड़ा कदलीमुडा में संभावित मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की भेंट मुलाकात कार्यक्रम में पहुंचकर प्रधानमंत्री सड़क विभाग के गुणवत्ताहीन सड़क की शिकायत दर्ज कराते तत्काल कार्यवाही की मांग करेंगे ताकि आगामी सत्र के दौरान गुणवत्ता पूर्वक सड़क का निर्माण के साथ चौड़ीकरण कार्य संपादित हो इसके अलावा हाल फिलहाल में बनाए गए सड़कों को सुधारने की मांग करने की बात कही जा रही है।



अधीक्षण अभियंता के संरक्षण में पीएमजीएसवाई की गुणवत्ताहीन सड़क का निर्माण

शत प्रतिशत जारी राशि

साल भर नहीं टिकता सड़क

# मुखर्जी जम्मू-कश्मीर को भारत का पूर्व अंग बनाना चाहते थे

पायनियर संवाददाता < कोटा
www.dailypioneer.com



डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जन्मदिन पर वेंकट लाल अग्रवाल के निवास स्थान पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर रोली चावल दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया कार्यक्रम में उपस्थित मोहित जयसवाल जिला महामंत्री भारतीय जनता पार्टी वेंकट लाल अग्रवाल जिला कार्यसमिति सदस्य भारतीय जनता पार्टी बिलासपुर राम लाल साहू प्रदेश कार्यसमिति सदस्य किसान मोर्चा महाराज सिंह नायक प्रभारी मंडल अध्यक्ष गायत्री साहू जिला महामंत्री भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा कीर्ति पुरी गोस्वामी नरेंद्र गोस्वामी देव किशन साहू नरेंद्र पाल के रोहित साहू आदि कार्यकर्ता उपस्थिति में मोहित जयसवाल डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन पर अपने विचार व्यक्त किया डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जम्मू कश्मीर को भारत का पूर्ण और अभिन्न अंग बनाना चाहते थे संसद में अपने भाषण में उन्होंने 370 की भी जोरदार वकालत की अगस्त 1952 जम्मू कश्मीर की विशाल रैली में उन्होंने अपना संकल्प व्यक्त किया था या तो मैं भारतीय संविधान प्राप्त कर आऊंगा या फिर इस उद्देश्य पूर्ति के लिए अपना जीवन बलिदान कर दूंगा वेंकट लाल अग्रवाल भी अपना विचार रखा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी अपने संकल्प को पूरा करने के लिए 1953 को जेल में रहस्यमय परिस्थितियों में उनकी मृत्यु हो गई है उनकी मृत्यु देश को हिला कर रख दिया और पश्चात परमिट सिस्टम समाप्त हो गया राम लाल साहू ने बताया उन्होंने कश्मीर को लेकर एक नारा दिया था नहीं चलेगा एक देश में दो विधान और दो निशान महाराज सिंह ने अपने अपने विचार रखे 1901 एक प्रतिष्ठित परिवार में हुआ था इनके पिता सर आशुतोष मुखर्जी बंगाल एक शिक्षाविद हर बुद्धिजीवी के रूप में प्रसिद्ध थे बाबा गोस्वामी ने अपने विचार व्यक्त किए 1924 में उन्होंने कोलकाता उच्च न्यायालय में अधिवक्ता I के रूप में नामांकन कराया गायत्री साहू जिला महामंत्री ने भी अपने विचार व्यक्त किए राजनीतिक विद्वान और राष्ट्रवादी के रूप में अपने मित्र और शत्रु द्वारा समान रूप से सम्मानित थे एक महान देशभक्त और संसद शिष्ट के रूप में भारत उन्हें सम्मान के साथ याद करता है।

## बाल संस्कार शाला के लिए आचार्य प्रशिक्षण हुआ संपन्न

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन एवं परम पूज्य गुरुदेव के सूक्ष्म संरक्षण में गायत्री शक्तिपीठ दल्ली राजहरा में बाल संस्कार शाला चलाने हेतु आचार्य प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें डौंडी ब्लाक के आसपास के गांव के लोग सम्मिलित हुए । कुल 50 युवक युवतियों , महिलाओं एवं भाईयों ने मिलकर बाल संस्कार शाला चलाने हेतु शपथ ग्रहण किए। आचार्य प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ गायत्री महामंत्र उच्चारण, गायत्री मां की पूजा, परम पूज्य गुरुदेव की स्तुति, वंदनीय माताजी की वंदना, से किया गया। मुख्य अतिथि गायत्री शक्तिपीठ के प्रमुख ट्रस्टी ट्रस्टी शिवकुमार कलिहारी ने अपने उद्बोधन में कहा की इस बदलते परिवेश में बच्चों के ऊपर संस्कार डालना अति आवश्यक है। डौंडी से पहुंचे हुए पुरुषोत्तम लाल सोनवानी ने बाल संस्कार शाला में आचार्यों की भूमिका उनके दायित्व एवं संस्कार शाला की रूपरेखा कैसी होनी चाहिए और क्या-क्या बातें हमको याद रखनी चाहिए इस पर गहन प्रशिक्षण दिया, साथ ही अपने ब्लॉक में 25 जगह संस्कार शाला खोलने की बात कही। ब्लॉक समन्वयक बंशीलाल रावटे ने कहा कि संस्कार शाला नर से नारायण बनने का यज्ञ है। नंद किशोर पिस्दा कुसुमकसा ने विभिन्न प्रयोगों के माध्यम से प्रशिक्षण को आकर्षक और उत्साह वर्धक बना दिया। टीकम साहू ने ज्ञानवर्धक खेल बताकर प्रशिक्षण को पूर्णता प्रदान किया। मंदिर के पुजारी श्री आर्य ने गीत संगीत के माध्यम से बाल संस्कार शाला प्रशिक्षण में अपनी भूमिका निभाई श्रीमती गंजीर बहन ने कहा कि इस कार्यक्रम में युवतियों एवं नारियों की भूमिका आचार्यों के रूप में महत्वपूर्ण होनी चाहिए जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सकेख कार्यक्रम में गायत्री शक्तिपीठ दल्ली राजहरा के मुख्य ट्रस्टी कलिहारी, श्री आर्य, रूप राम वर्मा , धर्मेंद्र वर्मा, ब्लॉक समन्वयक बंशीलाल रावटे, पुरुषोत्तम लाल सोनवानी, राजेंद्र कुमार ठाकुर, नंदकिशोर पिस्दा, हिमांशु साहू, रेणुका, गंजीर बहन, मांडवी मिश्रा, वर्मा, जीवन साहू, टीकम लाल साहू , प्रमोद दास मानिकपुरी, अलका सोनी, कुमकुम सोनी, भारद्वाज, ओमिन बाई साहू, नरेश कुमार यादव , ऐश्वर्य कुमार, चंद्रभागा वर्मा, चंपा देवी साहू बहन, सोनसाय लटियारे, राज सोनी, लक्ष्मी, अमृता, दीपा रावटे, अंजलि, स्वाति, अदिति और अन्य बहुत से भाई बहनों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया, दल्ली राजहरा के अलावा, डौंडी, चिखलाकसा, कुसुमकसा, पचेड़ा, चिपरा, मरारटोला, अडजाल से आचार्य प्रशिक्षण लेने हेतु युवा साथियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही इस कार्यक्रम का संचालन नंदकिशोर पिस्दा और धन्यवाद ज्ञापन श्रीमती मांडवी मिश्रा बहन ने किया।

## भारतीय बौद्ध महासभा ने जाति प्रमाण पत्र की समस्या को लेकर जिलाधीश को ज्ञापन सौंपा



**रायपुर।** बी.एस. जागृत छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष, दि बुद्धिष्ट सोसायटी ऑफ इंडिया (भारतीय बौद्ध महासभा) ने राज्य के अनेक जिलों से जाति प्रमाण पत्र की प्रक्रिया में जानबूझकर तहसीलदार एवं एस.डी.एम. द्वारा अनुशंसा पत्र को न मानने के संबंध में शिकायत प्राप्त होने पर भारतीय बौद्ध महासभा के जिला राजनांदगांव के पदाधिकारी के साथ मिलकर जिलाधीश डोमन सिंह से मिलकर उन्हें जाति प्रमाण पत्र शीघ्र अतिशीघ्र जारी कराने के निर्देश एवं एस.डी.एम. खैरागढ़ के द्वारा जानबूझकर नगर पालिका परिषद खैरागढ़ के द्वारा संकल्प पारित प्रस्ताव के बाद भी जाति प्रमाण पत्र न जारी करने से संबंधित 84 लोगों की सूची जिसमें अनुसूचित जाति के अनेक अभ्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र हेतु आवेदन दिये गये थे, इन आवेदनों को कार्यालय नगर पालिका परिषद खैरागढ़ के द्वारा विधिवत प्रस्ताव क्रमांक 01 एवं संकल्प क्र. 1 के माध्यम से संकल्प पारित किया गया कि उपरोक्तव्यक्तियों को जाति प्रमाण पत्र जारी किये जाये। एस.डी.एम. खैरागढ़ द्वारा प्रकरण में आनाकानी की जा रही है। सूची में क्रमांक 43 से 50 तक एवं . 71 से 73 तक अभ्यार्थियों के जो कि महार (बौद्ध) जाति के है, उनके जाति प्रमाण पत्र नहीं बनाये जा रहे हैं। जिलाधीश द्वारा अवलोकन कर कहा कि मैं इसे तत्काल निराकृत कर लोगों को राहत दिलाऊंगा। जिलाधीश से मिलने वाले रामेश्वर रामटेके अध्यक्ष भारतीय बौद्ध महासभा जिला राजनांदगांव, महासचिव मंशाराम शिवकर खैरागढ़, उपाध्यक्ष मानिकचंद घोड़ेसवार राजनांदगांव, कमलेश मेश्राम राजनांदगांव, लक्ष्मण भिमटे, अशोक बागड़े, केशव गोण्डाने, नरेन्द्र पंचभावे, नागेश बोरकर रामपुर, राजेन्द्र रंगारी खुज्जी, उत्तम कुमार बागड़े खैरागढ़, आयुष्मति अमृता काण्डे जितराटोला एवं जिला पंचायत सदस्य राजेश श्यामकर राजनांदगांव के द्वारा ज्ञापन सौंपा गया। जिलाधीश ने आश्वासन दिया गया कि मैं इसमें तत्काल कार्यवाही कर कठिनाईयों को दूर करूंगा। उपरोक्त जानकारी भारतीय बौद्ध महासभा छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष बी.एस.जागृत ने दी है।

## बालाछापर गौठान की सखी स्व-सहायता समूह की महिलाएं तेल पेराई कर बन रही है आत्मनिर्भर

**जशपुरनगर।** जिले में महिलाओं को सशक्त बनाने एवं उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत करने जिला प्रशासन द्वारा गोठान में विभिन्न गतिविधियां सचालित कर स्व-सहायता समूह को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। इसी कड़ी में बालाछापर गोठान की सखी स्व-सहायता समूह की महिलाओं को जिला प्रशासन द्वारा तेल पेराई का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिसके उपरांत गोठान में ही सखी स्व-सहायता समूह की महिलाओं को मशीन उपलब्ध कराई गई। आज समूह से जुड़ी महिलाएं दो माह में तेल पेराई, खरी विक्रय, तेल विक्रय कर कर 56 हजार 144 रुपए आमदनी अर्जित कर चुकी है। समूह की महिलाओं ने बताया कि तेल पेराई के लिए उन्होंने सरसो का बीज अब तक 11 क्विंटल खरीदा जिसे कुल 210 लीटर तेल प्राप्त हुआ है। अब तक उन्होंने कुल 154 लीटर तेल का विक्रय कर 33500 रुपए प्राप्त कर चुकी है। उन्होंने बताया कि तेल पेराई के बाद बीज से खरी प्राप्त होता है जिसका भी जिले में अधिक मांग है। उन्होंने बताया कि अब तक 7 क्विंटल खरी का विक्रय भी इनके द्वारा किया गया है। जिससे उन्हें 15144 रुपए की राशि प्राप्त हुई। इसी प्रकार ग्रामीणों द्वारा भी तेल के पेराई के लिए गौठान लाया जाता है। जिससे उन्हें 7500 रुपए का लाभ हुआ है। समूह की महिलाओं ने बताया कि उनके समूह में 10 महिलाएं है। जो कि 05 अप्रैल 2022 से तेल पेराई का कार्य कर अपने परिवार को आर्थिक रूप से मदद कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए विशेष रूप से कार्य किया जा रहा है। जिसका उन्हें सीधा लाभ मिल रहा है। महिलाओं ने कहा कि आज वे खुद आत्मनिर्भर बन रही है। परिवार के हर छोटे-बड़े के कार्य के लिए होने वाले खर्च में अपनी भी भागीदारी सुनिश्चित कर पा रही है।



## भाजपा मंडल भंवरपुर की कार्यसमिति बैठक पौधारोपण कर स्वच्छता अभियान चलाया गया

पायनियर संवाददाता < भंवरपुर
www.dailypioneer.com



भाजपा मंडल भंवरपुर की कार्यसमिति बैठक संपन्न हुई, इस दौरान डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्मृति दिवस 23 जून से जन्मदिन 6 जुलाई तक के कार्यक्रम, बूथ समीक्षा पत्र के विषय में चर्चा उपरांत पौधारोपण कर स्वच्छता अभियान चलाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार भाजपा मंडल भंवरपुर कार्यसमिति की बैठक जिला पंचायत सदस्य एवं 2018 विधानसभा प्रत्याशी श्याम ताण्डी की उपस्थिति में संपन्न हुई। यहां जिला पंचायत सदस्य श्याम ताण्डी का जन्मदिन मनाया गया, तदुपरांत मंडल कार्यसमिति की बैठक हुई जहां पर बूथ समीक्षा पत्रक, स्वच्छता अभियान, पौधारोपण एवं पार्टी के आगामी एवं विगत कार्यक्रमों को लेकर के विस्तार से विचार-विमर्श तथा समीक्षा की गई । बैठक में आगामी कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संपन्न कराने का निर्णय लिया गया, तत्पश्चात मंडल अध्यक्ष विद्याचरण चौधरी ने बैठक के प्रस्तावना रखें जिसका कार्यसमिति सदस्यों ने समर्थन किया। बाद पौधारोपण किया गया तथा भंवरपुर के ऐतिहासिक शिव मंदिर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता अभियान चलाया। संगठन के निर्देश पर आगामी दिनों रक्तदान शिविर में अधिकाधिक संख्या में सहभागिता निभाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान जिला मंत्री देवकी दीवान, जिला कार्यकारिणी सदस्य सरस्वती चौहान, पुरुषोत्तम अग्रवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष कृष्ण कुमार पटेल, नरेश तिवारी,वरिष्ठ भाजपा नेता मोहन पटेल, संतराम निषाद, महामंत्री द्वय उत्तर निषाद, भोज प्रधान, आईटी सेल जिला संयोजक करुणाकर उपाध्याय, सुशील पटेल, भाजयुमो जिला कार्यसमिति सदस्य जीतू वैष्णव, पितांबर चौधरी, उत्तम सिदार, जगदीश पटेल, अजा मोर्चा अध्यक्ष राम सिंह नेगी, पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष सोहन पटेल, किसान मोर्चा अध्यक्ष महेंद्र पटेल, मंडल कोषाध्यक्ष नेहरू पटेल, सोमनाथ पटेल, कमलेश पटेल, कुशल साहू, जागेश्वर चंद्रा, हेमचंद पटेल, हीरालाल पटेल, परमानंद राव, हरप्रसाद पटेल, धरम यादव, सुनील भोई, शरद गोस्वामी, मेघनाथ यादव, जगन्नाथ यादव सहित कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

## दामिनी'' एप्प से आकाशीय बिजली गिरने से पहले मिल सकेगी जानकारी



**जशपुरनगर।** अब आकाशीय बिजली गिरने से पहले ही लोगों को सूचना प्राप्त हो सकेगा। साथ ही किसान घर बैठे मौसम की पूर्वानुमान की जानकारी प्राप्त करेंगे। भारत सरकार के पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान पुणे द्वारा मोबाइल एप्प ''दामिनी'' लांच किया गया है। जिससे आकाशीय बिजली गिरने की अलर्ट मिलने के साथ ही किसानों को मौसम के हर पल की जानकारी मिलेगी। इस एप्प से खेतों में काम कर रहे किसानों या खुले में काम करने वाले अन्य लोगों को बिजली गिरने से पहले ही सावधान रहने की सूचना मिल जाएगी और वे सुरक्षित स्थान पर जा सकेगे। दामिनी एप्प की विशेषता यह है कि एप्प 20 किलोमीटर के दायरे में बिजली गिरने की चेतावनी देगा। इस एप्प से मोबाईल फोन पर लोगों को वज्रपात के बारे में अलर्ट मिलेगा। यह एप्प नेटवर्क बिजली की गड़गड़ाहट और वज्रपात की गति के बारे में सटीक जानकारी देगा। एप्प में लाल रंग प्रदर्शित हो रहा हो तो 0 से लेकर 5 मिनट के अंदर बिजली गिरने की संभावना होगी। पीला रंग होने पर 5 से 10 मिनट के भीतर व नीले रंग में 10 से 15 मिनट के भीतर बिजली गिरने की संभावना होती है।

**कार्यालय नायब/तहसीलदार बोड़ला, जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम पंचायत-**मुडघुसरी जंगल** के समस्त आश्रित ग्राम **कोमो** को सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शित कॉलम नम्बर-03 के आवेदकों द्वारा कॉलम नम्बर-04 के निम्नांकित हितग्राही/हितग्राहियों का जाति प्रमाण पत्र बनाने हेतु आवेदन पेश किया गया है:-

**ग्राम का नाम**- कोमो,
**आवेदक का नाम**- रामप्रसाद,
**हितग्राही का नाम**- सुमीत करचाम,
**आनलाईन आवेदन क्रमांक**- 0704012214003308,
**जिस जाति का प्रमाण पत्र जारी किया जाना है- गोंड।**

अतः उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 20/07/2022 तक प्रमाणित दस्तावेजी साक्ष्य के साथ दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक में दावा/आपत्ति प्रस्तुत न करने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 05/07/2022 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक - 05/07/2022
पेशी दिनांक - 20/07/2022

मुहर
**नायब/तहसीलदार**
**बोड़ला जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

**कार्यालय नायब/तहसीलदार बोड़ला, जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम पंचायत-**चिल्फी** के समस्त आश्रित ग्राम **चिल्फी** को सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शित कॉलम नम्बर-03 के आवेदकों द्वारा कॉलम नम्बर-04 के निम्नांकित हितग्राही/हितग्राहियों का जाति प्रमाण पत्र बनाने हेतु आवेदन पेश किया गया है:-

**ग्राम का नाम- चिल्फी,**
**आवेदक का नाम**- मो. रफी,
**हितग्राही का नाम**- तब्बसुम,
**आनलाईन आवेदन क्रमांक**- 0705012214005983,
**जिस जाति का प्रमाण पत्र जारी किया जाना है- मोमिन जुलाहा।**

अतः उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 19/07/2022 तक प्रमाणित दस्तावेजी साक्ष्य के साथ दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक में दावा/आपत्ति प्रस्तुत न करने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 04/07/2022 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक - 04/07/2022
पेशी दिनांक - 19/07/2022

मुहर
**नायब/तहसीलदार**
**बोड़ला जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

**कार्यालय नायब/तहसीलदार बोड़ला, जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम पंचायत-**प्रभाटोला** के समस्त आश्रित ग्राम **प्रभाटोला** को सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शित कॉलम नम्बर-03 के आवेदकों द्वारा कॉलम नम्बर-04 के निम्नांकित हितग्राही/हितग्राहियों का जाति प्रमाण पत्र बनाने हेतु आवेदन पेश किया गया है:-

**ग्राम का नाम- प्रभाटोला,**
**आवेदक का नाम**- अब्दुल अंसार,
**हितग्राही का नाम**- जुबेर खान,
**आनलाईन आवेदन क्रमांक**- 0705012214001866,
**जिस जाति का प्रमाण पत्र जारी किया जाना है- मोमिन।**

अतः उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 20/07/2022 तक प्रमाणित दस्तावेजी साक्ष्य के साथ दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक में दावा/आपत्ति प्रस्तुत न करने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 05/07/2022 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक - 05/07/2022
पेशी दिनांक - 20/07/2022

मुहर
**नायब/तहसीलदार**
**बोड़ला जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

**कार्यालय नायब/तहसीलदार बोड़ला, जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम पंचायत-**पोंडी** के समस्त आश्रित ग्राम **पोंडी** को सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शित कॉलम नम्बर-03 के आवेदकों द्वारा कॉलम नम्बर-04 के निम्नांकित हितग्राही/हितग्राहियों का जाति प्रमाण पत्र बनाने हेतु आवेदन पेश किया गया है:-

**ग्राम का नाम- पोंडी,**
**आवेदक का नाम**- मो. आजम,
**हितग्राही का नाम**- मो. आजम,
**आनलाईन आवेदन क्रमांक**- 0705012214005272,
**जिस जाति का प्रमाण पत्र जारी किया जाना है- मोमिन।**

अतः उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 20/07/2022 तक प्रमाणित दस्तावेजी साक्ष्य के साथ दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक में दावा/आपत्ति प्रस्तुत न करने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 05/07/2022 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक - 05/07/2022
पेशी दिनांक - 20/07/2022

मुहर
**नायब/तहसीलदार**
**बोड़ला जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

**छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय अधीक्षण अभियंता, इन्द्रावती परियोजना मंडल, जगदलपुर, बस्तर (छ.ग.)**

**ई.प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
**(द्वितीय आमंत्रण)**

सिस्टम निविदा क्र. 103310/नि.आ.सू.क्र. 08/वलेलि/ई-प्रोक्यूरमेंट/22-23 दिनांक 29.06.2022

निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक 20.07.2022,17:30 तक ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है:-

**कार्य का नाम** - बस्तर जिले के विकासखण्ड- **बकावण्ड की मारकण्डी नदी पर ग्राम पाथरी के समीप पाथरी एनीकट का निर्माण कार्य।**

**अनुमानित लागत**- रू. 197.90 लाख

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक **06.07.2022** समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

**नोटः** निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

G-92734/6

**कार्यपालन अभियंता**
टी.डी.पी.पी. जल संसाधन संभाग, जगदलपुर
कृते अधीक्षण अभियंता, इन्द्रावती परियोजना मंडल
जगदलपुर, बस्तर (छ.ग.)

# छात्रा की आत्महत्या मामले में अपराध दर्ज करने में कांप रहे पुलिस के हाथ

## पखवाड़ा बीत जाने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं, पीड़ित पक्ष काट रहा थाने के चक्कर

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com




डेंटल कॉलेज की 25 वर्षीय छात्रा के आत्महत्या मामले में कोतवाली पुलिस अब तक बयान और जांच में ही उलझी हुई है। पुलिस ने पुष्टि की थी कि मृतिका रायपुर पंडरी निवासी वंदिता उपाध्याय (25) ने सुसाईडल नोट छोड़ा था जिसमें उसने शहर के 18 एकड़ निवासी एक युवक पर प्रताड़ना का आरोप लगाया था और पुलिस को सुसाइडल नोट भी बरामद हुआ था।

बताया जा रहा है कि, उक्त युवक पुलिस विभाग में पदस्थ एक आरक्षक का पुत्र है। आरोप लग रहे हैं कि पुलिस विभागीय व्यक्ति के पुत्र को बचाने की कोशिशों में लगी हुई है। युवती के परिजन लगातार थाने के चक्कर काट रहे हैं। उन्हें बार-बार बयान के लिए बुलाया जा रहा है। जबकि आरोपी युवक से अब तक बयान या उस पर किसी तरह की कार्रवाई की कोई खबर सामने नहीं आई है।

शहर के बीके नगर में गर्ल्स पीजी में रह रही डेंटल कॉलेज के फाईनल इयर की छात्रा वंदिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर उसका शव बरामद किया था। शव के पास से ही दो अलग अलग सुसाईडल नोट भी पुलिस को मिले थे। इसमें ही परिजन ने राजनांदगांव निवासी एक युवक पर प्रताड़ना का आरोप लगाया था जबकि दूसरे में उसने अपने परिजनों से माफी मांगी थी। बताया जाता है कि सुसाईडल नोट में युवती ने युवक द्वारा प्रताड़ना से तंग आकर आत्महत्या करने की बात लिखी थी। बेटी की मौत से सदमें में रहे परिजनों ने उसका क्रिया कर्म करने के बाद पुलिस में अपना बयान दर्ज कराया। लेकिन बताया जा रहा है कि अब तक पुलिस ने आरोपी युवक से बयान नहीं लिया है। जबकिमृतिका के परिजनों को बार बार थाने के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। वे रायपुर से यहां वंदिता के लिए इंसाफ मांग रहे हैं। पुलिस ने इस मामले में अब तक चुप्पी साधे रखी है।

### आरोपी और मृतका के बीच लंबे समय से था विवाद

खबर है कि वंदिता और आरोपी युवक के बीच काफी लंबे समय से विवाद चल रहा था। आत्महत्या से पहले भी युवती ने पुलिस से इस मामले में कई बार शिकायत की थी। उस दौरान पुलिस अधिकारियों द्वारा दोनों के बीच समझौता करने की बात भी सामने आई है। बताया जा रहा है कि इसके बाद भी युवक ने वंदिता को परेशान करना नहीं छोड़ा जिसके बाद तंग आकर युवती ने आत्मघाती कदम उठा लिया। यह पूरा मामला पुलिस की जानकारी में भी है।

### पुलिसिया कार्यवाही संदिग्ध

इस मामले में पुलिस प्रशासन अपने एक कर्मचारी के पुत्र को बचाने के लिए जी जान लगाए हुए है। गौरतलब है कि सुसाइडल नोट में उक्त युवक का नाम सामने आने की बात पहले ही स्पष्ट है बावजूद इसके कोतवाली पुलिस अब तक किसी नतीजे पर ना पहुंच कर आरोपी को संरक्षण देने का काम कर रही है । जहां एक ओर अब तक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाना था वहीं अब तक उस युवक के उर अपराध तक दर्ज नहीं हुआ है और पुलिस थाने में पीड़ित के परिवार को ही बार बार बुलाकर परेशान किया जा रहा है।

# महापुरुषों के इतिहास को कांग्रेस ने उपेक्षित किया : डॉ. रमन सिंह

## कहा - मोदी जी के नेतृत्व में देश शक्तिशाली हुआ

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com




भाजपा का तीन दिवसीय प्रशिक्षण सत्र आज खत्म हो गया। बुधवार को इसमें हिस्सा लेने पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने कहा कि आज डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती है और उनकी जयंती पर मुझे 1951 का वह निर्णय याद आ रहा है जो डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं दीनदयाल उपाध्याय एवं कुशाभाऊ ठाकरे ने धारा 370 हटाने का संकल्प लिया था।इसे 2019 में केंद्र में बैठी मोदी सरकार ने पूरा कर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपने को पूरा किया है।

उन्होंने कहा कि भाजपा जो कहती है, उसे पूरा करने में चाहे सदियों लग जाए पर संकल्प पूरा करके ही रहती है। अनुसूचित जाति, जनजाति के नाम पर बसपा और कांग्रेस वोट मांगा करते हैं परंतु अवसर आने के बाद महापुरुषों को भूल जाया करते हैं।

कार्यक्रम में भारत के बढ़ते सुरक्षा सामर्थ्य पर युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विजय शर्मा ने सत्र को संबोधित किया। इस सत्र की अध्यक्षता पूर्व जिलाध्यक्ष भरत वर्मा ने की।प्रशिक्षण शिविर के प्रभारी सचिन बघेल ने सभी कार्यकताओं का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम समापन की घोषणा की।

**विकास ठप्प हो चुका :** उन्होंने कहा कि 15 वर्ष पूर्व हमारी सरकार आई तो 7 हजार करोड़ का बजट था, जो सरकार छोड़ने पर एक लाख करोड़ से ऊपर का बजट हो चुका था। एक नर्सिंग कॉलेज से बढ़कर 86 नर्सिंग स्कूल हो गए। एकलाख 20 हजार शिक्षकों की भर्ती भाजपा की सरकार में हुई। 70 हजार पुलिसकर्मी की भर्ती हुई। कहा कि खेद का विषय है कि कांग्रेस सरकार के आते ही सारी योजनाएं बंद हो गई और विकास कार्य ठप हो गए।

### डबल इंजन सरकार

डॉ रमन सिंह ने प्रशिक्षण शिविर में उपस्थित कार्यकताओं को आह्वान करते हुए कहा कि वे परिश्रम की पराकाष्ठा को पार करते हुए कितनी मेहनत करें कि 2023 में प्रदेश में पुनः भाजपा सरकार का गठन हो और केंद्र में 2024 में पुनः मोदी सरकार बैठे। तभी डबल इंजन की सरकार में प्रदेश व देश प्रगति पथ पर अग्रसर होगा। इस सत्र की अध्यक्षता प्रदेश उपाध्यक्ष खूबचंद पारख ने की और विशेष अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक शर्मा मंचासीन थे।

# आडिटोरियम में छग पंचायत सचिव दिवस समारोह आज

- प्रदेश के मंत्री और विधायक करेंगे समारोह में शिरकत

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर/राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश पंचायत सचिव संघ के प्रांत स्तरीय बैठक गत दिनों संपन्न हुई। बैठक में निर्णय के अनुसार प्रत्येक वर्ष की भांति 7 जुलाई को पंचायत सचिव दिवस मनाया जाएगा। पंचायत सचिव दिवस के समारोह में प्रदेश के मंत्री, विधायक व प्रदेश व जिले के प्रमुख अधिकारीगण अतिथि बतौर में शामिल किये जायेंगे।

इस संदर्भ में रामदुलार साहू, जिलाध्यक्ष प्रदेश पंचायत सचिव संघ राजनांदगांव ने मीडिया को बताया कि पंचायत सचिव दिवस के समारोह को सफल बनाने के लिए सभी जिलाध्यक्षों एवं प्रदेश पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। सचिवों द्वारा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि को अपनी एक सूत्रीय मांग परिवीक्षा अवधि पश्चात शासकीयकरण का मांग पत्र मुख्यमंत्री के नाम सौंपा जायेगा। जिला स्तर की समस्याओं को लेकर पृथक से मांग पत्र सौंपा जायेगा।

जिलाध्यक्ष के मुताबिक जिले में पंचायत सचिव दिवस समारोह 7 जुलाई को आडिटोरियम राजनांदगांव में 11 बजे से आयोजित है। समारोह में बतौर अतिथि संसदीय सचिव इंद्रशाह मांडवी, विधायक दलेश्वर साहू, विधायक यशोदा वर्मा, विधायक छन्नी साहू एवं विधायक भुनेश्वर बघेल सहित अन्य प्रमुख जनप्रतिनिधि एवं जिले के अधिकारीगण सम्मिलित होंगे।

# एनएसयूआई प्रदेश सचिव जयंत बघेल ने विश्वविद्यालय कुलपति को सौंपा ज्ञापन



पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

एनएसयूआई प्रदेश सचिव जयंत बघेल के नेतृत्व में इंदिरा गांधी कृषि विश्व विद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल को छात्रों की दो सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौपा है। जल्द से जल्द छात्रहित में सकारात्मक कार्यवाही करने की मांग की गई है। छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए कार्य करने के लिए कुलपति से निवेदन किया गया है ताकि छात्रहितों की रक्षा हो। इसी संदर्भ में सकारात्मक छात्रहित की कार्यवाही न होने की स्थिति में उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। ज्ञापन के दौरान बेमेतरा जिलाध्यक्ष मोनल सिन्हा, कृषि छात्र नेता मानदास बंजारे, विकराल साहू, सम्राट साहू, सैयद सऊद, धर्मेंद्र सिन्हा एवं कृषि छात्र इत्यादि मौजूद रहे।

# दबोचा गया चोरी का आरोपी, 19 माह से दे रहा था चकमा

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



मोहगांव पुलिस थाना इलाके के ग्राम पैलीमेटा से लगभग 8 लाख कीमत की 123 भेड़ की चोरी के मामले में फरार चल रहे आरोपी मोहम्मद निशार कुरैशी को पुलिस ने दबोच लिया है। वह बीते 19 माह से पुलिस को लगातार चकमा दे रहा था। 5 जुलाई को उसे नेहरू चौक चरौदा से घेराबंदी कर पकड़ा गया है। जबकि एक अब भी फरार है।

29 जनवरी 2021 को हुई इस वारदात में शामिल आरोपी सलमान खान,राजू लामा,मिथुन कुमार और आमीर हुसैन उर्फ गोलु को पुलिस पहले ही सितंबर 2021 में ही गिरफ्तार कर चुकी थी। पिछले 19 माह से इसी मामले में दो अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी थी।

दुर्ग जिला निवासी मोहम्मद निशार कुरैशी के पास से पुलिस ने एक मोबाईल बरामद किया है। वहीं दूसरे आरोपी की तलाश अब भी जारी है।

# निजी संस्थाएं भाजपा आरएसएस के दबाव में काम कर रही : रौशनी सिन्हा

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



शहर महिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रोशनी सिन्हा कुछेक मीडिया संस्थानों पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि कुछ निजी संस्थाएं अब बिकाऊ हो गई हैं या भाजपा के दबाव में काम कर रही हैं जो कि चिंता का विषय है।

उन्होंने बयान जारी करते हुए कहा कि कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को बदनाम करने की साजिश रची गई थी जिसका पदार्फाश हो चुका है। चैनल द्वारा गलती स्वीकार कर दोबारा गलती की पुनरावृत्ति नहीं होगी कथन जारी किया गया है। मैं पूछना चाहती हूं क्या मजबूरी थी कि उन्हें ऐसा अनैतिक कार्य करना पड़ा। राहुल गांधी के मान- सम्मान व स्वाभिमान को ठेस पहुंचाई गई है। उन्होंने कहा कि कुछ चैनलों द्वारा भाजपा - आरएसएस के एजेंट के रूप मे काम कर रहे हैं। वह आने वाले समय के लिए अच्छा संकेत नही है। आज भी मीडिया जो लिखती है और जो दिखाती है उस पर शत प्रतिशत विश्वास किया जाता है किंतु विगत दिनों चैनल की हरकत से जनता पशोपेश में है। आखिर जनता चैनलों पर कैसे विश्वास करेगी।

# आधी रात माजदा में तोड़फोट और चालक को धमकाने के मामले में दूसरी कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



देर रात माजदा में तोड़फोड़ और चालक को धमकाने के मामले में पुलिस ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। प्रकरण मोहगांव पुलिस क्षेत्र का है। बताया गया बीते 12 जून की रात आठ आरोपियों ने यह वारदात की थी। राजनांदगांव-खैरागढ़ मार्ग के बीच उन्होंने एक माजदा का टायर पंचर करने के बाद तोड़फोड़ करते हुए चालक को धमकाया था।

इस बीच चालक जैसे तैसे वाहन को लेकर पैलीमेटा पहुंचा और ग्रामीणों से मदद मांगी जिसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। इस घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था जबकि चार अन्य फरार थे। प्रार्थी की गाड़ी को लगभग 40 हजार रुपए का नुकसान हुआ था। इस पर थाना मोहगांव में धारा 341 ,294 ,506 ,427 ,395 ,511 कायम कर विवेचना में लिया गया। घटना के चार आरोपियो को गिरफ्तार कर न्यायायिक रिमाण्ड पर भेजा गया था।शेष 04 आरोपीगण घटना कारित कर घटना दिनांक से फरार थे।

फरार आरोपियों की लगातार तलाश की जा रही थी जिसमें दो और व्यक्तियों की गिरफ्तारी की गई है। थाना प्रभारी उप निरीक्षक सतीश कुमार पुरिया के नेतृत्व में आरोपी अनिल दौलतानी, कुलदीव वर्मा दोनों निवासी दुर्ग को 6 जुलाई को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। इनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त ईको वाहन भी बरामद किया गया है। वहीं दो अन्य फरार आरोपी विजय क्षत्रिय एवं हेमंत साहू की पुलिस अब भी तलाश कर रही है।

# दुष्कर्म का फरार आरोपी गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

जंगल में लेजाकर दुष्कर्म के मामले में मोहला पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि पीड़िता युवक के साथ मोहला आई हुई थी। यहां आरोपी उसे पहाड़ की ओर ले गया और जंगल में उससे दुष्कर्म किया। मामला 25 दिसंबर को दर्ज हुआ था। पीड़िता ने पुलिस को जानकारी दी थी कि आरोपी दिलीप सिन्हाने उसे घटना का जिक्र करने पर जान से मारने की धमकी दी है। इस शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा-376,376(2)(ढ), 506, 509 के तहत आरोप दर्ज किया था। 3 जुलाई 2022 को पुलिस ने खड़गांव थानाक्षेत्र के ग्राम रानाटोला से दिलीप को गिरफ्तार किया है। बताया गया कि आरोपी एफआईआर दर्ज होने के बाद से ही फरार था। खोजबीन के दौरान उसके गांव में होने की सूचना मिलने पर पुलिस ने उसे घेराबंदी कर दबोच लिया। आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

## पहले भवन हैंडओवर करने में झाड़ा पल्ला

# एक चीरघर खंडहर, दूसरा भी अब तक चालू नहीं हुआ, सरपंच और ग्रामीणों को मिला कोरा आश्वासन

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

पखवाड़े भर बाद भी आखिर घुमका में चीरघर शुरू नहीं किया जा सका। बीते पन्द्रह दिन पहले सरपंच और ग्रामीणों ने इस समस्या को लेकर बीएमओ से बात की और तत्काल मरच्युरी शुरू करने की मांग रखी थी। तब बीएमओ के पास कोई ठोस जवाब नहीं था। पहले भवन हैंडओवर की समस्या बताकर पल्ला झाड़ने की कोशिश की गई लेकिन सरपंच ने नये चीरघर की तत्काल चाबी सौंपकर बीएमओ को निरुत्तर कर दिया। तब बीएमओ और सीएमओ ने एक सप्ताह में मरच्युरीचालू करने ग्रामीणों को आश्वस्त किया था।

मरच्युरी को लेकर स्थानीय स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों के रवैये से ग्रामीणों में गहरी नाराजगी है। यहां तक कि पूर्व से बना चीरघर खंडहर बन गया तब दोबारा भवन बनाना पड़ा। स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही के चलते शासन को फिर से भवन निर्माण के चलते आर्थिक नुकसान पहुंचा है।

कुल मिलाकर मरच्युरीके लिए दो भवन बनने के बाद भी अब तक स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के चलते शव परीक्षण के लिए राजनांदगांव मेडिकल कालेज भेजा जा रहा है। सबसे दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति दुर्घटना, आपराधिक मामलों से लेकर अन्य




अकाल परिस्थितियों के चलते अपनों को खो चुके परिजनों को शव परीक्षण के लिए 30 किमी दूरी उस विकट और दुखद परिस्थितियों में तय करने की विवशता होती है। जबकि स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मुक्तांजली वाहन भी उपलब्ध नहीं है। जिसके कारण एकाएक शव राजनांदगांव तक ले जाने वाहन के लिए भटकते हुए शाम हो जाने के कारण दूसरे दिन भी इसी तरह की तकलीफों का सामना परिजनों को करना पड़ता है।

घुमका थाना के अंतर्गत 50 गांव आते हैं और तमाम गांवो में कभी भी दुर्घटना, खुदकुशी, अपराधिक प्रकरणों से लेकर कई संदेहजनक मौतों के मामले में शव परीक्षण की आवश्यकता को देखते हुए पुलिस को भी कुछ इसी तरह की दिक्कतों को झेलना मजबूर है। जबकि घुमका थाना के तहत कई गांव में सड़क दुर्धटनाओं से होने वाले मौतो के मामले में शव परीक्षण अनिवार्य है और अभी तक घुमका पुलिस पोस्टमार्टम के लिए राजनांदगांव जाने मजबूर है।

स्थानीय स्वास्थ्य विभाग पहले मरच्युरीके लिए भवन नहीं होने का हवाला देते रहे और जब भवन तैयार हुआ तब स्वीपर का अभाव बताया गया। जबकि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दो स्वीपर पूर्व से ही पदस्थ हैं। अंततः जनप्रतिनिधियों की लगातार मांग पर स्वीपर नहीं होने का बहाना बनाये जाने पर जीवनदीप समिति की ओर से संविदा पर एक स्वीपर की भी नियुक्ति कर ली गई और उसको मेडिकल कालेज में शव परीक्षण का प्रशिक्षण भी करा लिया गया है। शव परीक्षण कर मृत्यु के कारणों के अभिमत देने के लिए पर्याप्त चिकित्सा अधिकारी भी पदस्थ हैं। वर्तमान में तीन महिला चिकित्सक समेत कुल पांच डॉक्टर घुमका में पदस्थ हैं। परंतु आज तक शव परीक्षण शुरू नहीं हो सका1 हालांकि इस मामले को लेकर जानकारी के मुताबिक एक जिम्मेदार चिकित्सा अधिकारी को शव परीक्षण की प्रक्रिया से बिल्कुल अनभिज्ञ बताया जाता है और तकरीबन पच्चीस साल की सेवा में एक भी बार शव परीक्षण नहीं किये जाने और नाममात्र भी अनुभव के अभाव में शव परीक्षण शुरू नहीं कराए जाने के कारण के रूप में समझा जा रहा है। परंतु इन सब स्थितियों का खामियाजा पुलिस से लेकर पीड़ित परिजनों को भुगतना पड़ रहा है।

# तालिबान ने 21 साल बाद खोद निकाली मुल्ला उमर की कार, अमेरिका से बचने को गाड़कर भागा था





**काबुल।** तालिबान के संस्थापक मुल्ला उमर की 21 साल पुरानी कार को लड़ाकों ने खोद कर निकाला है। अमेरिका के हमलों से बचने के लिए मुल्ला उमर गायब हो गया था और इस कार को जमीन में गाड़ दिया गया था। अमेरिका में हुए 9/11 के हमलों के बाद अफगानिस्तान में अटैक हुए थे और तब अमेरिकी सेनाओं से बचने के लिए मुल्ला उमर छिप गया था। अब ठीक 21 सालों के बाद तालिबान लड़ाकों ने अपने कमांडकर की कार को जाबुल प्रांत में एक जगह से खोदकर निकाला है। इसकी तस्वीरें भी ,सोशल मीडिया में वायरल हो रही हैं। मुल्ला उमर टोयोटा की इसी कार से कंधार से जाबुल तक आया था और फिर इसे जमीन में गाड़कर लापता हो गया था।

अब जब इस कार को निकाला गया है तो दो दशकों के बाद भी यह पूरी तरह से सेफ है। इसकी वजह यह है कि इसे प्लास्टिक के कवर में बांधकर गाड़ा गया था। हालांकि फ्रंट के शीशे को जरूर थोड़ा नुकसान पहुंचा है। अब इस कार को अफगानिस्तान के नेशनल म्यूजिमयम में रखा जाएगा। 1960 में कंधार में जन्मे मुल्ला उमर ने तालिबान का गठन किया था और 1980 के दशक में सोवियत के खिलाफ जंग का नेतृत्व किया था। इसी जंग के दौरान उसने गोली लगने के चलते अपनी दाईं आंख खो दी थी। कहा जाता है कि तालिबान के गठन के पीछे अमेरिका का ही हाथ था।

### 2013 में हो गई थी मुल्ला उमर की मौत, छिपाए बैठा था तालिबान

बीते साल ही अमेरिकी सेनाओं की वापसी के बाद तालिबान ने फिर से अफगानिस्तान की सत्ता पर कब्जा कर लिया था। अब वह पुराने कड़े नियमों को फिर से लागू करने में जुटा है। महिलाओं पर तालिबान ने कई पाबंदियां लगाई हैं। मुल्ला उमर की 2013 में बीमारी के चलते मौत हो गई थी, लेकिन तालिबान ने यह जानकारी जुलाई 2015 में दी थी।

### मुल्ला उमर ने खुद निकाल ली थी अपनी आंख?

कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जाता है कि मुल्ला उमर ने अपनी जख्मी आंख को खुद ही निकाल लिया था, जबकि कई लोगों का कहना है कि उसने किसी पड़ोसी मुल्क में इलाज कराया था। अफगानिस्तान से सोवियत के लौटने के बाद मुल्ला उमर कंधार में मौलवी के तौर पर काम करने लगा था। तब उसने एक संगठन बनाया था, जिसका नाम तालिबान रखा गया। तालिबान ने 1996 में अफगानिस्तान की सत्ता पर कब्जा कर लिया था, लेकिन 2001 में अमेरिकी हमले के बाद वह न सिर्फ बेदखल हुआ बल्कि तमाम कमांडर मारे भी गए।

# अब चांद पर कब्जा करना चाहता है चीन, NASA ने किया चौंकाने वाला दावा, मिशन स्पेस को बताया मिलिट्री प्रोग्राम



**बीजिंग।** अंतरिक्ष क्षेत्र बेहद ही महत्वपूर्ण और विशाल आयाम आने वाले वॉर वेयर के अंदर होने वाला है। इस वजह से विश्व के सुपर पावर मुल्क अपने-अपने तरीके से यहां अपना आधिपत्य जमाने की कोशि कर रहे हैं। इसी कड़ी में नासा ने चीन के स्पेस मिशन को एक मिलिट्री प्रोग्राम बताया है। चीन चांद के ऊपर पूरा कंट्रोल चाहता है।

नासा की तरफ से दावा किया गया है कि चीन स्पेस में दूसरे देशों के सैटेलाइट को नष्ट करना चाहता है। जर्मन अखबार बिल्ड में नासा के एडमिस्ट्रेटर बिल निल्सन ने ये खुलासा किया है। बिल निल्सन की तरफ से किए दावे पर आधारित रिपोर्ट के अनुसार चीन अपने स्पेस स्टेशन में दूसरे देशों के सैटेलाइट को उड़ाए जाने को लेकर रिसर्च कर रहा है। चांद के साउथ पोल पर पानी के भंडार से वहां रॉकेट फ्यूल बनाया जा सकता है। इसी पर पूरी दुनिया की नजर है।

अमेरिका चीन को दुनिया का सबसे बड़ा साइबर खतरा मानता रहा है। अब स्पेस में भी अमेरिका चीन को सबसे बड़ी मिलिट्री खतरा मान रहा है। आपको याद होगा कि कुछ दिनों पहले ये खबर आई थी कि चांद के ऊपर दो जगह रॉकेट के गढ्डे बने थे। उसे खारिज कर दिया गया कि ये रॉकेट हमला नहीं है और इस पर जांच भी नहीं हुई। चीन जिस तरह से मिसाइल सिस्टम बना रहा है।

चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियन ने आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि यह पहली बार नहीं है, जब यूएस नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन के प्रमुख ने तथ्यों की अनदेखी की है और चीन के बारे में गैर-जिम्मेदाराना बात की है। उन्होंने कहा, 'अमेरिकी पक्ष ने चीन के सामान्य और उचित बाहरी अंतरिक्ष प्रयासों के खिलाफलगातार अभियान चलाया है और चीन इस तरह की गैर-जिम्मेदाराना टिप्पणियों का कड़ा विरोध करता है।

# भारत में अमेजन प्राइम मेंबर्स के लिए 23 और 24 जुलाई को होगा प्राइम डे 2022 का आयोजन

**रायपुर।** भारत में प्राइम मेंबर्स को खुशियां मनाने का बहाना देने के लिए, अमेजन एक बार फिर से अपना वार्षिक प्राइम डे लेकर आ रहा है। दो दिनों तक आकर्षक डील्स, बचत, ब्लॉकबस्टर मनोरंजन, नए लॉन्च, और बहुत कुछ की शुरुआत होगी 23 जुलाई, 2022 को रात 12 बजे से, जिसका समापन होगा 24 जुलाई, 2022 को। यह समय है आराम से बैठने, रिलेक्स करने और सभी ब्लॉलबस्टर मनोरंजन और अपनी मनचाही चीजों को खरीदने का आनंद लेने का, क्योकि अमेजन अपने प्राइम मेंबर्स को सभी श्रेणियों में बेस्टन डील्स और बचत की पेशकश करेगा। स्मार्टफोन, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, टीवी, एप्लायंसेस, फैशन एंड ब्यूटी, किराना, अमेजन डिवाइसेस, होम एंड किचन, फर्नीचर से लेकर रोजमर्रा की जरूरी चीजें आदि तक प्राइम मेंबर्स नए लॉन्च, पहले कभी न सुनी गई डील्स, और बेहतरीन मनोरंजन बेनफिट्स का आनंद उठा सकते हैं। इस अवसर पर बोलते हुए, अक्षय साही, डायरेक्टर प्राइम एंड फुलफिलमेंट एक्सपीरियंस, अमेजन इंडिया ने कहा, भारत में हमारा छठा प्राइम डे हमारे सभी प्राइम मेंबर्स के लिए बेजोड़ खरीदारी और मनोरंजन अनुभव के साथ बड़ा, बेहतर और भरपूर है। हमें अभी तक अपने मौजूदा प्राइम मेंबर्स से मिली शानदार प्रतिक्रिया और मजबूत समर्थन के लिए हम उनके आभारी हैं, और मुझे पूरा भरोसा है कि इस प्राइम डे के दौरान भी रोमांचक डील्स, नए लॉन्च, और ब्लॉकबस्टर मनोरंजन के साथ अपने लिए खुशियां प्राप्त करेंगे। अपने ग्राहकों के लिए वैल्यू और सुविधा को बढ़ाने के लिए हम निरंतर प्रयास कर रहे हैं और हम इसे प्राइम परिवार में नए ग्राहकों की सेवा और स्वागत करने के अवसर के रूप में भी देखते हैं। इस प्राइम डे पर, अमेजन छोटे और मध्यम व्यवसायों (एसएमबी) का समर्थन करना जारी रखेगा और लाखों विक्रेताओं, निर्माताओं, स्टार्ट-अप्स और ब्रांड्स, महिला उद्यमियों, कारीगरों, बुनकरों और स्थानीय दुकानों द्वारा पेश किए गए उत्पादों के लिए ग्राहकों की मांग उत्पन्न करने में मदद करेगा। प्राइम डे के दौरान, प्राइम मेंबर्स फैशन एंड ब्यूटी, इलेक्ट्रॉनिक्स, और होम डेकोर जैसी सभी कैटेगरी में अनूठे प्रोडक्ट्स पर विभिन्न् प्रोग्राम्स जैसे लोकल शॉप ऑन अमेजन, लॉन्चपैड, सहेली और कारीगर पर विक्रेताओं से डील्स हासिल करने का अवसर प्राप्त? करेंगे. प्राइम डे शुरू होने से पहले, 7 जुलाई की मध्यरात्रि 12 बजे से 22 जुलाई को रात 23.59 बजे तक, मेंबर्स एसएमबी द्वारा पेश किए गए लाखों अनूठे उत्पादों से खरीदारी कर सकते हैं और अविश्वसनीय ऑफर जैसे 100' रुपए तक का 10: कैशबैक का लाभ उठा सकते हैं, जिसे प्राइम डे पर की जाने वाली खरीदारी आदि पर रिडीम किया जा सकता है।

# जिन्दल स्टील, छत्तीसगढ़ द्वारा आज़ादी के अमृतोत्सव पर वॉकेथॉन



फाइल फोटो

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

आजादी के 75 वें वर्ष पर आजादी का अमृत महोत्सव मनाने राष्ट्रीय आह्वान किया है। जन-भागीदारी की भावना से आजादी का अमृत महोत्सव को जन-उत्सव के रूप में मनाने हेतु 4 जुलाई से 10 जुलाई 2022 तक प्रतिष्ठित सप्ताह मनाया जा रहा है।

इसी श्रृंखला की अवधारणा के अन्तर्गत 'जिन्दल स्टील एंड पॉवर (जे.एस.पी.)' द्वारा आगामी रविवार, 10/07/2022 को प्रातः 7:00 बजे मरीन ड्राईव, तेलीबांधा से वॉकेथॉन आयोजित की गई है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहेंगे कुलदीप जुनेजा, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल।

इस अवसर पर, सभी उत्सुक प्रतिभागी उक्त उद्देश्य को सार्थक बनाने हेतु सादर अपनी प्रतिभागिता देते हुए प्रतिस्पर्धात्मक अवसर को सार्थक बनाने का अनुरोध कम्पनी ने किया है।


## कार्यालय नगर पंचायत, भटगॉव जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

फोन 07775-268970, फैक्स नं. 07775-268970, ई-मेल cmobhatgaon@rediffmail.com

क्र.2332/तकनीकी/न.पं./2022-23 भटगांव, दिनांक : 06/07/2022

### // मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना //

नगर पंचायत भटगॉव द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न कार्य हेतु सीलबंद निविदायें प्रभावशील P.W.D.S.O.R. Building/Road 01/01/2015/Electric 01.01.2015 से कम/समान/अधिक प्रतिशत दर से 03 लिफाफा में मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | कार्य का नाम | लागत राशि (लाख में) | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 15 में प्राईमरी स्कूल से राजू घर तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। | 19.16 | दि. 01.08.2022 समय-03:00 बजे |
| 2 | वार्ड क्र. 02 में प्राईमरी स्कूल से एप्रोच रोड तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। | 17.96 | |
| 3 | वार्ड क्र. 06 एवं 07 लल्लू वेल्डिंग दुकान से शमीम घर तक वी.टी. रोड निर्माण कार्य। | 13.58 | |
| 4 | वार्ड क्र. 10 में धीरेन्द्र वेल्डिंग दुकान से गणेश घर तक वी.टी. रोड निर्माण कार्य। | 4.88 | |
| 5 | वार्ड क्र. 10 में निरंजन विश्वकर्मा घर से संजीव पटेल घर तक आर.सी.सी. ड्रेन निर्माण कार्य। | 3.77 | |
| 6 | वार्ड क्र. 10 में संजय चौधरी घर से रंजुला झा घर तक आर.सी.सी. ड्रेन निर्माण कार्य। | 5.50 | |
| 7 | वार्ड क्र. 05 में पौनी पसारी में नाली निर्माण कार्य। | 5.94 | |
| 8 | वार्ड क्र. 12 कालीबाड़ी के समीप सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। | 1.19 | |
| 9 | वार्ड क्र. 14 में अशोक पटेल घर से अभिषेक सिंह घर तक फुटपाथ निर्माण कार्य। | 5.30 | |
| 10 | वार्ड क्र. 11 में मेन रोड से छठ घाट पहुंच मार्ग तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। | 2.71 | |
| 11 | वार्ड क्र. 11 में विक्की सिंह घर से इरफान घर तक नाली निर्माण कार्य। | 5.83 | |
| 12 | वार्ड क्र. 14 में लाभराज घर से बाबु घर तक नाली निर्माण कार्य। | 4.37 | |
| 13 | वार्ड क्र. 14 में किस्टो मोदी घर से प्रभात घर तक नाली निर्माण कार्य। | 1.31 | |
| 14 | वार्ड क्र. 06 में नसीम घर से पम्प हाउस तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। | 2.12 | |
| 15 | वार्ड क्र. 06 में पतरू घर से रमाशंकर घर तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। | 0.68 | |
| 16 | वार्ड क्र. 07 में एस.एल.आर.एम. से मेन रोड तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। (शेष कार्य) | 11.22 | |
| 17 | नगर पंचायत भटगांव क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्र. 01 सिवारीपारा में पेयजल हेतु पाईप लाईन विस्तार कार्य। | 9.70 | |
| 18 | वार्ड क्र. 13 में प्रशांत घर से जितेन्द्र घर तक फुटपाथ निर्माण कार्य। | 2.53 | |
| 19 | वार्ड क्र. 13 में राजू पाण्डेय घर से सनोज घर तक फुटपाथ निर्माण कार्य। | 2.53 | |
| 20 | वार्ड क्र. 06 में मेन रोड से शिवमंदिर तक फुटपाथ निर्माण कार्य। | 0.54 | |
| 21 | वार्ड क्र. 11 में गोलू फोटो कॉपी से संतोष दुकान तक फुटपाथ निर्माण कार्य। | 1.25 | |
| 22 | वार्ड क्र. 11 में सचिन घर से विनीत घर तक फुटपाथ निर्माण कार्य। | 1.78 | |
| 23 | वार्ड क्र. 03 में पन्ना लाल सोनी घर से नंदलाल घर तक नाली निर्माण कार्य। | 3.59 | |
| 24 | करबला के समीप सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। | 1.74 | |
| 25 | वार्ड क्र. 11, 13 एवं 14 में सी.एम.ओ. आवास से गांधी चौक तक सड़क प्रकाश विस्तारीकरण कार्य। | 18.60 | |
| 26 | वार्ड क्र. 06, 08 एवं 10 में एस.ई.सी.एल. हॉस्पीटल से बस स्टेण्ड तक सड़क प्रकाश विस्तारीकरण कार्य। | 18.60 | |
| 27 | वार्ड क्र. 05 एवं 06 में सामुदायिक शौचालय से सी.एच.पी. चौक तक सड़क प्रकाश विस्तारीकरण कार्य। | 13.29 | |
| 28 | वार्ड क्र. 06 में पुष्पवाटिका से शमीम घर तक नाली निर्माण कार्य। | 14.33 | |
| 29 | वार्ड क्र. 03 में मेन रोड से संतु घर तक सी.सी. सड़क निर्माणक कार्य। | 8.03 | |
| 30 | वार्ड क्र. 03 में पप्पु देवांगन घर से रमेश चेरवा घर तक नाली निर्माण कार्य। | 2.95 | |
| 31 | वार्ड क्र. 03 में पूजा पंडाल से शंकर विश्वकर्मा घर तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। | 0.90 | |
| 32 | वार्ड क्र. 03 में संजय सिंह घर के पास नाली निर्माण कार्य। | 0.34 | |
| 33 | वार्ड क्र. 01 में संतोष घर से संधारी घर तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। | 9.17 | |
| 34 | वार्ड क्र. 14 में कमलेश कुशवाहा घर से दुर्गेश घर तक नाली निर्माण कार्य। | 2.61 | |
| 35 | वार्ड क्र. 14 में पोस्ट ऑफिस से मदरसा तक फुटपाथ निर्माण कार्य। | 1.10 | |
| 36 | वार्ड क्र. 15 में शैलेन्द्र सिंह घर से आर.के. पाण्डेय घर तक फुटपाथ निर्माण कार्य। | 1.41 | |
| 37 | वार्ड क्र. 15 में ओ.पी. यादव घर से पुखराज घर तक फुटपाथ निर्माण कार्य। | 1.47 | |
| 38 | वार्ड क्र. 15 में गौतम सिंह घर से स्टाफ क्लब तक फुटपाथ निर्माण कार्य। | 2.87 | |
| 39 | वार्ड क्र. 15 में दिलीप मंडल घर से एस.के. सिंह बघेल घर तक फुटपाथ निर्माण कार्य। | 2.09 | |
| 40 | वार्ड क्र. 15 में प्रमोद घर से एच.के. सिंह घर तक फुटपाथ निर्माण कार्य। | 1.78 | |
| 41 | वार्ड क्र. 07 में हाट बाजार के समीप वेंडर्स मार्केट निर्माण कार्य। | 9.98 | |

**नोटः-** उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत, भटगांव**
**जिला-सूरजपुर (छ.ग.)**


# वॉचो ऐप अब रोजाना के-ड्रामाज का लुत्फ उठाने का नया ठिकाना बना

**नई, दिल्ली।** भारत का सबसे तेजी से बढ़ता ओटीटी प्लेटफॉर्म और दर्शकों को नये और दिलचस्प कंटेंट देने के लिये मशहूर, वॉचो ने आज अपने प्लेटफॉर्म पर हिन्दी में डब किए गए 34 कोरियाई वेब-सीरीज होस्ट करने की घोषणा की। 'सरोजाना के ड्रामा' के लक्ष्य के साथ वॉचो अपने विशाल कोरियाई कंटेंट लाइब्रेरी से हर दिन 3 घंटे का कोरियन कंटेंट प्रसारित करेगा। इन शोज़ में- ड्रामा, एक्शन और रोमांस से लेकर साइंस-फ्क्शिन शोज शामिल होंगे। ये शोज़ निश्चित तौर पर आज के दौर के युवा दर्शकों का मनोरंजन करेंगे और उन्हें बांधे रखेंगे। इसके साथ ही वॉचो बड़े पैमाने पर भारतीय दर्शकों के लिये अंतरराष्ट्रीय कंटेंट को उपलब्ध कराने की दिशा में एक कदम और करीब आ गया है। कुल 650+ घंटे का कोरियाई कंटेंट धीरे-धीरे जारी किया जाएगा, जिसमें हर दिन नए एपिसोड को प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम किया जाएगा। शोज़ के इस रोचक लाइन-अप में विभिन्न जोनर - रोमांस, कॉरपोरेट साजिशें, फैमिली ड्रामा, फेंटेसी, एडवेंचर और साइंस-फ्क्शिन शामिल हैं। इस लाइन-अप में सबसे पहले 'वेलकम 2 लाइफ' है- यह एक फेंटेसी ड्रामा है, जिसमें एक स्वार्थी वकील की कहानी बताई गई है। वह उन लोगों की मदद करता है, जो कानून का फायदा उठाना चाहते हैं। एक दिन, रहस्यमयी तरीके से उसके कार का एक्सीडेंट हो जाता है और वह एक समानांतर दुनिया में पहुंच जाता है। इनके अलावा, लाइन-अप में कुछ प्रमुख ड्रामे भी शामिल हैं जैसे 1% ऑफ समथिंग, एक्स्ट्राऑर्डिनरी यू, कैरोस, और फ्लावर ऑफएविल आदि। लॉन्च के मौके पर, सुखप्रीत सिंह, कॉरपोरेट हेड- मार्केटिंग, डिश टीवी एवं वॉचो, डिश टीवी इंडिया लिमिटेड ने कहा , कोरियाई कंटेंट, ने हाल फिलहाल के दिनों में भारत की चर्चित मुख्यधारा में बड़ी ही प्रमुखता से अपनी जगह बनाई है। जिस तरह वॉचो के सब्सक्राइबर्स की संख्या बढ़ती जा रही है, तो इस बढ़ती मांग को पूरा करना जरूरी हो गया है। अपने दर्शकों के लिये हिन्दी में डब किए गए कोरियन कंटेंट को पेश करते हुए बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है। इससे टियर 2 और टियर 3 बाजारों में भी दर्शकों तक पहुंचने में मदद मिल रही है। हर जोनर में अनूठे संग्रहित करने योग्य कंटेंट पेश करते हुए, वॉचो ने कई सारे ओरिजिनल शोज़ पेश किए हैं, जिसमें 'द मॉर्निंग शो', हैप्पी, बौछारे-ए-इश्क, गुप्ता निवास, जौनपुर, पापा का स्कूटर, आघात, चीटर्स-द वेकेशन, सरहद, मिस्ट्री डैड, जालसाजी, डार्क डेस्टिनेशन, इट्स माय प्लेज़र, 4 थीव्स, लव क्राइसिस, अर्धसत्य, छोरियां और रक्त चंदन के साथ-साथ ओरिजिनल इंफ्लूएंसर शोज़ जैसे लुक आई कैन कुक और बिखरे हैं अल्फ ाज़, शामिल हैं। इसके पास स्वैग नाम का एक अनूठा यूजीसी प्लेटफॉर्म भी है जहां यूजर्स अपने ओरिजिनल वीडियो बना सकते हैं और अपना टैलेंट खोज सकते हैं। यह विभिन्न स्क्रीन (एंड्रॉइड और आईओएस डिवाइस, डिश एसएमआरटी डिवाइस, डी2एच मैजिक डिवाइस और फायर टीवी स्टिक) और www.WATCHO.com पर उपलब्ध है, वॉचो वर्तमान में 35 से अधिक ओरिजिनल शोज़, 300 से अधिक अन्य ड्रामा और हिन्दी, कन्नड़ और तेलुगु में 100 से अधिक लाइव चैनल प्रदान करता है।

# सोने-चांदी की कीमतों में भारी गिरावट, 2072 रुपये टूटी चांदी, 723 रुपये सस्ता हुआ गोल्ड



**नई दिल्ली।** सर्राफा बाजारों में सोने-चांदी की कीमतों में आज यानी बुधवार को भारी गिरावट देखने को मिल रही है। सोना 723 रुपये प्रति 10 ग्राम सस्ता हुआ है तो चांदी 2072 रुपये प्रति किलो टूटी है। अपने ऑल टाइम हाई रेट से सोना 56254 रुपये प्रति 10 ग्राम से 4673 रुपये सस्ता है। जबकि, चांदी अपने दो साल पहले के उच्च रेट 76008 रुपये प्रति किलो से 19927 रुपये सस्ती है।

**आज इतना पैसा लेकर जाएं बाजार**

आज 24 कैरेट प्योर गोल्ड के लिए आपको करीब 59000 रुपये चुकाने पड़ सकते हैं। वहीं, अगर 23 कैरेट के सोने से बने जेवर खरीदने जा रहे हैं तो 10 ग्राम के लिए आपको 59200 रुपये से अधिक खर्च करने पड़ सकते हैं। आपको 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड के लिए 53531, जबकि 18 कैरेट के लिए 43831 रुपये से अधिक खर्च करने पड़ेंगे। आइए जानते हैं कैसे?

इंडिया बुलियंस एसोसिएशन द्वारा जारी हाजिर रेट के मुताबिक सर्राफा बाजारों में आज 24 कैरेट शुद्ध सोना 723 रुपये सस्ता होकर 51581 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेट से खुला। वहीं, चांदी 2072 रुपये टूटकर 56081 रुपये प्रति किलो के रेट पर खुली। 24 कैरेट सोने पर 3 फीसद जीएसटी जोड़ लें तो इसका रेट 53128 रुपये हो जा रहा है, वहीं ज्वैलर का 10 फीसद मुनाफा जोड़ने के बाद सोने का भाव 58441 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच जा रहा है। GST जोड़ने के बाद चांदी की कीमत 57763 रुपये प्रति किलो हो गई है। इसमें ज्वैलर का 10 से 15 फीसद मुनाफा अलग से है। यानी आपको 10 फीसद मुनाफा लेकर ज्वैलर करीब 65539 रुपये में देगा।

**34188 रुपये में 10 ग्राम सोना**

वहीं, 18 कैरेट गोल्ड की कीमत अब 38686 रुपये प्रति 10 ग्राम है। यह 3 फीसद GST के साथ 39846 रुपये प्रति 10 ग्राम का पड़ेगा। ज्वैलर का 10 पर्सेंट मुनाफा जोड़कर यह 43831 रुपये का पड़ेगा। अब 14 कैरेट सोने का भाव 30175 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया है। GST के साथ यह 31080 रुपये प्रति 10 ग्राम पड़ेगा। इस पर 10 पर्सेंट मुनाफा जोड़ लें तो यह 34188 रुपये का पड़ेगा।


Aavas
SAPNE AAPKE SAATH HAMAARA

## आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड

(पूर्व में ''ए यू हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड'' के नाम से ज्ञात) (CIN: L65922RJ2011PLC034297)
पंजीकृत एवं निगमित कार्या.: 201-202, द्वितीय मंजिल, साउथ एंड स्क्वायर, मानसरोवर इंडस्ट्रीयल एरिया, जयपुर-302020

**सिक्युरिटाईजेशन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अन्तर्गत मांग सूचना पत्र**

कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा निम्न सूची के अनुसार ऋणी का खाता एन.पी.ए. होने के कारण निम्न तालिका के अनुसार ''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूमिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002'' की धारा 13(2) के अन्तर्गत 60 दिन का नोटिस दिया गया था। नोटिस के अनुसार यदि ऋणी/गारण्टर 60 दिवस के अंदर बकाया ऋण राशी जमा नहीं कराते हैं तो ऋण की वसूली बंधक सम्पत्ति को नीलाम करके की जायेगी। डिमाण्ड नोटिस की तामील ना होने के कारण नोटिस की छायाप्रति बंधक सम्पत्ति पर चस्पा की जा चुकी है। अतः आपको यह सूचित किया जाता है कि नोटिस प्रकाशित दिनांक से 60 दिन के अन्दर-अन्दर निम्न तालिका के अनुसार रुपया तथा भविष्य का ब्याज, वसूली में होने वाला खर्चा जमा करायें अन्यथा एक्ट की धारा 13(4) एवं 14 के प्रावधानों के अन्तर्गत निम्न सूचि के अनुसार साम्यिक बंधक सम्पत्ति का भौतिक कब्जा लेने एवं इसे नीलामी कर ऋण राशि की वसूली कराने के लिए प्राधिकृत अधिकारी स्वतंत्र होंगे।

| ऋणी का नाम | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | बंधक सम्पत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| **प्रभात चन्द्र हलदेर,** श्रीमती अंजली हलदार खाता सं. LNRAI00617-180068148 & LNRAI04319-200121264 | 05 जुलाई 2022 ₹ 2487008/- व ₹ 461682/- 05 जुलाई 2022 | केएच नं. 225/1 का हिस्सा, पीएच नं. 7/8, गांव - मोतीपुर, आरएनएम-भीलाई-3, पाटन, दुर्ग, छत्तीसगढ़ **क्षेत्रफल 0.21 हेक्टेयर** |

स्थान : जयपुर दिनांक 07.07.2022 प्राधिकृत अधिकारी आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड

# लाभंडी में डायरिया एवं वेक्टर नियंत्रण पर स्वास्थ्य शिक्षा का किया गया आयोजन




पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

श्रीबालाजी इस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस के सामुदायिक चिकित्सा विभाग द्वारा पीएचसी लाभंडी में डायरिया एवं वेक्टर नियंत्रण पर स्वास्थ्य शिक्षा सत्र का आयोजन किया गया। डॉ. किरण माकडे प्राध्यापक और विभागाध्यक्ष, डॉ प्रियंका साहू सह प्राध्यापक, डॉ मनीष ए प्रसाद सह प्राध्यापक, डॉ अश्विनी काटोले सहायक प्राध्यापक, मनीष साहू सांख्यिकीविद् सह ट्यूटर और सामुदायिक चिकित्सा से मनोज साहू एमएसडब्ल्यू ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान सहायक चिकित्सा अधिकारी डॉ. एस. नायक भी मौजूद रहीं। डॉ. किरण माकडे प्राध्यापक और विभागाध्यक्ष ने ओआरएस का महत्व और इसका उपयोग कैसे और कब करना है, यह बताकर स्वास्थ्य शिक्षा सत्र की शुरुआत की। उन्होंने बरसात के मौसम में मच्छरों (मलेरिया और डेंगू आदि पैदा करने वाले) के गुणन को रोकने के लिए उठाए जा सकने वाले निवारक कदमों के बारे में भी बताया। डॉ अश्विनी काटोले ने तब लाभार्थियों को बताया कि ओआरएस कैसे तैयार किया जाता है और इसका समय पर सेवन अतिसार के दौरान कीमती समय और जीवन को बचा सकता है। डॉ. प्रियंका साहू ने डायरिया के कारणों और इसे रोकने के तरीके के बारे में बताया। डॉ मनीष प्रसाद एसोसिएट प्रोफेसर ने ओआरएस के महत्व के बारे में बताया। पीएचसी लाभांडी में स्वास्थ्य शिक्षा सत्र का संचालन मनीष साहू एवं मनोज साहू ने किया।

## पावर कंपनी में जेई इलेक्ट्रिकल के लिये दस्तावेजों का सत्यापन 16 जुलाई को

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी में जूनियर इंजीनियर (जेई-कनिष्ठ अभियंता) इलेक्ट्रिकल की भर्ती के लिये दस्तावेजों का सत्यापन 16 जुलाई 2022 को होगा। इसके लिये 259 उम्मीदवारों को चिन्हित किया गया है। पॉवर कंपनी में जेई इलेक्ट्रिकल के 209 पदों पर भर्ती होनी है। दस्तावेजों का सत्यापन डगनिया स्थित महाप्रबंधक (मानव संसाधन) कार्यालय में 16 जुलाई को सुबह 9.30 बजे से होगा। चिन्हित उम्मीदवारों को बुलावा पत्र उनके ई-मेल आईडी पर भेजा जा रहा है। इसके अतिरिक्त पॉवर कंपनी की वेबसाइट से भी बुलावा पत्र डाउनलोड करने की सुविधा है। अभ्यर्थी अधिक जानकारी के लिये पॉवर कंपनी की वेबसाइट www.cspc.co.in का अवलोकन कर सकते हैं।

## राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल से कोरबा जिला के नव पदस्थ जिलाधीश संजय झा ने सौजन्य मुलाकात किया



**कोरबा।** जिला कोरबा के नव पदस्थ जिलाधीश संजय झा ने कोरबा विधायक एवं प्रदेश सरकार में राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल को गुलदस्ता भेट कर सौजन्य मुलाकात किया। इस अवसर पर कलेक्टर झा ने राजस्व मंत्री से जिले के विकास की जो धीमी गतिमान थी उसे अब शासन-प्रशासन के परस्पर सहयोग एवं समन्वय के साथ त्वरित गति से करने की बात कही। राजस्व मंत्री ने जिले में शासन की सभी महत्वकांक्षी योजनाओं को धरातल पर मूल रूप में एवं त्वरित क्रियान्वयन पर जोर देने की बात कही। राजस्व मंत्री ने जिले में किसी भी प्रकार से असामाजिक तत्वों की बढ़ रही गतिविधियों पर अंकुश लगाने एवं पारदर्शिता के साथ कार्यो का निष्पादन करने हेतु निर्देश दिए। इस अवसर पर कोरबा अतिरिक्त जिलाधीश विजेंद्र पाटले एवं कोरबा अनुविभागीय अधिकारी हरिशंकर पैकरा भी मौजूद रहे।












सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403